सूर्योदय 6:33 सूर्यास्त 6:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.0 न्यू | 24.0 अधि |
| धर्मशाला | 13.0 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74,563.92 |
| निफ्टी | 23,151.10 |
| सोना 1,62,210 | चांदी 2,79,900 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 14 मार्च 2026 | 1 चैत्र, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 74, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### आज सीयू के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे उपराष्ट्रपति

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शनिवार को हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के नौवें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान वह देवभूमि हिमाचल में शक्तिपीठों की धरती कांगड़ा के प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री चांमुडा मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे। साथ ही देश सहित वीरभूमि हिमाचल प्रदेश के वीर बलिदानी योद्धाओं को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

- विस्तृत समाचार पेज 5 पर

### पीरियड्स में पेड लीव की याचिका खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को देशभर में महिला छात्रों और कामकाजी महिलाओं को पीरियड्स में पेड लीव देने की मांग वाली याचिका खारिज हो गई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ऐसी याचिकाएं अनजाने में महिलाओं के बारे में बनी रूढ़ियों को और मजबूत कर सकती हैं। यह कानून बनाया तो महिलाओं को कोई काम नहीं देगा, उनका करियर खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ये याचिकाएं डर पैदा करने के लिए, महिलाओं को हीन दिखवाने के लिए, यह जताने के लिए दायर की जाती हैं कि पीरियड्स उनके साथ होने वाली कोई बुरी चीज है। यह उनका पॉजिटिव राइट है, लेकिन उस नियोक्ता के बारे में सोचिए, जिसे पेड लीव देनी होगी। (अनंत ज्ञान)

### इंडिगो के एक विमान के लिए औसतन 8 पायलट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने संसद में बताया कि इंडिगो में पायलट-टू-एयरक्राफ्ट रेश्यो 7.6 है यानी एक विमान के लिए एवरेज 8 पायलट हैं। ये देश की अन्य घरेलू एयरलाइंस के मुकाबले सबसे कम है। यह जानकारी नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में लिखित जवाब में दी। दरअसल एक विमान दिन-भर में कई उड़ानें करता है और पायलटों को आराम भी देना होता है, इसलिए एक विमान के लिए कई पायलट होते हैं। आंकड़ों के मुताबिक सबसे ज्यादा अनुपात स्पाइसजेट में है। यहां हर एयरक्राफ्ट के लिए 9.4 पायलट का रेश्यो है। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रक्रिया में किया बदलाव

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब लाभार्थियों का चयन रैंडम लॉटरी के बजाय वेतन के आधार पर होगा। इसके लिए अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी ने फॉर्म आई-129 का नया सिस्टम बनाया है, जिसे 1 अप्रैल 2026 से अनिवार्य कर दिया जाएगा। कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल याचिका में नौकरी से जुड़ी जानकारी देनी होगी। इससे पहले की तुलना में ज्यादा अनुभवी और हाई सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स को वीजा मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। नए सिस्टम में आवेदकों को चार वेतन स्तरों में बांटा जाएगा। जिस पद का वेतन स्तर जितना ऊंचा होगा, चयन प्रक्रिया में उसे उतने अधिक मौके मिलेंगे। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- पंजाब के वित्त मंत्री को सोचकर बयान देना चाहिए: मुख्यमंत्री -पेज 3
- 1.30 करोड़ रुपए से चमक रही जालग की सड़कें: गोमा -पेज 4
- चौकीमन्यार में लाखों के सोने चांदी के गहने ले उड़े चोर -पेज 10
- केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन -पेज 11

# शुद्ध पेयजल पर खर्च होंगे 2000 करोड़ रुपए : सीएम

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने बंगाणा को डीएसपी ऑफिस और सब-जज कोर्ट का दिया तोहफा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बंगाणा/ऊना।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को जिला ऊना के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान बंगाणा में जनसभा में कहा कि प्रदेश में शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए 2000 करोड़ खर्च होंगे। मुख्यमंत्री ने बंगाणा में डीएसपी ऑफिस और सब-जज कोर्ट खोलने की घोषणा भी की। उन्होंने रैनसरी और लठियाणी में पीएचसी खोलने की घोषणा करते हुए कहा कि समारोह में उपस्थित महिला मंडलों को 25-25 हजार रुपए प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और अगले वित्त वर्ष से आधुनिक तकनीक से पानी को साफ करने पर दो हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, ताकि प्रदेश के लोग स्वस्थ और बीमारियों से भी दूर रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा अपने क्षेत्र के लोगों के काम करवाने के लिए सबसे ज्यादा आवेदन लेकर सचिवालय में आते हैं और लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करते हैं। यह उनका सेवा भाव है और अपने क्षेत्र के लिए हमेशा समर्पण के साथ कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि 32 साल बाद कुटलैहड़ से कांग्रेस का विधायक बना, लेकिन पूर्व विधायक अपने टेंडरों की बात करने मेरे पास आते थे। कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर जीतने के बावजूद उन्होंने कांग्रेस पार्टी के साथ धोखा किया क्योंकि उनकी नीयत ठीक नहीं थी। उन्होंने कहा कि ईमानदारी कभी भी हार नहीं सकती है और विवेक शर्मा उसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विवेक शर्मा गुणवान भी हैं और भाग्यवान भी हैं। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ की जनता विवेक शर्मा को हमेशा आशीर्वाद देती है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में आपदा के दौरान वह स्वयं और उपमुख्यमंत्री ग्राउंड जीरो पर रहे और प्रभावित परिवारों की मदद की। उन्होंने कहा कि 23 हजार प्रभावित परिवारों को फिर से बसाने और फंसे हुए 75 हजार पर्यटकों को सुरक्षित घर पहुंचाने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की थी। आर्थिक तंगी के बावजूद आपदा प्रभावित परिवारों को फिर से बसाने के लिए राज्य सरकार ने सभी नियम बदल दिए। घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने पर पहले डेढ़ लाख रुपए मिलने वाली सहायता को राज्य सरकार ने बढ़ाकर सात लाख रुपए किया।' सीएम सुक्खू ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र दयनीय हालत में था लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार इस क्षेत्र में निरंतर सुधार कर रही है। उन्होंने कहा कि हम मेडिकल टेक्नोलॉजी को अपग्रेड कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेजों में सुधार कर रहे हैं।



मंच पर सीएम सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश एवं अन्य कांग्रेस नेता। अनंत ज्ञान

### कहा- भाजपा हिमाचल के हितों की विरोधी

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने चुनाव जीतने के लिए जनता का पैसा लुटा दिया। उन्होंने कहा, 'अपने मित्रों की झोली भरने के लिए पूर्व भाजपा सरकार ने एक हजार करोड़ रुपए के भवन बना दिए, जो खाली पड़े हैं।' भाजपा हिमाचल के हितों की विरोधी है। सीएम ने कहा कि अब हिमाचल के लोगों का आरडीजी के रूप में मिलने वाली आर्थिक सहायता का संवैधानिक अधिकार भी छीन लिया गया है। आरडीजी पर विधानसभा सत्र के दौरान भाजपा के विधायक आरडीजी के पक्ष में खड़े नहीं हुए, जो प्रदेश के लोगों का अधिकार है। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार को 54 हजार करोड़ रुपए आरडीजी तथा 16 हजार करोड़ रुपए जीएसटी कंपनसेशन के रुप में कुल 70 हजार करोड़ रुपए मिले, जबकि वर्तमान सरकार को 17 हजार करोड़ रुपए आरडीजी ही मिली।

### मई में पूरे प्रदेश में एक साथ होंगे पंचायत चुनाव

**ऊना।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऊना जिले के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान कहा कि मई महीने में पूरे प्रदेश में एक साथ पंचायत चुनाव करवाए जाएंगे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में पहले पंचायत चुनाव अलग-अलग समय पर करवाए जाते थे। इसका मुख्य कारण प्रदेश के कई पहाड़ी क्षेत्रों में होने वाली भारी बर्फबारी थी, जिससे एक ही समय पर चुनाव करवाना कठिन हो जाता था। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस बार परिस्थितियां अनुकूल हैं और चुनाव गर्मियों के मौसम में करवाए जाएंगे। मई महीने में मौसम सामान्य रहने के कारण प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ मतदान करवाना संभव होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं और चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण तथा व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने यह भी कहा कि एक साथ चुनाव करवाने से प्रशासनिक व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी और समय व संसाधनों की भी बचत होगी। उन्होंने भरोसा जताया कि पंचायत चुनाव लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करेंगे और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सरकार का लक्ष्य है कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न हों, ताकि पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों का सही चयन हो सके।

### परीक्षा केंद्र समन्वयक, अधीक्षक और उपाधीक्षक के खिलाफ जांच शुरू

## सामूहिक नकल पर जवाली परीक्षा केंद्र रद्द

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने परीक्षाओं की शुचिता से खिलवाड़ करने वाले जवाली परीक्षा केंद्र पर सर्जिकल स्ट्राइक की है। कांगड़ा जिला के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जवाली में सामूहिक नकल की शिकायतों और साक्ष्यों के आधार पर बोर्ड ने सख्त कदम उठाते परीक्षा केंद्र को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। अब यहां के परीक्षार्थी शेष परीक्षाएं निकटवर्ती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मतलाहर में देंगे। वहीं, केंद्र पर तैनात समन्वयक, केंद्र अधीक्षक और उपाधीक्षक के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। बोर्ड ने शिक्षा निदेशक (शिमला) को पत्र लिखकर इनके विरुद्ध उदाहरणात्मक कार्रवाई करने का कड़ा अनुरोध किया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि जवाली स्कूल में चल रही परीक्षाओं के दौरान गंभीर अनियमितताओं की शिकायत मिली थी। शिकायत के साथ कुछ वीडियो क्लिप भी बोर्ड को प्राप्त हुए हैं। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि परीक्षा हॉल में तैनात एक शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर बोलकर बताए जा रहे थे। यह सीधे तौर पर सामूहिक नकल का मामला है, जो बोर्ड की गरिमा पर सवालिया निशान लगाता है।

डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षाओं की पवित्रता बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। परीक्षा प्रक्रिया में बाधा डालने या अनुचित साधनों का प्रयोग करवाने वाली किसी भी गतिविधि के प्रति बोर्ड की जीरो टॉलरेंस की नीति रहेगी।

### एसडीएम जवाली करेंगे विस्तृत जांच

**मामले** की गंभीरता को देखते हुए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने स्थानीय प्रशासन को मोर्चे पर लगा दिया है। एसडीएम जवाली को पूरे प्रकरण की गहनता से जांच करने और जल्द से जल्द विस्तृत रिपोर्ट बोर्ड मुख्यालय को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। बोर्ड का मानना है कि इस तरह की घटनाएं अन्य ईमानदार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं।

# देश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं : केंद्र

## एलपीजी को लेकर जताई चिंता, रोजाना बुक हो रहे 75.7 लाख गैस सिलेंडर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और ईरान की तरफ से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद किए जाने के कारण ग्लोबल एनर्जी सप्लाई पर दबाव बढ़ने के बीच भारत सरकार ने शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन अवग-अलग मंत्रालयों की ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सरकार ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है, लेकिन स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से एलपीजी हमारे लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

सरकार ने बताया कि ईरान जंग के कारण देश में गैस बुकिंग की संख्या में लगभग 20 लाख की बढ़ोतरी हुई है। सरकार की तरफ से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ज्वाइंट सेक्रेटरी



(मार्केटिंग एवं ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने बताया कि जंग से पहले हर रोज औसतन 55.7 लाख सिलेंडरों की बुकिंग होती थी। अभी एक दिन में लगभग 75.7 लाख गैस बुकिंग हो रही है। सरकार ने कहा कि जंग के माहौल के बीच एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग में अचानक बढ़ोतरी देखी गई है। यह लोगों के बीच घबराहट के कारण हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

### एलपीजी संकट पर विपक्ष ने संसद में की नारेबाजी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के 5वें दिन भी विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। विपक्ष ने पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने 8 निलंबित सांसदों की वापसी की मांग भी की। इस पर स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा- सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो यही एक्शन होगा। लोकसभा में हंगामे का कारण पहले 12 बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके बाद दूसरी बार 2 बजे तक फिर से कार्यवाही स्थगित की गई। 2 बजे शुरू हुई कार्यवाही भी केवल 1 घंटा चली। इसके बाद लोकसभा को 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

◆ **मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने का नोटिस भी दिया**

### मुश्किल में विपक्ष को देना चाहिए साथ : सीतारमण

**लोकसभा** में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि विदेशों में हो रहे घटनाक्रम के कारण हमारे देश में कुछ मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। सरकार जरूरी फंड मुहैया कराने और पूरी तरह तैयार रहने के लिए कदम उठा रही है। ऐसे समय में विपक्ष को सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना चाहिए, लेकिन वह गैर-जिम्मेदाराना हरकत कर रहा है।

## बिजली परियोजनाओं से लैंड रेवेन्यू का मामला पहुंचा कोर्ट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जल विद्युत परियोजनाओं पर लगाए गए लैंड रेवेन्यू को लेकर विवाद अब न्यायालय की चौखट तक पहुंच गया है। प्रदेश में संचालित कई बिजली परियोजना कंपनियों और डेवलपर्स ने राज्य सरकार के इस फैसले को चुनौती देते हुए हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। अदालत ने मामले की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

◆ **अधिसूचना को चुनौती सरकार से जवाब तलब**

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सरकार द्वारा बिजली परियोजनाओं की भूमि पर लैंड रेवेन्यू लगाने का निर्णय उद्योग के लिए अतिरिक्त वित्तीय बोझ पैदा करेगा और इससे परियोजनाओं के संचालन तथा भविष्य के निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। दरअसल प्रदेश सरकार ने हाल ही में एक अधिसूचना जारी कर जल विद्युत परियोजनाओं द्वारा उपयोग की जा रही भूमि पर एक से दो प्रतिशत तक भू-राजस्व लगाने का प्रावधान किया है। सरकार का तर्क है कि राज्य के प्राकृतिक संसाधनों और भूमि के उपयोग के बदले यह राजस्व वसूलना आवश्यक है, जिससे प्रदेश की आय में बढ़ोतरी होगी और वित्तीय स्थिति को मजबूती मिलेगी। वहीं परियोजना कंपनियों का कहना है कि इस तरह का नया राजस्व प्रावधान पूर्व में तय शर्तों के विपरीत है और इससे ऊर्जा क्षेत्र में निवेश का माहौल प्रभावित हो सकता है। अब इस मामले में हाईकोर्ट में होने वाली अगली सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं, जहां राज्य सरकार को अपना पक्ष स्पष्ट करना होगा।

# निवेशकों के 9 .88 लाख करोड़ रुपए डूबे

## सेंसेक्स में 1,470.50 अंक की गिरावट, निफ्टी 488.05 अंक टूटा

**एजेंसी, मुंबई**

घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी दिन शुक्रवार को बड़ी गिरावट देखी गई। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में मामूली सुधार होता हुआ भी नजर आया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली शुरू हो गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.93 प्रतिशत और निफ्टी 2.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

पिछले तीन दिन से लगातार जारी कमजोरी के कारण इन तीन दिनों में सेंसेक्स 3,642.06 अंक और निफ्टी 1,110.50 अंक टूट चुके हैं। शुक्रवार को लगातार हो रही बिकवाली के कारण सेंसेक्स 1,470.50 अंक की गिरावट के साथ 74,563.92 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 488.05 अंक की कमजोरी के साथ 23,151.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ।



◆ **तीन दिन में सेंसेक्स में 3,642 और निफ्टी में 1,110 अंक की गिरावट**

शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब दस लाख करोड़ रुपए की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 430.18 लाख करोड़ रुपए हो गया और निवेशकों को करीब 9.88 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो गया। (अनंत ज्ञान)

# भारत हमारा दोस्त, होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित रास्ता देंगे : ईरान

**एजेंसी, तेहरान**

◆ **राजदूत फतहाली बोले- एक दूसरे की मदद करें दोनों देश**

भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि ईरान भारत को सुरक्षित रास्ता देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत और ईरान के बीच दोस्ताना संबंध हैं। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान उनसे सवाल पूछा गया कि क्या ईरान भारत को होर्मुज स्ट्रेट में रास्ता देगा। इस पर फतहाली ने कहा, 'हां, क्योंकि भारत हमारा दोस्त है। आप दो-तीन घंटे में ऐसा होते देखेंगे।'



उनके मुताबिक भारत और ईरान के बीच लंबे समय से सहयोग और विश्वास का रिश्ता रहा है। मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि भारत और ईरान को एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय स्तर पर साझा हित हैं। फतहाली ने कहा कि भारत सरकार ने कई मौकों पर ईरान की मदद की है और ईरान को भी भारत के साथ सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि ईरान के उच्च अधिकारियों ने भारत में स्थित ईरानी दूतावास को निर्देश दिए हैं कि दोनों देशों की सरकारों के बीच सहयोग बढ़ाने का रास्ता तैयार किया जाए। वहीं ओमान के सोहर प्रांत में ड्रोन गिरने से दो भारतीय कामगारों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुरक्षा बलों ने एक ड्रोन को मार गिराया था, जिसके बाद उसका मलबा गिरने से यह हादसा हुआ। (अनंत ज्ञान)

**सुविधा** एम्स बिलासपुर में पहली बार हाई-टेक आपदा चिकित्सा इकाई होगी स्थापित

# आपदा के समय मौके पर ही इलाज देगा 'भीष्म क्यूब'

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में आपदा और बड़े सड़क हादसों में घायलों को तुरंत उपचार देने के लिए अब एक नई व्यवस्था शुरू होने जा रही है। एम्स बिलासपुर में पहली बार 'भीष्म क्यूब' नाम की हाई-टेक आपदा चिकित्सा इकाई स्थापित करने की तैयारी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, यह अत्याधुनिक मोबाइल मेडिकल सिस्टम खास तौर पर प्राकृतिक आपदा, भूस्खलन, बस हादसों और अन्य बड़े दुर्घटनाओं के दौरान मौके पर ही तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विकसित किया गया है। विशेष बात यह है कि 'भीष्म क्यूब' कई छोटे-छोटे मॉड्यूलर क्यूब्स में तैयार किया गया होता है, जिन्हें जरूरत के अनुसार तुरंत जोड़कर मौके पर ही एक अस्थायी मिनी-अस्पताल तैयार किया जा सकता है।

इसमें प्राथमिक उपचार, जीवन रक्षक दवाएं, सर्जिकल उपकरण और आपातकालीन उपचार की पूरी व्यवस्था होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस तकनीक के माध्यम से एक साथ करीब 200 घायलों का प्रारंभिक उपचार शुरू किया जा सकता है। पहाड़ी क्षेत्रों में जहां अस्पताल दूर होते हैं, वहां यह सुविधा राहत और बचाव कार्यों को काफी तेज बना सकती है। बताया जा रहा है कि इस आपदा चिकित्सा



प्रणाली को सड़क, हवाई मार्ग या ड्रोन के माध्यम से भी दुर्घटना स्थल तक पहुंचाया जा सकता है, जिससे दूरदराज के इलाकों में भी जल्दी उपचार संभव होगा। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े जानकारों के अनुसार यदि यह प्रणाली सफल रहती है तो भविष्य में हिमाचल के अन्य बड़े अस्पतालों में भी इस तरह की व्यवस्था शुरू की जा सकती है।

इस बारे में स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल्य ने कहा कि प्रदेश सरकार

अनंत ज्ञान स्पैशल

स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि एम्स बिलासपुर में 'भीष्म क्यूब' जैसी आधुनिक व्यवस्था शुरू होने से हिमाचल में आपदा प्रबंधन और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार का प्रयास है कि भविष्य में ऐसी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रदेश के अन्य बड़े चिकित्सा संस्थानों तक भी पहुंचाया जाए, ताकि लोगों को बेहतर और समय पर उपचार मिल सके।

### आखिर क्यों है जरूरी ?

**पहाड़ी** प्रदेश होने के कारण यहां अक्सर सड़क हादसे और प्राकृतिक आपदाएं होती रहती हैं, ऐसे में मौके पर ही त्वरित उपचार की व्यवस्था मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### 'भीष्म क्यूब' की खासियतें

**आपदा** और बड़े हादसों में तुरंत इस्तेमाल।

**मॉड्यूलर** सिस्टम, मौके पर बन सकता है मिनी अस्पताल।

**करीब** 200 घायलों के प्रारंभिक उपचार की क्षमता।

**सड़क,** हवाई मार्ग या ड्रोन से पहुंचाने की सुविधा।

# ईरान में 15 हजार ठिकानों पर किए हमले : यूएस

## अमेरिकी रक्षामंत्री पीट हेगसेथ बोले-ईरान की पूरी सैन्य क्षमता करेंगे खत्म

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया है कि अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान में 15 हजार से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी अभी जारी है। वर्जीनिया के आर्लिंगटन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हेगसेथ ने कहा कि अब ईरान और राजधानी तेहरान के ऊपर अब तक के सबसे ज्यादा हवाई हमले किए जाएंगे। ईरान की सैन्य क्षमता को खत्म किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### ईरान का अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर पर मिसाइल अटैक



**एजेंसी, तेहरान।** ईरान ने शुक्रवार को अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर अब्राहम लिंकन को भारी नुकसान पहुंचाने का बड़ा दावा किया है, जबकि अमेरिका ने इसे पूरी तरह खारिज कर दिया है। यह विवाद मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव और ईरान-अमेरिका संघर्ष के बीच सामने आया है। ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) नेवी ने दावा किया कि उसके बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों ने यूएसएस अब्राहम लिंकन पर सटीक हमला किया। आईआरजीसी मुख्यालय के बयान के अनुसार, यह हमला ओमान सागर में ईरान की समुद्री सीमा से लगभग 340 किलोमीटर दूर किया गया। ईरानी मीडिया ने बताया कि हमले के बाद अमेरिकी पोत और उसका स्ट्राइक ग्रुप इलाके से भाग गया। ईरान ने इसे अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन बताया है।

### अमेरिकी रिफ्यूलिंग विमान क्रैश, सभी छह सैनिकों की मौत

**एजेंसी, बगदाद।** पश्चिमी इराक में अमेरिकी एयरफोर्स का रिफ्यूलिंग विमान क्रैश हो गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक विमान में सवार सभी 6 सैनिकों की मौत हो गई है। इस घटना के बाद ईरान के साथ जारी युद्ध में मारे गए अमेरिकी सैनिकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट को मिले 68 लाख के 19 प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक आज उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि ट्रस्ट को अब तक 19 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनकी अनुमानित लागत लगभग 68 लाख रुपये है। फरवरी 2026 तक ट्रस्ट के पास कुल 2 करोड़ 84 लाख रुपए की राशि एकत्रित हो चुकी है। उपायुक्त ने सभी प्रस्तावों की दोबारा समीक्षा करने और उनके फील्ड वेरिफिकेशन को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफ ट्रस्ट का उद्देश्य खनन गतिविधियों से प्रभावित क्षेत्रों और लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देना है। सरकार द्वारा माइनिंग प्रभावित क्षेत्र की सीमा बढ़ाकर प्रत्यक्ष रूप से 15 किलोमीटर तथा अप्रत्यक्ष रूप से 15 से 25 किलोमीटर तक कर दी गई है। इस निधि का उपयोग पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा अन्य विकास कार्यों के लिए किया जाता है।

### शिमला में 'कंज्यूमर अवेयरनेस भारत यात्रा' का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 2026 के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो की परवाणू शाखा द्वारा इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) शिमला में 'कंज्यूमर अवेयरनेस भारत यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीसीआईएस (भारत का उपभोक्ता संघ) द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य लोगों को उपभोक्ता अधिकारों, उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षित मानकों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर उपभोक्ता जागरूकता से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान परवाणू शाखा कार्यालय के निदेशक एवं प्रमुख एससी नायक तथा निदेशक एवं वैज्ञानिक-ई शिव प्रकाश ने उपभोक्ताओं को किसी भी उत्पाद की खरीद से पहले आईएसआई मार्क, हॉलमार्क सहित अन्य मानक चिह्नों की जांच करने की सलाह दी। वहीं सीसीआईएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनंत शर्मा ने प्रतिभागियों को एमआरपी, उपभोक्ता शिकायत प्रणाली, हॉलमार्किंग तथा उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित जानकारी देते हुए उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने समाज में उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

### पेंशनरों को साइबर फ्रॉड से बचाने के दिए टिप्स



शिमला में पेंशन अदालत और जागरूकता शिविर। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** दूरसंचार विभाग भारत सरकार के कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा द्वारा विभाग तथा बीएसएनएल के पेंशनरों के लिए त्रैमासिक पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पेंशनरों को सुरक्षित बैंकिंग और वित्तीय लेन-देन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक कालीबाड़ी शाखा के सहयोग से वित्तीय जागरूकता शिविर भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नियंत्रक संचार लेखा हिमाचल प्रदेश दीपक कुमार ने की, जिसमें पेंशनरों को साइबर ठगी से बचाव के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। पेंशन अदालत के दौरान पेंशनरों से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई और उन्होंने पेंशन संबंधी लाभों के समयबद्ध निपटान तथा शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पेंशनरों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर तथा रक्त जांच शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### आयुष ग्राम मेले की सभी तैयारियां पूरीं

**अनंत ज्ञान, आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत दत्तनगर में आयुष विभाग के सौजन्य से 17 मार्च को लगने वाले आयुष ग्राम मेले को लेकर सभी तैयारियां विभाग ने पूरी कर ली गयी है। इस मेले को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। यह आयोजन ग्राम पंचायत भवन दत्तनगर में सुबह 10:30 बजे से सायं 4:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस क्षेत्र में इस प्रकार के मेले का पहली बार आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य लोगों को पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से जोड़ने के साथ-साथ औषधीय पौधों की खेती के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है। मेले में विशेषज्ञों द्वारा अश्वगंधा, गिलोय, तुलसी और एलोवेरा जैसे औषधीय पौधों की व्यावसायिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। किसानों और बागवानों को बताया जाएगा कि वे इन पौधों की वैज्ञानिक तरीके से खेती कर अपनी आय में कैसे वृद्धि कर सकते हैं। रामपुर उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोहिणी ने बताया कि मेले के दौरान आयुष विभाग के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा सामान्य रोगों के साथ-साथ पुरानी बीमारियों के लिए भी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श और दवाइयां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों को घर पर औषधीय वाटिका तैयार करने के लिए तैयार पौधे भी निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेले में स्वस्थ जीवन के लिए योग सत्र, जड़ी-बूटियों की पहचान से संबंधित विशेष स्टॉल और औषधीय पौधों की जानकारी देने वाली प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

### विजिलेंस ब्यूरो को आरटीआई से बाहर करना असंवैधानिक निर्णय : रणधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं विधायक रणधीर शर्मा ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को सूचना का अधिकार अधिनियम के दायरे से बाहर करने के फैसले को असंवैधानिक और तानाशाहीपूर्ण करार दिया है। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 संसद द्वारा पारित कानून है और इसमें बदलाव करने का अधिकार राज्य सरकार को नहीं है। उनका कहना है कि यह कानून प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया था, लेकिन राज्य सरकार के इस कदम से इसकी मूल भावना को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। रणधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार विजिलेंस ब्यूरो को आरटीआई से बाहर कर भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों को सार्वजनिक होने से रोकना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस निर्णय का कड़ा विरोध करती है और सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की मांग करती है। उनका कहना है कि लोकतंत्र में पारदर्शिता सर्वोपरि है और जनता को शासन से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार किसी भी परिस्थिति में छीना नहीं जा सकता।

# शिमला में पीने के पानी पर गहराया संकट

## डेढ़ माह से सूखे की मार, बादल आते हैं पर बरसते नहीं

अनंत ज्ञान

◆ पीने के पानी से खेतों की सिंचाई, हालात और बिगड़ रहे

◆ विभाग की निगरानी के बावजूद नहीं थम रही मनमानी




**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला शिमला पानी को लेकर हालात कुछ ऐसे बनते दिखाई दे रहे हैं मानो प्यास व परेशानी की दास्तान हर गांव हर बस्ती की जुबान पर आ गई हो। करीब डेढ़ माह से आसमान में बादलों की आवाजाही तो जारी है, मगर बरसात की एक बूंद भी जमीन तक नहीं पहुंच रही। सूखे की यह लंबी खामोशी अब लोगों के सब्र का इम्तिहान लेने लगी है। जलस्रोत धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहे हैं और हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि कई स्थानों पर लोगों को पीने के पानी के लिए भी मशक्कत करनी पड़ रही है। पहाड़ी इलाकों में पानी की हर बूंद की अहमियत होती है, मगर मौजूदा हालात में यह नेमत भी लोगों के लिए मुश्किल से नसीब हो रही है।

जानकारी के अनुसार स्थिति को और नाजुक बना देने वाली बात यह है कि कुछ स्थानों पर पीने के पानी का इस्तेमाल खेतों की सिंचाई के लिए किया जा रहा है। रात के समय बहते पानी को खेतों की ओर मोड़ दिया जाता है, जिससे सुबह तक कई बस्तियों में पानी की आपूर्ति कमजोर पड़ जाती है। ऐसे में वे परिवार सबसे अधिक परेशानी झेलते हैं जो पूरी तरह इसी व्यवस्था पर निर्भर हैं और जिन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी पानी जुटाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जिला शिमला के कोटखाई क्षेत्र में इस तरह की शिकायतें सबसे अधिक सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर कुछ व्यक्तियों ने पाइप लाइनों पर अवैध तरीके से कनेक्शन लगाकर पानी को अपने खेतों की ओर मोड़ दिया है। कई जगह स्थायी रूप से पाइप डालकर पेयजल को सिंचाई के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे नीचे बसे गांवों में पानी की आपूर्ति और कमजोर पड़ रही है। इस संबंध में जल आपूर्ति से जुड़े विभाग के पास लगातार शिकायतें भी पहुंच रही हैं।

### विभाग कर रहा निगरानी, फिर भी जारी मनमानी

**विभागीय** अधिकारियों का कहना है कि प्राप्त शिकायतों के आधार पर कई स्थानों पर निगरानी बढ़ाई गई है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। इसके बावजूद कुछ लोग अपनी सुविधा और पहुंच के बल पर नियमों की अनदेखी करते हुए मनमाने ढंग से पानी का उपयोग कर रहे हैं। विभाग ने लोगों से अपील की है कि मौजूदा सूखे की स्थिति को देखते हुए पीने के पानी का इस्तेमाल केवल आवश्यक जरूरतों के लिए ही करें, ताकि सभी को समान रूप से पानी उपलब्ध हो सके और संकट की यह घड़ी कुछ हद तक आसान बन सके।

## वेतन न मिलने से नाराज सफाई मजदूरों की हड़ताल जारी

# दूसरे दिन भी नहीं उठा शहर का कूड़ा



रामपुर बुशहर में हड़ताल के कारण सड़कों और बाजारों में जमा कूड़े के ढेर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** नगर परिषद रामपुर बुशहर में कार्यरत ठेका सफाई मजदूरों की हड़ताल शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। फरवरी माह का वेतन समय पर न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने नगर परिषद प्रबंधन और ठेकेदार के खिलाफ रोष जताते हुए काम बंद रखा। सफाई कार्य ठप रहने के कारण शहर के बाजारों, गलियों तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-05 के किनारे जगह-जगह कूड़े के ढेर जमा होने लगे हैं, जिससे स्थानीय लोगों और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मजदूर यूनियन का कहना है कि जब तक फरवरी माह का बकाया वेतन जारी नहीं किया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। यूनियन नेताओं का आरोप है कि नगर परिषद प्रबंधन और ठेकेदार की लापरवाही के कारण सफाई कर्मचारियों को समय पर भुगतान नहीं मिल रहा है, जबकि श्रम कानूनों के अनुसार मजदूरों को हर महीने की सात तारीख तक वेतन मिलना चाहिए। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनका वेतन जारी नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, वहीं शहर के लोगों में भी यह चर्चा है कि जब नगर परिषद नियमित रूप से कूड़ा उठाने का शुल्क वसूलती है तो सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन क्यों नहीं दिया जा रहा।

# जिला शिमला में बढ़े सड़क हादसे

## दो माह में 42 दुर्घटनाएं, 19 लोगों की मौत

अनंत ज्ञान

◆ अधिकांश हादसों में मानवीय लापरवाही आई सामने

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में सड़क दुर्घटनाओं को लेकर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें वर्ष 2026 के शुरुआती दो महीनों के हादसों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जनवरी और फरवरी के दौरान जिला में 42 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 19 लोगों की जान चली गई। इनमें से 11 लोग स्वयं वाहन चला रहे थे। अधिकारियों ने माना कि अधिकांश हादसों के पीछे मानवीय लापरवाही, तेज रफ्तार, गलत ओवरटेकिंग और नशे की हालत में वाहन चलाना मुख्य कारण बनकर सामने आए हैं।

बैठक के दौरान यह भी सामने आया कि बीते वर्षों की तुलना में वर्ष 2025 में दुर्घटनाओं की संख्या में कुछ कमी दर्ज की गई थी, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी हादसों का खतरा अधिक बना हुआ है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ओवरस्पीड, शराब के नशे में वाहन चलाना और लापरवाही से ओवरटेकिंग जैसी प्रवृत्तियां न केवल चालक बल्कि अन्य लोगों के जीवन को भी गंभीर खतरे में डाल देती हैं।

बैठक में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए आपदा मित्रों की भूमिका बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि आपदा मित्रों के मोबाइल नंबर और पते पुलिस तथा परिवहन विभाग के साथ साझा किए जाएं, ताकि सड़क दुर्घटना की स्थिति में तुरंत उनकी सहायता ली जा सके। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विश्व देव मोहन चौहान ने बताया कि जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान कर वहां सुधारात्मक कदम उठा रही है

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में ईकोक्रिटिसिज्म और आपदा प्रबंधन पर हुआ मंथन

◆ टिकाऊ भविष्य के लिए अंतःविषय दृष्टिकोण पर देशभर के विद्वानों ने रखे विचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, समर हिल स्थित दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र तथा जैव विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 13-14 मार्च को ईकोक्रिटिसिज्म और आपदा प्रबंधन एक टिकाऊ भविष्य के लिए अंतःविषय परिप्रेक्ष्य विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का सहयोग प्राप्त रहा। संगोष्ठी के मुख्यातिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विवेक भाटिया रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में पर्यावरणीय चुनौतियों और आपदा प्रबंधन के बीच समन्वित सोच की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि बदलते समय में प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना ही टिकाऊ विकास की कुंजी है। संगोष्ठी के संरक्षक के रूप में दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रोफेसर प्रदीप कुमार तथा संयोजक के रूप में जैव विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. आरके नेगी ने आयोजन का मार्गदर्शन किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम कुमारी और डॉ. पल्लवी भारद्वाज के नेतृत्व में संपन्न हुआ। देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्वानों, शोधार्थियों और प्राध्यापकों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# सोशल मीडिया आज के दौर में संगठन की सबसे प्रभावी ताकत : कर्ण नंदा

अनंत ज्ञान




कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा शिमला शहरी मंडल द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण शिविर में भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में सोशल मीडिया संगठन की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि सोशल मीडिया का सकारात्मक और जिम्मेदारी के साथ उपयोग करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की गतिविधियों की सही जानकारी लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को नमो ऐप के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह मंच प्रधानमंत्री की योजनाओं और पार्टी की गतिविधियों से सीधे जुड़ने का सशक्त माध्यम है। कर्ण नंदा ने सोशल मीडिया पर फैलने वाली फर्जी खबरों से सतर्क रहने और किसी भी सूचना को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करने की सलाह दी।

# एयरपोर्ट क्षेत्र में सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर मंथन

◆ एयरपोर्ट क्षेत्र में निर्माण व सुरक्षा व्यवस्थाओं पर कड़े निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** एयरपोर्ट पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था, कूड़ा एकत्रीकरण और पर्यावरणीय प्रबंधन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने एयरपोर्ट क्षेत्र से जुड़े पर्यावरणीय पहलुओं पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपायुक्त ने एयरपोर्ट के आसपास कूड़ा एकत्रीकरण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और सफाई प्रबंधन को बेहतर करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्थानीय पंचायतों तथा अन्य हितधारकों को शामिल कर आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखा जा सके।

बैठक में एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर के दायरे में भवन निर्माण के लिए एयरपोर्ट प्रबंधन से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होने के प्रावधान पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा एयरपोर्ट के समीप खतरनाक पेड़ों की कटाई-छंटाई तथा वन्यजीव गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने के लिए वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

# इंडो-यूएस ट्रेड डील पर युवा कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला

अनंत ज्ञान




पत्रकार वार्ता को संबोधित करते युवा कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को शिमला स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में केंद्र सरकार द्वारा की गई इंडो-यूएस ट्रेड डील को लेकर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यह समझौता देश की अर्थव्यवस्था, कृषि क्षेत्र और लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हरदीप सिंह पुरी और अनिल अंबानी के नाम कथित तौर पर एप्सटीन फाइल में सामने आए हैं, उसके बाद ही अमेरिका के साथ यह व्यापारिक समझौता किया गया, जिससे इसकी

उन्होंने कहा कि इस डील से अमेरिकी कंपनियों को भारतीय बाजार में खुली पहुंच मिल जाएगी, जिससे देश के छोटे उद्योगों पर संकट गहरा सकता है और किसानों को अपने उत्पाद कम कीमतों पर बेचने की मजबूरी झेलनी पड़ सकती है। पत्रकार वार्ता में युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता शुभ्रा जिंटा और प्रदेश महासचिव डॉ. रणजीत वर्मा ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते के तहत भारत को अपने उत्पादों पर लगभग 18 प्रतिशत शुल्क देना पड़ेगा, जबकि अमेरिका अपने उत्पाद भारत में बिना शुल्क के भेज सकेगा, जो पूरी तरह एकतरफा व्यवस्था है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों का आंकड़ा अमेरिका के साथ साझा किए जाने का आरोप गंभीर चिंता का विषय है और इससे देश की सुरक्षा तथा निजता पर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

# 15 अप्रैल को रिज मैदान पर होगा हिमाचल दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस को लेकर राजधानी शिमला में तैयारियां तेज हो गई हैं। 15 अप्रैल को ऐतिहासिक रिज मैदान पर हिमाचल दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समारोह की रूपरेखा और विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन का लक्ष्य है कि इस वर्ष का आयोजन अनुशासन, सांस्कृतिक रंग और जनभागीदारी के साथ एक यादगार रूप में सामने आए।

बैठक में जानकारी दी गई कि समारोह के दौरान आकर्षक परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शिमला पुलिस, यातायात पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड तथा आपदा मित्र दल भाग लेंगे। इन टुकड़ियों का पूर्वाभ्यास 11 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध लोक-संस्कृति और रंग-बिरंगी परंपराओं की झलक प्रस्तुत करेंगे। उपायुक्त ने समारोह स्थल पर साफ-सफाई, बैठने की समुचित व्यवस्था और आकर्षक सजावट सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय से समय सीमा के भीतर तैयारियां पूर्ण करने को कहा। बैठक में प्रशासन और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबाल प्रतियोगिता में जौहर दिखाएगी ताशील ठाकुर

अनंत ज्ञान



ताशील ठाकुर।

**ब्यूरो, शिमला।** जुन्गा तहसील की दूरदराज ग्राम पंचायत बलोग के नोहा गांव की मेधावी खिलाड़ी ताशील ठाकुर का सीनियर अंडर-21 आयु वर्ग की महिला वॉलीबाल राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 15 से 20 मार्च तक आयोजित होगी, जिसका आयोजन वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है। इससे पहले ताशील ने फरवरी माह में जिला कांगड़ा के शाहपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया था।

राज्य स्तर पर चयनित खिलाड़ियों के लिए जिला कुल्लू में एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया गया, जहां ताशील ने अनुशासन और समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। ताशील के राष्ट्रीय स्तर पर चयन से पूरे जुन्गा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके पिता राजेंद्र ठाकुर एक प्रगतिशील किसान हैं और माता गृहिणी हैं। वर्तमान में ताशील राजकीय डिग्री कॉलेज संजौली में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं और बचपन से ही खेलों में सक्रिय भाग लेकर कई जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपने विद्यालय का नाम रोशन कर चुकी हैं।

**कशमकश** तकनीक, आशंकाएं और विरोध के बीच उलझा मामला

# हिमाचल में स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ी खींचतान

अनंत ज्ञान



◆ देश के कई हिस्सों के साथ राज्य में भी सुनाई देने लगी विरोध की आहट

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** बिजली व्यवस्था को आधुनिक बनाने की कवायद के तहत प्रदेश भर में स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। मगर इसके साथ ही कई हिस्सों में विरोध और आशंकाओं की आवाजें भी उठने लगी हैं। कहीं लोग आशंकाएं जता रहे हैं तो कहीं पर विरोध के स्वर भी उभरते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी चर्चा में है कि तकनीकी बदलाव को लेकर उठ रहा यह विरोध आखिर कितना जायज है और इसके पीछे असल कारण क्या हैं।

जानकारी के अनुसार दरअसल सरकार की ओर से स्मार्ट मीटर को बिजली व्यवस्था में पारदर्शिता और आधुनिक तकनीक के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम बताया जा रहा है। सरकार का मानना है कि इससे उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत की सटीक जानकारी तुरंत मिल सकेगी और बिलिंग व्यवस्था भी अधिक पारदर्शी होगी। हालांकि कुछ स्थानों पर लोगों ने यह शिकायत भी उठाई है कि मीटर लगाने की प्रक्रिया और उससे जुड़ी जानकारियां लोगों तक स्पष्ट रूप से नहीं पहुंच पाईं। कई जगहों पर यह भी कहा जा रहा है कि जिस कंपनी को यह कार्य सौंपा गया है, उसकी कार्यशैली को लेकर भी लोगों में असमंजस बना हुआ है, जिससे भ्रम और असंतोष का माहौल पैदा हो रहा है।

इसी बीच कई क्षेत्रों से यह भी खबरें सामने आई हैं कि मीटर लगाने पहुंची टीमों का विरोध किया गया और कहीं-कहीं स्थिति तनावपूर्ण भी हो गई। प्रदेश के कुछ हिस्सों में तो विरोध इतना बढ़ गया कि नारेबाजी और धक्का-मुक्की जैसी घटनाएं भी सामने आईं। हिमाचल प्रदेश में भी कुछ स्थानों पर लोगों ने स्मार्ट मीटर को लेकर अपनी आपत्तियां जताई हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी नई तकनीक के लागू होने पर प्रारंभिक दौर में आशंकाएं और सवाल उठना स्वाभाविक होता है, लेकिन यदि संवाद और जागरूकता की कमी रह जाए तो वही स्थिति धीरे-धीरे विरोध का रूप भी ले सकती है।

### विरोध और तकनीक के बीच संतुलन की जरूरत

**प्रदेश** में भी सरकार की स्पष्ट नीति है कि स्मार्ट मीटर का यह अभियान अंतिम छोर तक पहुंचे और बिजली व्यवस्था को आधुनिक बनाया जाए। जिन कंपनियों को यह कार्य सौंपा गया है, वे सरकार की तय समय सीमा और दिशा-निर्देशों के तहत ही काम कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी उपभोक्ता को स्मार्ट मीटर से जुड़ी कोई समस्या या शंका है तो उसके समाधान के लिए शिकायत और जांच की व्यवस्था भी मौजूद है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि वास्तविक समस्याओं और अफवाहों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं की चिंताओं का समाधान भी हो और प्रदेश में बिजली व्यवस्था को आधुनिक बनाने की यह प्रक्रिया भी सुचारु रूप से आगे बढ़ सके।

# पेयजल स्त्रोतों की नियमित टेस्टिंग से गुणवत्ता पर होगा सख्त नियंत्रण

अनंत ज्ञान

◆ जल जीवन मिशन की योजनाओं में लाई जा रही तेजी

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन के तहत पेयजल स्त्रोतों की नियमित टेस्टिंग की व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा है। जिले में चिन्हित 3055 पेयजल स्त्रोतों की गुणवत्ता पर निगरानी बनाए रखने के लिए अब तक 18 हजार 985 पानी के सैंपल लिए जा चुके हैं।

इसके साथ ही 2536 गांवों में फील्ड टेस्ट किट भी उपलब्ध करवाई गई हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर भी पानी की जांच संभव हो सकेगी। नई व्यवस्था के तहत अब पेयजल स्त्रोतों की नियमित जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिससे समय रहते पानी की गुणवत्ता से जुड़ी समस्याओं का पता लगाकर समाधान किया जा सकेगा और लोगों तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था मजबूत होगी।

जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में कुल 264 पेयजल योजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से 203 योजनाएं भौतिक रूप से पूरी हो चुकी हैं, जबकि कई योजनाओं पर कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। हर घर जल योजना के तहत भी जिले में व्यापक प्रगति दर्ज की गई है और बड़ी संख्या में पंचायतों तथा गांवों को इस योजना के अंतर्गत प्रमाणित किया जा चुका है। जिले में कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन के तहत 1 लाख 72 हजार 266 कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं, जिससे पूरे जिले में शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित हो गया है। आगामी चरण में छोटी पेयजल योजनाओं को जल जीवन मिशन-2 के साथ जोड़े जाने की भी योजना है, ताकि योजनाओं के संचालन और प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# बंगाणा की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब, सीएम गद्गद्

## विधायक विवेक शर्मा की रैली के माध्यम से बढ़ी और ज्यादा लोकप्रियता, कुटलैहड़ की जनता ने दिया भरपूर आशीर्वाद

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा/राजेश ठाकुर, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बंगाणा में आयोजित विशाल जनसभा उस समय ऐतिहासिक बन गई जब हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ को देखकर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखबिंदर सिंह सुक्खू बड़े उत्साहित नजर आए। जनसभा में पहुंचे लोगों के उत्साह और समर्थन को देखकर मुख्यमंत्री सुक्खू ने मंच से ही कहा कि कुटलैहड़ की जनता ने जिस तरह विकास और जनसेवा की राजनीति को समर्थन दिया है, वह पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है।

सभास्थल पर सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था और देखते ही देखते मैदान खचाखच भर गया। जनसमूह के उत्साह को देखकर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भीड़ केवल एक सभा नहीं बल्कि विकास के प्रति जनता के विश्वास का प्रतीक है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य हर क्षेत्र का समान विकास करना है और कुटलैहड़ क्षेत्र के विकास के लिए भी कई महत्वपूर्ण योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।



जनसभा में उपस्थित मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, विधायक विवेक शर्मा व अन्य। अनंत ज्ञान

### विपक्ष के आरोपों पर विधायक विवेक शर्मा का करारा जवाब

**कुटलैहड़** के विधायक विवेक शर्मा ने बंगाणा की विशाल जनसभा के दौरान विपक्ष के आरोपों का करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग केवल राजनीतिक लाभ के लिए बयानबाजी कर रहे हैं, जबकि जनता सब कुछ देख और समझ रही है। जिन लोगों को जनता ने पहले मौका दिया था, उन्होंने क्षेत्र के विकास में ठोस कदम नहीं उठाए। आज वही लोग विकास कार्यों पर सवाल उठा रहे हैं, जो निराधार हैं। विधायक ने स्पष्ट किया कि उनकी राजनीति आरोप-प्रत्यारोप की नहीं, बल्कि विकास और जनसेवा की है। क्षेत्र में सड़कों, पेयजल योजनाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा उनकी असली ताकत है, और यही वजह है कि जनसभा में इतनी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। विवेक शर्मा ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में सरकार और स्थानीय जनता मिलकर कुटलैहड़ क्षेत्र को विकास के नए आयामों तक ले जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का प्यार और समर्थन क्षेत्र के विकास की दिशा में नई ऊर्जा देने वाला है और कुटलैहड़ जल्द विकास और प्रगति की नई मिसाल पेश करेगा।

उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग और जनप्रतिनिधियों की मेहनत से ही प्रदेश में विकास की गति तेज हो सकती है। बंगाणा की विशाल जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा की खुले मंच से सराहना करते हुए उनकी पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग पौने दो वर्षों के कार्यकाल में विधायक विवेक शर्मा ने क्षेत्र के विकास के लिए गंभीरता से काम किया है और जनता के बीच लगातार सक्रिय रहे हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि की असली ताकत जनता का विश्वास और समर्थन होता है, जो आज बंगाणा की इस विशाल जनसभा में साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक विवेक शर्मा ने क्षेत्र की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार विकास के लिए राजनीति नहीं बल्कि जनहित को प्राथमिकता देती है और इसी सोच के साथ कुटलैहड़ क्षेत्र में भी कई योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में क्षेत्र के विकास के लिए और भी कई बड़े कदम उठाए जाएंगे।

### कुटलैहड़ में विधायक विवेक शर्मा के पौने दो साल का शक्ति प्रदर्शन

**कुटलैहड़** की राजधानी बंगाणा में आयोजित जनसभा में विधायक विवेक शर्मा के पौने दो साल के कार्यकाल का जोरदार समर्थन देखने को मिला। हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने नारों और तालियों के साथ उनका स्वागत किया, जिससे यह सभा उनके लिए एक बड़े शक्ति प्रदर्शन के रूप में मानी जा रही है। जनता ने क्षेत्र में विकास कार्यों की गति और लंबित समस्याओं के समाधान के लिए शुरू किए गए प्रयासों की सराहना की। विधायक विवेक शर्मा ने अपने संबोधन में जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का समर्थन और आशीर्वाद उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता के भरोसे को बनाए रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है और कुटलैहड़ क्षेत्र के विकास के लिए वह लगातार काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने हमेशा विकास की राजनीति को समर्थन दिया है और भविष्य में भी मिलकर काम किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने 'भीम विचार पत्र' का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बंगाणा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग द्वारा प्रकाशित 'भीम विचार पत्र' का विमोचन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार, आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा, दिग्विजय मल्होत्रा तथा शालिनी और आयोग के सदस्य सचिव वरिंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

यह प्रकाशन अनुसूचित जाति वर्ग के संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आयोग द्वारा प्रकाशित एक अन्य विचार पत्र का भी विमोचन किया, जिसमें हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग का परिचय, उसके उद्देश्य तथा प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री ने आयोग के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# पंजाब के वित्त मंत्री को सोचकर बयान देना चाहिए : मुख्यमंत्री

अनंत ज्ञान

◆ हिमाचल में न तो किसी की पे रुकी और न ही पेंशन

**नादौन।** हिमाचल के कर्मचारियों व पेंशनर्स बारे पंजाब के वित्त मंत्री द्वारा दिया गया बयान कि हिमाचल में पे पेंशन के लाले पड़े हुए हैं, झूठा व दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्हें पहले पूरी जानकारी एकत्रित करनी चाहिए थी तब विधानसभा के पटल पर यह बयान देना चाहिए था। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन के सेरा विश्रामगृह में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए कही।



उन्होंने कहा कि हिमाचल में न तो किसी की सैलरी रुकी है और न किसी की पेंशन रुकी है। हमने ओपीएस लागू की है और पेंशनरों को ओपीएस दी जा रही है। विकास कार्य सुचारु रूप से चल रहे हैं। एक अन्य प्रश्न हिमाचल सरकार द्वारा लगाए गए एंटरी टैक्स को लेकर पंजाब सरकार द्वारा हिमाचल की गाड़ियों पर एंटरी टैक्स लगाए जाने के बयान पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि किसी प्रकार का कोई टैक्स राज्य को देखकर नहीं लगाया जाता है। प्रदेश में किसी प्रकार की गैस की जमाखोरी की अफवाहों में नहीं जाना है केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि गैस की कोई किल्लत नहीं होने दी जाएगी। गैस की सप्लाई केंद्र से आती है।

**जयराम ठाकुर अपने गुट की मजबूती के लिए कर रहे ब्यानबाजी:** पंचायत चुनावों बारे पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर द्वारा दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए हिमाचल में भाजपा के चार पांच गुट हैं पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर चाहते हैं कि वे भाजपा के सबसे बड़ा गुट बनाना चाहते हैं। और अपने गुट की मजबूती के लिए अखबारों में बने रहने के लिए इस तरह की ब्यानबाजी कर रहे हैं। उनके बयान का कोई अर्थ नहीं है।

# झूठ से हर दिन अपनी किरकिरी करवा रहे सीएम : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने बयानों से लगातार लोगों को गुमराह कर रहे हैं और झूठ बोलकर स्वयं ही हास्य का पात्र बन रहे हैं।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अब यह कह रहे हैं कि पंचायत चुनाव बच्चों की पढ़ाई को देखते हुए समय पर करवाए जा रहे हैं, जबकि सरकार ने उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में दिए गए अपने हलफनामों में कहीं भी इसका उल्लेख नहीं किया। पहले सरकार डिजास्टर प्रबंधन अधिनियम का हवाला देकर चुनाव टालती रही और अब नए तर्क दे रही है, जिससे सरकार की स्थिति स्पष्ट हो जाती है।

◆ पंचायत चुनाव में देरी और एंट्री फीस बढ़ोतरी को लेकर सरकार पर साधा निशाना

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिकांश पंचायतों का कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त हो गया था, इसके बावजूद सरकार चुनाव करवाने के बजाय बहाने खोजती रही। जब उच्च न्यायालय ने 30 अप्रैल तक चुनाव करवाने के निर्देश दिए तो सरकार सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गई और वहां भी देरी के तर्क देती रही।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में पंचायत चुनाव सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद हो रहे हैं, ऐसे में मुख्यमंत्री का यह कहना कि चुनाव समय पर हो रहे हैं, तथ्य से परे है। उन्होंने बाहरी वाहनों पर एंट्री फीस बढ़ाने को लेकर सरकार के तर्कों को भी हास्यास्पद बताते हुए मुख्यमंत्री से इस देरी के वास्तविक कारण प्रदेश की जनता के सामने स्पष्ट करने की मांग की।

# प्रदेश में रसोई गैस की आपूर्ति पर सरकार की नजर : मुख्य सचिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस के वैश्विक व्यापार पर पड़ रहे प्रभाव के बीच हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में एलपीजी गैस आपूर्ति की स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए रखी है। प्रदेश के मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि राज्य में रसोई गैस को लेकर स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है और इसे लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि सभी जिलों के उपायुक्तों, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा तेल कंपनियों को नियमित रूप से आपूर्ति की स्थिति की जानकारी देने और निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि केंद्र सरकार भी इस विषय को लेकर पूरी तरह गंभीर है और पेट्रोलियम मंत्रालय स्तर पर लगातार समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि घरेलू एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। साथ ही प्रदेश में उपलब्ध वाणिज्यिक गैस सिलैंडरों को होटल और खाद्य उद्योग से जुड़े प्रतिष्ठानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य और केंद्र सरकार दोनों स्तरों पर स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

# ऊना जिले के कोने-कोने तक पहुंचेगा पानी: मुकेश

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा/राजेश ठाकुर, बंगाणा।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ऊना जिला के हर कोने तक पानी पहुंचाने के लिए एक हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। माता चिंतपूर्णी मंदिर और आसपास की पंचायतों को पानी पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि चिंतपूर्णी मंदिर परिसर में सुविधाओं को अपग्रेड करने के लिए एक परियोजना पर काम चल रहा है, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ के लिए लगभग 47 करोड़ रुपए की पीने के पानी की परियोजना जल्द ही स्वीकृत की जाएगी।



जनसभा को संबोधित करते हुए मुकेश अग्निहोत्री। अनंत ज्ञान

पंजाब के वित्त मंत्री के बयान की निंदा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह अपना घर संभालें, क्योंकि पंजाब का कर्ज बढ़कर 4.50 लाख करोड़ रुपए हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बीबीएमबी को 4500 करोड़ रुपए हिमाचल को देने के निर्देश दिए हैं, लेकिन पंजाब ने अभी तक पैसा नहीं दिया। यही नहीं शानन परियोजना पर पंजाब ने कब्जा किया है। चंडीगढ़ में 7.16 प्रतिशत हिस्सा हमारा है, वो भी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश छोटा भाई है, लेकिन हमें अपने अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। उल्टे टिप्पणी हम पर की जा रही है। उन्होंने कहा, ''अगर हम बोल नहीं रहे तो पंजाब को कुछ भी बोलने का अधिकार नहीं है। हिमाचल पर उंगली उठाने से पहले पंजाब अपने गिरेबान में झांके। हम पहाड़ी जरूर हैं, लेकिन किसी से नहीं डरते।''

डिप्टी सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश के सभी कॉलेजों के लिए बराबर पैसा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल के लोगों को निरोगी रखने के लिए साफ पानी देना आवश्यक है जिसके लिए 2000 करोड़ रुपए की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ में एक भाजपा की बीजेपी है और दूसरी भुट्टो बीजेपी है और आने वाले समय में भी विवेक शर्मा का रास्ता साफ होता रहेगा। उन्होंने कहा कि विवेक शर्मा कुटलैहड़ की जनता के दुख-सुख के साथी हैं और अपने क्षेत्र के लिए रात-दिन मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ का भविष्य विधायक विवेक शर्मा के हाथ में सुरक्षित है।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री कुटलैहड़ नहीं आ पाते थे, जबकि आज सीएम सुक्खू कुटलैहड़ के प्रवास पर आए हैं। आज कुटलैहड़ की सड़कों के लिए राज्य सरकार पैसा दे रही है, ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर विधायक राकेश कालिया व सुदर्शन बबलू, राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान, पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य विजय डोगरा आदि उपस्थित थे।

# दो कार्यकाल से आरक्षित पंचायत सीटें अब होंगी अनारक्षित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज विभाग ने पंचायत चुनावों में आरक्षण व्यवस्था के रोटेशन को अधिक संतुलित और न्यायसंगत बनाने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (चुनाव) संशोधन नियम, 2026 का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। प्रस्तावित नियमों के अनुसार यदि किसी पंचायत सीट या पद को लगातार दो कार्यकाल तक किसी आरक्षित वर्ग के लिए रखा गया है, तो अगले चुनाव में उसे अनारक्षित (सामान्य) घोषित किया जाएगा। यह प्रावधान पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत प्रधान, पंचायत समिति अध्यक्ष और जिला परिषद अध्यक्ष जैसे पदों पर लागू होगा, ताकि एक ही वर्ग के लिए लंबे समय तक आरक्षण न बना रहे और अन्य वर्गों को भी प्रतिनिधित्व का अवसर मिल सके।

प्रदेश मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद जारी इस अधिसूचना के अनुसार इन प्रस्तावित नियमों पर आम जनता, संस्थाओं और संबंधित पक्षों से पांच दिनों के भीतर आपत्तियां और सुझाव मांगे गए हैं। इच्छुक व्यक्ति या संगठन अपने सुझाव लिखित रूप में निदेशक पंचायती राज, हिमाचल प्रदेश, एसडीए कॉम्प्लेक्स कुसुम्पटी, शिमला को भेज सकते हैं। हालांकि, यदि किसी सीट को अनारक्षित करने से किसी आरक्षित वर्ग का निर्धारित आरक्षण प्रतिशत प्रभावित होता है, तो उस स्थिति में यह प्रावधान लागू नहीं किया जाएगा।

# हिमाचल की सियासत में मची नई हलचल

अनंत ज्ञान

◆ तीसरे मोर्चे की तैयारी के बीच दिल्ली में डिनर मीटिंग से नए राजनीतिक समीकरणों की चर्चा तेज

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल की राजनीति में इन दिनों हलचल तेज हो गई है। सत्तापक्ष और विपक्ष की पारंपरिक धुरी के बीच एक ओर जहां तीसरे मोर्चे की चर्चा जोर पकड़ रही है, वहीं दिल्ली में हुई एक रहस्यमयी डिनर मुलाकात ने सियासी तापमान और बढ़ा दिया है।

सूत्रों के अनुसार प्रदेश में तीसरे मोर्चे के गठन की कवायद अंदरखाने तेजी से चल रही है। अलग-अलग जिलों में नेताओं और समर्थकों के बीच समन्वय बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। कई जिलों में शुरुआती दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है, जबकि कुछ स्थानों पर अभी भी संवाद जारी है।

बताया जा रहा है कि इन प्रयासों को अंतिम रूप देने के बाद शिमला में संभावित मोर्चे की औपचारिक घोषणा की जा सकती है। इसी बीच एक और सियासी घटनाक्रम चर्चा में है। बताया जा रहा है कि दिल्ली में हाल ही में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के आवास पर कांग्रेस के तीन प्रभावशाली नेताओं की अनौपचारिक डिनर मुलाकात हुई। इसके बाद से प्रदेश की राजनीतिक फिजा में नई अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं।

राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक यह मुलाकात महज शिष्टाचार भेंट नहीं हो सकती, बल्कि संभावित राजनीतिक विकल्पों को टटोलने की कोशिश भी मानी जा रही है। हालांकि इस संबंध में किसी भी पक्ष की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक पर्यवेक्षक इसे प्रदेश की बदलती सियासी तस्वीर का संकेत मान रहे हैं।

### प्रदेश की सियासी फिजा बदलने के संकेत

**कुल**-मिलाकर हिमाचल की राजनीति इन दिनों दो समानांतर हलचलों से गुजरती दिखाई दे रही है। एक तरफ तीसरे मोर्चे की जमीन तैयार करने की कोशिशें जारी हैं, तो दूसरी ओर दिल्ली की डिनर कूटनीति ने यह संकेत भी दे दिया है कि आने वाले दिनों में राजनीतिक पाले बदलने या नए समीकरण बनने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि ये सियासी हलचलें आखिर किस दिशा में जाती हैं और प्रदेश की राजनीति में कौन-सा नया अध्याय लिखती हैं।

# हिमाचल के कई हिस्सों में बारिश बर्फबारी से लुढ़का तापमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम ने करवट ले ली है बाकायदा ऊंचाई वाले कई इलाकों में बारिश और बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। लाहौल-स्पीति के हंसा में करीब 10 सेंटीमीटर और कोकसर में लगभग 2.5 सेंटीमीटर ताजा बर्फबारी दर्ज की गई, जबकि चंबा जिले में सबसे अधिक 7.0 मिलीमीटर और कुकुमसेरी में 6.8 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। इसके अलावा जोत में 6.0 मिलीमीटर, सराहन में 5.5, केलांग में 5.0, सियोबाग में 4.6 और सलूणी में 4.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम में आए इस बदलाव के बाद प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

◆ 15 मार्च को प्रदेशभर में तेज बारिश-बर्फबारी के आसार कई जिलों में येलो अलर्ट जारी

मौसम विभाग के अनुसार 15 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ के अधिक सक्रिय होने से प्रदेशभर में बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों के लिए आंधी-तूफान का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। 16 और 17 मार्च को मौसम थोड़ा शांत रहने के आसार हैं, जबकि 18 और 19 मार्च को फिर से बारिश और बर्फबारी का दौर तेज होने की संभावना जताई गई है। हालांकि राजधानी शिमला का अधिकतम तापमान करीब 23.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि धर्मशाला में यह 27 डिग्री और मनाली में 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान ऊना में करीब 32.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि सबसे कम तापमान ताबो में 7.3 डिग्री की गिरावट के बाद माइनस 2.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

# लोकसभा में उठा सोलन-संगड़ाह शिलाई मार्ग के उन्नयन का मुद्दा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने लोकसभा में नियम 377 के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के सिरमौर, सोलन और शिमला जिलों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण सोलन-संगड़ाह-शिलाई मार्ग की खराब स्थिति का मुद्दा उठाते हुए इसके चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और आधुनिक सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-105 से जुड़ने वाला यह लगभग 128 किलोमीटर लंबा मार्ग सोलन से शिलाई तक जाता है और राजगढ़, संगड़ाह तथा शिलाई क्षेत्रों से होकर गुजरते हुए क्षेत्र के लिए एक प्रमुख संपर्क मार्ग की भूमिका निभाता है।

◆ दुर्घटनाओं को देखते हुए चौड़ीकरण व आधुनिक सुरक्षा उपायों की मांग

सांसद ने बताया कि वर्तमान में यह मार्ग संकरा एकल लेन है, जहां तीखे मोड़, खड़ी ढलान और अपर्याप्त सुरक्षा प्रबंधों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। उन्होंने 9 जनवरी 2026 को हरिपुरधार क्षेत्र में हुई बस दुर्घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि लगभग 400 मीटर गहरी खाई में बस गिरने से 12 लोगों की मौत हुई थी, जिससे मार्ग की खतरनाक स्थिति उजागर हुई है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि क्षेत्र की भौगोलिक और सामाजिक-आर्थिक महत्ता को देखते हुए इस मार्ग के चौड़ीकरण और उन्नयन का कार्य शीघ्र आरंभ किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं में कमी आने के साथ क्षेत्र के विकास को भी गति मिल सके।

# हिमाचल की रेल परियोजनाओं पर राज्यसभा में उठे सवाल

अनंत ज्ञान

◆ राज्यसभा में केंद्र ने दी जानकारी, भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी व चंडीगढ़-बद्दी लाइन समेत कई प्रोजेक्ट प्रगति पर

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा नेता एवं सांसद हर्ष महाजन द्वारा राज्यसभा में राज्य की रेल परियोजनाओं को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्र सरकार ने विस्तृत जानकारी दी है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सदन को बताया कि प्रदेश में भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी, चंडीगढ़-बद्दी तथा अंब-अंदौरा रेल लाइन विस्तार जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है।

उन्होंने बताया कि नंगल डैम से दौलतपुर चौक तक 60 किलोमीटर रेलखंड का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि दौलतपुर चौक से मुकेरियां तक शेष खंड में वायाडक्ट, पुलों और अन्य संरचनात्मक कार्यों पर प्रगति जारी है। चंडीगढ़-बद्दी नई रेल लाइन परियोजना को लगभग 1540 करोड़ रुपए की लागत से मंजूरी दी गई है, जिसमें भूमि अधिग्रहण और आधारभूत ढांचे के कई कार्य पूरे हो चुके हैं।

रेल मंत्री ने यह भी बताया कि भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी नई रेल लाइन, जिसकी अनुमानित लागत 6753 करोड़ रुपए है, पर सुरंगों, पुलों और स्टेशन भवनों का निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं बिलासपुर-मनाली-लेह रेल परियोजना को रक्षा मंत्रालय ने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना के रूप में चिन्हित किया है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 1.31 लाख करोड़ रुपए है और इसमें बड़ी संख्या में लंबी सुरंगों का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त पठानकोट-जोगिंद्रनगर नैरोगेज रेल लाइन को ब्रॉडगेज में बदलने के लिए सर्वेक्षण स्वीकृत कर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

# पंचायत सचिव ने फंदा लगाकर दी जान

**अनंत ज्ञान, अंब।** अंब उपमंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत लोअर अंदौरा के वार्ड नंबर-3 में शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान बुद्धि प्रकाश (48) पुत्र कालीदास, निवासी लोअर अंदौरा के रूप में हुई है, जो गगरेट ब्लॉक में पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार बुद्धि प्रकाश किसी कार्य के सिलसिले में शिमला गए हुए थे और वीरवार शाम को ही घर लौटे थे। घर आने के बाद उन्होंने परिवार के साथ सामान्य रूप से भोजन किया और बातचीत करने के बाद सभी सोने चले गए। शुक्रवार सुबह परिवार के सदस्यों ने बुद्धि प्रकाश को घर के बाहर बने शैड में फंदे से लटका हुआ पाया। घटना के बाद परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

दिक्कत

## ढाबों पर लगे ताले, होटलों में लकड़ी के चूल्हे लगे जलने

# राजधानी शिमला में गैस संकट से थमी रसोइयां

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ठप पड़ने से पर्यटन नगरी की रसोइयों में असामान्य हालात पैदा हो गए हैं। लक्कड़ बाजार और मिडल बाजार जैसे व्यस्त इलाकों में कई ढाबों और छोटे होटलों को मजबूरन अपने प्रतिष्ठान बंद करने पड़े हैं, जबकि अनेक होटल संचालकों ने वर्षों पुराने लकड़ी के चूल्हे फिर से जला दिए हैं।



शिमला के एक होटल में गैस संकट के चलते लकड़ी के चूल्हे पर रोटियां सेंकते कर्मचारी।

प्रदेश की राजधानी होने के कारण शिमला में इस तरह की स्थिति ने पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों में बेचैनी पैदा कर दी है और बाजारों में भी अजीब सी खामोशी महसूस की जा रही है। कारोबारियों का कहना है कि तीन दिनों से व्यावसायिक सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही, जिसके कारण होटल और ढाबों की रसोइयां चलाना मुश्किल हो गया है।

शहर के कई होटल संचालकों ने बताया कि गैस की कमी के कारण अब लकड़ी के चूल्हों और विद्युत प्रेरित चूल्हों का सहारा लेना पड़ रहा है। कई स्थानों पर रोटियां और अन्य भोजन लकड़ी की आंच पर पकाए जा रहे हैं, जो वर्षों बाद फिर से दिखाई देने वाला दृश्य बन गया है। होटल संचालकों का कहना है कि लंबे समय तक पकने वाले व्यंजन फिलहाल बंद कर दिए गए हैं और केवल जल्दी तैयार होने वाले हल्के भोजन ही मेनू में रखे जा रहे हैं। कुछ ढाबों के बाहर तो ताले लटक गए हैं, क्योंकि बिना गैस के नियमित रसोई चलाना उनके लिए संभव नहीं रहा।

गैस संकट का असर पर्यटन कारोबार पर भी साफ दिखाई देने लगा है। व्यापारियों के अनुसार कई होटलों में पर्यटकों की अग्रिम बुकिंग रद्द होने लगी है, जिससे कारोबार लगभग ठहर सा गया है। उनका कहना है कि शिमला प्रदेश की राजधानी होने के साथ-साथ हिमाचल के पर्यटन उद्योग का मुख्य केंद्र भी है, ऐसे में यहां उत्पन्न हुई किसी भी तरह की आपूर्ति समस्या का असर पूरे प्रदेश के पर्यटन तंत्र पर पड़ सकता है। बाजारों में काम करने वाले कई लोगों का कहना है कि यदि स्थिति शीघ्र सामान्य नहीं हुई तो आने वाले पर्यटन मौसम में भी इसका प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिल सकता है।

### सरकार से तत्काल समाधान की उम्मीद

**कारोबारियों** का कहना है कि यदि व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति जल्द बहाल नहीं हुई तो पर्यटन उद्योग को बड़ा झटका लग सकता है। उनका मानना है कि शिमला जैसे पर्यटन केंद्र में रसोई व्यवस्था प्रभावित होना केवल होटल कारोबार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका असर स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और पूरे बाजार की गतिविधियों पर पड़ता है। व्यापारियों ने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया है कि गैस की आपूर्ति को जल्द सामान्य बनाया जाए, ताकि राजधानी के बाजारों में फिर से वही रौनक लौट सके जो यहां की पहचान रही है।

# हिमाचल में 26 केंद्रीय विद्यालय संचालित, 6 नए खोलने की योजना : राजीव भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोकसभा के बजट सत्र के दौरान सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में शिक्षा और ग्रामीण सड़क विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 26 केंद्रीय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें जिला कांगड़ा में 6 और जिला चंबा में 4 विद्यालय शामिल हैं। वर्ष 2025 में देशभर में 56 नए केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें हिमाचल प्रदेश में भी 6 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने की योजना है।

प्रस्तावित नए केंद्रीय विद्यालय कांगड़ा के रिरि, ऊना के गोकुल नगर अपर भगाल और नंदपुर, मंडी के घुनाग तथा सिरमौर और शिमला जिलों में स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं। वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अब तक हिमाचल प्रदेश में 26,505 किलोमीटर सड़क लंबाई और 147 पुल स्वीकृत किए गए हैं, जबकि जिला कांगड़ा में 3,558 किलोमीटर सड़क और 17 पुलों का निर्माण पूरा हो चुका है। सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि केंद्र सरकार ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों को सर्व मौसमीय सड़कों से जोड़ने तथा शिक्षा सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

# 1.30 करोड़ रुपए से चमक रही जालग की सड़कें : यादविंद्र गोमा

## खेल मंत्री ने लंघा में 12 लाख की लागत के सामुदायिक भवन की रखी नींव

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के जालग इलाके में विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। क्षेत्र में सड़कों के सुधार और निर्माण कार्यों पर करीब 1.30 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। सलड़ी से द्रमण, सुभाषनगर से सपेहड़ सहित जालग क्षेत्र की कई सड़कों पर उक्त धनराशि से सड़क कार्य पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी और ग्रामीण इलाकों में संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी। मंत्री आज जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के जालग क्षेत्र में सामुदायिक भवन लंघा के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि सामुदायिक भवन का निर्माण लगभग 12 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा, जिसमें से प्राथमिक तौर पर 3 लाख रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन का निर्माण बरसात के मौसम से पहले पूरा किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को जल्द सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है और जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की हर जायज मांग को पूरा करने के लिए वह प्रतिबद्ध हैं।

◆ **कहा- क्षेत्र के विकास के लिए हर जायज मांग को पूरा करने के लिए हैं प्रतिबद्ध**

बीते तीन वर्षों में विधानसभा क्षेत्र के सभी भागों में समान विकास सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। उन्होंने कहा कि जालग क्षेत्र में ओवरहेड टैंक का निर्माण भी करवाया जाएगा, जिसके लिए स्थानीय लोगों से जमीन उपलब्ध करवाने का आग्रह किया गया है। इसके अलावा क्षेत्र में श्मशान घाट के लिए भी भूमि उपलब्ध करवाने की बात कही गई, ताकि भविष्य में इस दिशा में भी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा सकें। रेन शेल्टर का निर्माण कार्य भी जल्द पूरा किया जाएगा, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को मौसम से बचाव की सुविधा मिल सकेगी। मंत्री ने कहा कि जालग क्षेत्र की सभी प्रमुख मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इससे पूर्व जोनल कांग्रेस अध्यक्ष ओपी धीमान तथा अन्य कार्यकर्ताओं ने मंत्री का स्वागत एवं सम्मान किया। ओपी धीमान ने सामुदायिक भवन के शिलान्यास के लिए मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे स्थानीय लोगों को सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

## नकल करते अब तक पकड़े गए 27 परीक्षार्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की चल रही परीक्षाओं में अनुशासन बनाए रखने के लिए बोर्ड प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने प्रेस को जारी एक आधिकारिक वक्तव्य में बताया कि अब तक नकल के कुल 27 यूएमसी दर्ज किए जा चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बोर्ड परीक्षाओं को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और अनुशासित वातावरण में संपन्न कराने के लिए निरंतर निगरानी रखी जा रही है और किसी भी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉ. शर्मा ने नकल की इन घटनाओं पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक युग में भी कुछ विद्यार्थी अपनी मेहनत के बजाय अनुचित साधनों का सहारा लेने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से भावुक अपील करते हुए कहा कि वे अपनी योग्यता और आत्मविश्वास पर भरोसा करें। बोर्ड अध्यक्ष के अनुसार, इस तरह की गतिविधियां न केवल परीक्षा के नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि विद्यार्थी के भविष्य और चरित्र पर भी बुरा असर डालती हैं। परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए बोर्ड ने सभी संबंधित अधिकारियों, केंद्र अधीक्षकों और निरीक्षकों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर निगरानी और कड़ी की जाए ताकि बोर्ड द्वारा निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन हो सके। उन्होंने अंत में आशा व्यक्त की कि भविष्य की परीक्षाओं में विद्यार्थी ईमानदारी का परिचय देंगे और किसी भी प्रकार की कड़ी दंडात्मक कार्रवाई से बचेंगे।

# अंजना कटोच ने हिंदी भाषा के महत्व पर डाला प्रकाश

## स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल में इन-हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का किया आयोजन

अनंत ज्ञान



रिसोर्स पर्सन अंजना कटोच को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

**जवाली।** स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में दो दिवसीय इन हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें सीबीएसई के निर्देशों द्वारा अंजना कटोच को रिसोर्स पर्सन के रूप में नियुक्त किया गया। इस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में सीबीएसई के निर्देशों द्वारा रिसोर्स पर्सन को हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए कहा गया। इस कैपेबिलिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर तथा सरस्वती वंदना द्वारा किया गया।

रिसोर्स पर्सन अंजना कटोच ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हिंदी भाषा का महत्व भारत की एकता संस्कृति और राष्ट्रीय पहचान को जोड़ने वाले सेतु के रूप में बहुत अधिक है। यह देश में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जो विचारों के आदान-प्रदान समृद्ध साहित्य बॉलीवुड के माध्यम से मनोरंजन और प्रशासन में संचार का मुख्य माध्यम है। यह भारत की साझी विरासत और सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतीक है। रिसोर्स पर्सन ने बताया कि हिंदी भारत के विभिन्न राज्यों के लोगों के बीच संवाद का एक प्रमुख सूत्रधार है। यह भारत की समृद्ध परंपराओं, रीति रिवाज व सांस्कृतिक विविधता की वाहक है, जो पीढ़ियों को जोड़े रखती है। शिक्षा में हिंदी एक महत्वपूर्ण विषय है। यह प्रशासन, मीडिया और व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में करियर के अवसर प्रदान करती है। इसके उपरांत रिसोर्स पर्सन श्रीमती अंजना कटोच ने हिंदी व्याकरण के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। इसके अलावा उन्होंने रोल प्ले, केस

◆ **शिक्षकों को व्यावहारिक शिक्षण तकनीक सिखाईं**

स्टडी की मदद से अध्यापकों को क्लास में आने वाले व्यावहारिक विषय को सुलझाना भी सिखाया। यह सारी की सारी चीजें उन्होंने गतिविधियों के जरिए सिखाई। कार्यशाला के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल द्वारा रिसोर्स पर्सन अंजना कटोच को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया व वहां उपस्थित अध्यापकों को प्रशंसनीय पत्र प्रदान किए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### सतर्कता ब्यूरो को आरटीआई से बाहर करना लोकतंत्र की हत्या : संजय शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने प्रेस वक्तव्य जारी कर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो को सूचना के अधिकार के दायरे से बाहर करने के फैसले को लोकतंत्र का काला अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि अधिकारी सूचना अधिनियम 2005 की धारा 24(4) की गलत व्याख्या कर रहे हैं, जबकि प्रदेश में ऐसा कोई खतरा नहीं है जिससे इस संस्था को आरटीआई से बाहर किया जाए। संजय शर्मा ने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार की जांच करने वाली एजेंसी को ही जवाबदेही से मुक्त कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अधिसूचना वापस न लेने पर भाजपा आंदोलन और न्यायालय का सहारा लेगी।

### अपर रक्कड़ में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि 15 मार्च अपर रक्कड़ और इसके आसपास क्षेत्रों में प्रातः 9:30 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा में ये कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है। उन्होंने सर्वसाधारण जनता से बिजली विभाग को सहयोग करने की अपील की है।

### स्वामी विवेकानंद के 'वेदांत' विषय पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर अध्ययन मंडल द्वारा स्वामी विवेकानंद के वेदांत विषय पर पठन एवं परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. कुलदीप कुमार ने की, जबकि मुख्य प्रस्तुति छात्र विवेक ने दी। विवेक ने जाफना में दिए गए भाषण के विभिन्न पहलुओं, कर्मकांड और ज्ञानकांड, सृष्टि और ईश्वर की अवधारणा तथा अद्वैतवाद पर प्रकाश डाला। दान और आध्यात्मिक ज्ञान के महत्व को भी साझा किया गया। अध्यक्ष डॉ. कुलदीप कुमार ने स्मृतियों और वेदों के अंतर्संबंध, आत्मा व ब्रह्म की एकता और संपूर्ण अस्तित्व में आनंद प्राप्ति की व्याख्या की, साथ ही धर्म को जीवन का वास्तविक आधार बताया।

### टीबी मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए चांदनी होटल में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद ने की। नूरपुर, शाहपुर, नगरोटा बागवान, महाकाल, गोपालपुर और ज्वालामुखी की आशा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यशाला में पारंपरिक और आधुनिक कलाओं का संगम प्रस्तुत किया गया। डॉ. सूद ने सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए टीबी मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई। उत्कृष्ट प्रस्तुतियों और सक्रिय भागीदारी के लिए सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका मनोबल और समाज सेवा की प्रेरणा बढ़ी।

### लोकेश-सिमरन इंस्पायर मानक अवार्ड में चयनित



**अनंत ज्ञान, गगल।** डीएवी स्कूल तियारा के दो विद्यार्थियों लोकेश नांगला और सिमरन मन्हास का चयन इंस्पायर मानक अवार्ड में हुआ है। जानकारी देते हुए स्कूल तियारा की प्रधानाचार्या एकता अत्तरी ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि इन विद्यार्थियों को दस दस हज़ार इनके खाते में जाएंगे और अपना मॉडल बनाएंगे। राज्य , राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इनका चयन होता जाएगा। प्रधानाचार्या ने बताया कि स्कूल के होनहार विद्यार्थियों में से एक हैं। स्कूल प्रबंधन समिति ने खुशी जताते हुए इन विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### छात्रों को सांख्यिकी के महत्व पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय रिडकमर के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी विभाग, प्रदेश सरकार और सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सहयोग से युवाओं के लिए सांख्यिकी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. शिल्पा ने विद्यार्थियों को सांख्यिकी के महत्व, आर्थिक सर्वेक्षण, बजट और नीतिगत निर्णयों में आंकड़ों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने 3 सत्रों में सांख्यिकी के मूल सिद्धांत और उपकरण दैनिक जीवन और विभिन्न क्षेत्रों में उनके व्यावहारिक उपयोग के साथ समझाए। भाषण, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग और निबंध प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. हाकम चंद ने किया।

### पत्रकार की माता के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** वरिष्ठ पत्रकार विकास बावा की माता रीत बावा के आकस्मिक निधन पर बैजनाथ प्रेस के सदस्यों जितेंद्र कौशल, अंकित सूद, अनिल अवस्थी, गौरव सूद, रितेश सूद, सुधीर शर्मा, ओमनी डिगी, कमल गुप्ता, गिरीश शर्मा, प्रीतम भारती, संजय सोनी, ओपी सूद, शिव सूद, वीर खड्गा, जोनी खान, राज कुमार सूद, चमन डोहरू, सरबजीत डोहरू आदि ने शोक व्यक्त किया है। इसके अलावा राज्य सभा सांसद अनुराग शर्मा, विधायक किशोरी लाल, चित्रकार कमल कुमार व पूर्व विधायक मुलख राज प्रेमी ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

### शिवनगर कॉले का वार्षिक समारोह कल

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में कल यानी 15 मार्च को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्या डॉ. संगीता सिंह ने बताया कि इस समारोह में इंजीनियर यादवेंद्र गोमा माननीय कैबिनेट मंत्री आयुष, युवा सेवाएं और खेल, कानून एवं विधि परामर्श मंत्री (हिमाचल प्रदेश) मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम में सत्र 2025-26 में होने वाली शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों में सफल रहे छात्रों को सम्मानित किया जाएगा व कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा।

# आयुर्वेद और योग स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी : प्रो. चंद्र

अनंत ज्ञान

◆ **नरगाला में आयुष विभाग ने लगाया फ्री चिकित्सा शिविर**

**जवाली।** आयुष विभाग के सौजन्य से ज्वाली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नरगाला में एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार ने किया। शिविर में क्षेत्र के लगभग 300 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में मेडिसिन, स्त्री रोग,बाल रोग, ईएनटी, चर्म रोग तथा नाड़ी रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया।

परामर्श के उपरांत मरीजों को आयुर्वेदिक औषधियां भी नि:शुल्क वितरित की गईं। इसके अतिरिक्त शिविर के दौरान लोगों के विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण भी नि:शुल्क किए गए। इस मौके पर कई मरीजों को पंचकर्म चिकित्सा पद्धति के माध्यम से उपचार भी प्रदान किया गया। कृषि मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार ने कहा कि आयुष पद्धतियां भारतीय चिकित्सा प्रणाली की प्राचीन एवं समृद्ध विरासत हैं, जिनका महत्व आज के वैश्विक परिदृश्य में और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा जैसी पद्धतियां न केवल रोगों के उपचार में सहायक हैं बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए भी प्रेरित करती हैं।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को औषधीय पौधे भी वितरित किए गए तथा उन्हें इन पौधों के स्वास्थ्यवर्धक गुणों और उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इससे पहले एसडीएएमओ रितु चौधरी ने कृषि मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार को शॉल, हिमाचली टोपी, स्मृति चिन्ह व अश्वगंधा का पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

# आरोग्य जीवन जीने में आयुर्वेद अहम : बाली

## कैबिनेट रैक मंत्री ने आयुष ग्राम परियोजना कार्यक्रम का समलोटी में किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान



आयुष ग्राम परियोजना कार्यक्रम का शुभारंभ करते बाली। अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** आयुर्वेद की सही जानकारी स्वास्थ्य जीवन जीने और अर्थिक स्थिति को बेहतर करने में लाभकारी यह उद्गार हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक मंत्री) आरएस बाली ने समलोटी पंचायत में आयुष विभाग के आयुष ग्राम परियोजना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनकर पहुंचने पर कहे। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम मुनीश शर्मा, एसडीएमओ डॉ रत्न चंद दतयाल , मान सिंह, प्रताप रियाड़, डॉ गुरबक्ष, डॉ इकबाल, डॉ अमित, डॉ सुधीर, डॉ प्रियंका, डॉ चांदनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। संबोधन के दौरान उन्होंने कहा आज भारत ने पूरी दुनिया को आयुर्वेद दिया है। उन्होंने कहा आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में अनेकों बीमारियों का सामना लोगों को करना पड़ रहा है और यदि स्वास्थ्य जीवन जीना है तो हम सभी को जीवन में आयुर्वेद और योग को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा हम सभी को आयुर्वेद का ज्ञान लेना अवश्यक है बिना ज्ञान इसका सही लाभ हम नहीं ले सकते जो लोग ज्ञान के साथ योग को जीवन में शामिल करते हैं वह निरोग जीवन जीते हैं। उन्होंने कहा लोग यदि आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों और पौधों की पूरी जानकारी लें तो वे उससे अपनी अर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा आज सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं आयुष और हर्बल पर आधारित हैं और बहुत से स्वयं सहायता समूहों ने इसे अपनाकर अपनी अर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा आयुष के कैम्प निरंतर पंचायत में लगाएं और लोगों को जागरुक करें ताकि लोग आयुष के सही फायदे के बारे में जाने, उसे अपने जीवन में शामिल करें स्वास्थ रहें और इसका अर्थिक लाभ भी ले सकें। उन्होंने इस मौके पर बच्चों का स्वर्ण प्राशन भी किया। उन्होंने विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। आयुष विभाग की तरफ से इस कैम्प में 320 लोगों का निशुल्क चेकअप किया गया। इस से पूर्व एसडीएमओ रत्न चंद और डॉ चांदनी ने मुख्य अतिथि को इस कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## 112 वर्षों के बाद शाहपुर को मिला नया रेंज ऑफिस भवन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर में लगभग 32 लाख की लागत से निर्मित वन परिक्षेत्र अधिकारी शाहपुर (रेंज ऑफिस) के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि शाहपुर में वन विभाग का यह पहला सरकारी कार्यालय था। वर्ष 1983 में यहां रेंज ऑफिस स्थापित हुआ था और अब लगभग 112 वर्षों बाद इस कार्यालय को अपना नया भवन प्राप्त हुआ है। इससे पहले यह कार्यालय पुराने भवन में संचालित हो रहा था। उन्होंने कहा कि एक वर्ष से भी कम समय में यह भवन बनकर तैयार हुआ है, जिसके लिए वन विभाग बधाई का पात्र है। साथ ही उन्होंने इस कार्य हेतु समय पर समुचित धनराशि उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने वन प्रबंधन तथा वन क्षेत्र विस्तार में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्त वर्ष 2025-26 से राजीव गांधी वन संवर्धन योजना आरंभ की है, जिस पर 100 करोड़ व्यय किए जाएंगे।

# कांगड़ा हवाई अड्डा से मैक्लोडगंज तक शुरू एचआरटीसी की टेंपो ट्रैवलर बस सेवा हो बंद



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ज्ञापन देते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**गगल।** कांगड़ा हवाई अड्डा टैक्सी यूनियन ने शाहपुर में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया से मिलकर प्रदेश सरकार द्वारा कांगड़ा हवाई अड्डा से मैक्लोडगंज तक शुरू की गई एचआरटीसी की टेंपो ट्रैवलर बस सेवा को बंद करने की मांग की। टैक्सी यूनियन ने उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया को बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई बस सेवा टैक्सी यूनियन के साथ सरासर नाइंसाफी है। उन्होंने कहा कि टैक्सी यूनियन हवाई अड्डा के अंदर अपने टैक्सी बूथ के लिए सालाना लाखों रुपए का शुल्क हवाई अड्डा आथोरिटी को अदा करती है तथा इस टैक्सी यूनियन में ज्यादातर टैक्सियां उन लोगों की है जिन्होंने हवाई अड्डा विस्तारीकरण में अपने घर और जमीन को खोया है। टैक्सी यूनियन ने उपमुख्य सचेतक को बताते हुए कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डा टर्मिनल से राष्ट्रीय राजमार्ग की दूरी 100 मीटर है और कांगड़ा हवाई अड्डा के गेट के सामने सवारियों के लिए रेन शेल्टर भी बना हुआ है जहां अक्सर सरकारी तथा निजी बसें अपनी सवारियों को चढाती व उतारती हैं। इसलिए बस सेवा को अंदर से शुरू करना टैक्सी यूनियन के साथ सरासर गलत है। उन्होंने उपमुख्य सचेतक से मांग की कि सरकार शीघ्र शुरू की गई इस बस सेवा को बंद करे। इस पर मुख्य सचेतक ने टैक्सी यूनियन को आश्वासन देते हुए कहा कि वह शीघ्र ही प्रदेश सरकार से बात करके उनकी इस समस्या का समाधान करेंगे।

# मिड-डे मील योजना के लिए हिमाचल को 121.90 करोड़ का बजट आवंटित: जयंत चौधरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी को संसद में बताया कि बाल वाटिका (पहली कक्षा से पहले) और पहली से आठवीं कक्षा तक सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढंने बाले बच्चों को पाठशालाओं में गर्म पौष्टिक खाना उपलब्ध करवाने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए हिमाचल को 121.90 करोड़ का बजट आबंटित किया गया है, इसमें से 110.66 करोड़ केंद्रीय हिस्सेदारी, जबकि 11.24 करोड़ की राज्य सरकार की हिस्सेदारी होगी।

◆ **राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी के सवाल पर दिया जवाब**

उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत इस समय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 10.35 लाख स्कूलों में पढ़ने वाले 11 करोड़ बच्चों को गर्म पौष्टिक खाना प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना के कार्यन्वन की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की है। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नायक ने राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी को संसद में बताया कि पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत कोई भी किसान स्वयं या किसी डेवेलोपेर के माध्यम से अपनी जमीन पर दो मेगावाट ऊर्जा क्षमता तक का सोलर पावर प्लांट स्थापित कर सकता है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के लिए मंत्रालय किसानों की कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए समय समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

# बच्चों ने सीखे सोशल मीडिया पर अच्छे कंटेंट से कमाई के तरीके

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय के जर्नलिज्म स्टूडेंटस ने सोशल मीडिया में अच्छे कंटेंट क्रिएट करके अच्छी कमाई के टिप्स सीखे। पब्लिक मीडिया टेक फाउंडेशन की ओर से स्टूडेंटस के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन धर्मशाला में किया गया। इसमें फांडेशन के ट्रस्टी योगेन चौधरी, एक्सटर्प व रिसोर्स पर्सन मौजूद रहे। पब्लिक मीडिया टेक फाउंडेशन के ट्रस्टी योगेन चौधरी ने कहा कि सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर कमाई कर युवाओं की कैपासिटी बिल्डिंग में फाउंडेशन कार्य करता है। अच्छे कंटेंट बनाकर बच्चे किस तरह से सोशल मीडिया से आय अर्जित कर सकते हैं, इस बारे ट्रेनिंग के उद्देश्य से सीयू के जर्नलिज्म स्टूडेंटस के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन फाउंडेशन की ओर से किया गया है। जिसका बच्चों ने भरपूर लाभ उठाया।

कंटेंट क्रिएट करने के दौरान बच्चों को कोई परेशानी न हो, इस बारे में भी बच्चों को जागरूक किया गया है, जिससे कि राष्ट्र निर्माण में बच्चे अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें।

### एआई उभरता हुआ सब्जेक्ट है : चौधरी

**योगेन** चौधरी ने कहा कि एआई उभरता हुआ सब्जेक्ट है, हर चीज के फायदे और नुकसान होते हैं। एआई के फायदे बहुत हैं, ऐसे में बच्चों को यह भी बताया कि एआई के यूज से कैसे कंटेंट क्रिएशन की जा सकती है व सावधानियां बरतकर अच्छा काम किया जा सकता है।

### कंटेंट क्रिएशन में मोबाइल बना स्टूडियो

**उन्होंने** कहा कि एआई के रूप में कंटेंट क्रिएशन में मोबाइल बच्चों के लिए एक स्टूडियो का रूप ले चुका है, जिसका बच्चे पूरा लाभ उठा रहे हैं। कोई भी नई चीज आती है तो यह भ्रम रहता है कि पता नहीं क्या होगा, लेकिन हल्का सा रिएडजस्टमेंट होता साथ ही नए जॉब क्रिएट हो जाते हैं तथा लोग उसमें एडजस्ट हो जाते हैं।

# मुख्यमंत्री बताएं, नादौन से लड़ेंगे या देहरा से चुनाव : विपिन परमार

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस सरकार व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश की जनता अब कांग्रेस सरकार के दावों और हकीकत के बीच का फर्क अच्छी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास के बड़े-बड़े दावे करने वाली यह सरकार अब पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है और आने वाले समय में जनता इसका जवाब देने के लिए तैयार बैठी है।



परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री को प्रदेश की जनता के सामने यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे आगामी विधानसभा चुनाव आखिर किस विधानसभा क्षेत्र से लड़ने जा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या मुख्यमंत्री नादौन विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे, देहरा से मैदान में उतरेंगे या फिर किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमाएंगे ? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को इस विषय पर स्पष्ट और सीधा जवाब देना चाहिए, क्योंकि प्रदेश की जनता यह जानना चाहती है कि आखिर मुख्यमंत्री की राजनीतिक जमीन कहां है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अक्सर मंचों से बड़ी-बड़ी बातें करते हैं और प्रदेश में विकास के दावे करते हैं, लेकिन जमीन पर स्थिति बिल्कुल अलग नजर आती है। परमार ने कहा कि प्रदेश में विकास की गति धीमी पड़ चुकी है और सरकार केवल घोषणाओं और भाषणों तक ही सीमित रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों और फैसलों से प्रदेश के आम लोगों में भारी निराशा और असंतोष का माहौल बन गया है। उन्होंने कहा कि जनता को जो उम्मीदें इस सरकार से थीं, वे अब टूटती हुई नजर आ रही हैं। परमार ने कहा कि प्रदेश की जनता सब कुछ देख रही है और सही समय आने पर इसका जवाब भी देगी।

**ठिकाना** 63 साल बाद दोदू ब्राह्मणा में मिला अपना भवन, किराए के कमरों में गुजर गया पूरा दौर

# 6 दशक तक फाइलों में अटका रेशम केंद्र

अनंत ज्ञान




### जमीन तलाश में पंचायतों के चक्कर

2018 में तत्कालीन उद्योग मंत्री के निर्देशों के बाद जमीन की तलाश तेज की गई। 2019 में पीर-सलूही में आरओ-एमओ स्कूल के पास श्यामलात भूमि चिन्हित की गई, लेकिन पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिल पाया। इसके बाद चोली पंचायत के बसालग गांव, शांतला और कूहना पंचायतों में भी जमीन देखने की प्रक्रिया हुई, मगर कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका।

**सालविया शर्मा, गरली।** रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 1963 में स्थापित रेशम केंद्र आखिरकार 63 साल बाद अपने भवन तक पहुंच पाया है। हैरानी की बात यह है कि छह दशक तक यह महत्वपूर्ण सरकारी केंद्र किराए के कमरों और अस्थायी ठिकानों के सहारे ही चलता रहा, जबकि स्थायी जमीन की फाइलें सालों तक दफ्तरों और पंचायतों के बीच घूमती रहीं। अब दोदू ब्राह्मणा में केंद्र को अपना भवन मिलने से 63 साल का लंबा इंतजार खत्म हो गया है, लेकिन इतने लंबे समय तक स्थायी जमीन न मिल पाना प्रशासनिक व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े कर रहा है।

दस्तावेजों के अनुसार वर्ष 1963 में विकास खंड प्रागपुर के गांव हार में रेशम केंद्र की स्थापना की गई थी। उस समय यह केंद्र स्थानीय निवासी लाला अमर चंद की निजी भूमि पर किराए के भवन में संचालित किया गया और करीब 1980-81 तक वहीं चलता रहा। इसके बाद रेशम बीज उत्पादन अधिकारी नादौन द्वारा केंद्र को पीर-सलूही स्थानांतरित किया गया, जहां यह 1988 तक संचालित होता रहा।

◆ **1963 से शुरू हुआ था सफर बार-बार बदला ठिकाना**

रेशम केंद्र का स्थायी ठिकाना तय न हो पाने के कारण इसका सफर लगातार बदलता रहा। 1988 में इसे फिर प्रागपुर लाया गया, जहां यह 1992 तक चला। इसके बाद 1992 में इसे रक्कड़ स्थानांतरित किया गया, जहां किराए के भवन में 1994 तक कार्य चलता रहा। इसके बाद 1994 में कूहना क्षेत्र में खड्ड के किनारे शहतूत पौधशाला और शहतूत फार्म स्थापित किया गया, जहां यह केंद्र 1997 तक संचालित रहा। बाद में 1997 में इसे फिर पीर-सलूही में स्थापित किया गया, लेकिन विभागीय भूमि न होने के कारण यह लंबे समय तक किराए के भवन में ही चलता रहा।

लंबे इंतजार के बाद अब दोदू ब्राह्मणा में रेशम केंद्र को अपना भवन मिल गया है, जिससे वर्षों से चला आ रहा भटकाव खत्म हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब स्थायी भवन मिलने से रेशम उत्पादन और किसानों को मिलने वाली सुविधाओं को नई गति मिलेगी। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अगर विभाग को समय रहते स्थायी जमीन मिल जाती, तो प्रागपुर क्षेत्र रेशम उत्पादन में एक बड़ा केंद्र बन सकता था। अब 63 साल बाद भवन मिलना राहत जरूर है, लेकिन यह सवाल भी छोड़ गया है कि इतने लंबे समय तक यह केंद्र अस्थायी ठिकानों के सहारे क्यों चलता रहा।

# सीयू के मेधावियों को आज उपराष्ट्रपति देंगे डिग्रियां

## दीक्षांत समारोह में 90 मिनट तक करेंगे शिरकत, 12 मेधावियों को गोल्ड मैडल और 8 को देंगे पीजी डिग्री

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शनिवार को धर्मशाला आएंगे। उपराष्ट्रपति सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे। तय शेडयूल के तहत उपराष्ट्रपति 90 मिनट तक यानी डेढ़ घंटे तक सीयू के दीक्षांत समारोह में मौजूद रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति द्वारा 20 मेधावियों को गोल्ड मैडल व डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इससे पहले भी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में दो बार देश के राष्ट्रपति शिरकत कर चुके हैं।

केंद्रीय विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. प्रकाश बंसल ने बताया कि समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राज्यपाल कविंद्र गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर, कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, प्रदेश के कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार शिरकत करेंगे।

प्रो. बंसल ने बताया कि करीब साढ़े दस बजे उपराष्ट्रपति आएंगे और कांगड़ा एयरपोर्ट से दीक्षांत समारोह में धर्मशाला कॉलेज के ऑडिटोरियम पहुंचेंगे। समय को देखते हुए राष्ट्रपति 12 मेधावियों को गोल्ड मैडल देंगे, जिनमें 9 बच्चे पीजी और 3 बच्चे यूजी के होंगे। इसके अलावा 8 बच्चों को उपराष्ट्रपति पीजी डिग्री देंगे। उपराष्ट्रपति 90 मिनट तक दीक्षांत समारोह में मौजूद रहेंगे।

### 524 विद्यार्थियों को दी जाएंगी डिग्रियां : बंसल



प्रो. बंसल ने बताया कि दीक्षांत समारोह का पहला भाग दोपहर एक बजे उपराष्ट्रपति की मौजूदगी में संपन्न होगा। एक घंटे के अंतराल उपरांत दीक्षांत समारोह का दूसरा भाग दोपहर दो बजे शुरू होकर लगातार जारी रहेगा। सभी बच्चों को सुबह दस बजे ऑडिटोरियम पहुंचना जरूरी है, इसके बाद किसी को भी ऑडिटोरियम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। दीक्षांत समारोह में 524 बच्चों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।

### गुच्छी, ढींगरी व तेलिया माह का स्वाद भी चखेंगे

केंद्रीय विवि के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होने के साथ ही उप राष्ट्रपति अपने दोपहर के भोजन में पारंपरिक हिमाचली व्यंजनों का स्वाद चखेंगे। एचपीटीडीसी के एजीएम कैलाश ठाकुर ने बताया कि दोपहर के भोजन में उप राष्ट्रपति को गुच्छी, ढींगरी, कचनार, तेलिया माह व चने की दाल जैसे पारंपरिक हिमाचली व्यंजन परोसे जाएंगे। यह सभी व्यंजन पर्यटन निगम के शैफ व बोटी द्वारा बनाए जाएंगे।

### वीआईपी काफिले के गुजरने से पहले व बाद में दस मिनट तक रोका जाएगा यातायात



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपराष्ट्रपति के 14 मार्च को जिला धर्मशाला के प्रस्तावित दौरे के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा प्रबंधों के तहत विशेष यातायात व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार वीवीआईपी के निर्धारित मार्गों पर काफिले के गुजरने से लगभग 10 मिनट पहले से लेकर 10 मिनट बाद तक सामान्य यातायात को रोका जाएगा, जबकि आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस और अन्य जरूरी वाहनों को आवश्यकता अनुसार आवागमन की अनुमति रहेगी। उपराष्ट्रपति के काफिले के लिए गगल एयरपोर्ट से सकोह होते हुए रेड क्रॉस चौक तक, सर्किट हाउस धर्मशाला से डाढ़ चौक तक, शीला चौक से चॅतडू चौक तक तथा गगल चौक से आरपीजीएमसी टांडा तक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस ग्राउंड धर्मशाला को पुरस्कार विजेताओं, प्रतिभागियों और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के वाहनों की पार्किंग के लिए चिन्हित किया गया है। इसके अतिरिक्त 14 मार्च को कार्यक्रम के दौरान होम गार्ड आफिस चौक से कॉलेज ऑडिटोरियम चौक तथा बीएड चौक से पुलिस ग्राउंड मुख्य द्वार तक वाहनों की आवाजाही वीवीआईपी के प्रस्थान तक पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

### सीयू समारोह की रिहर्सल कर जांची व्यवस्थाएं

केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश (सीयूएचपी) के नौवें दीक्षांत समारोह को लेकर औपचारिकताओं और व्यवस्था को अंतिम रूप देने के लिए शुक्रवार को पूर्ण ड्रेस रिहर्सल आयोजन विवि द्वारा किया गया। इस रिहर्सल में दीक्षांत समारोह की शैक्षणिक शोभायात्रा, मंच संचालन, विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था तथा डिग्री वितरण की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया, ताकि मुख्य समारोह के दौरान सभी प्रक्रियाएं निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार संपन्न हो सकें। इसके अतिरिक्त मुख्यातिथि सहित अन्य अतिथियों के आगमन के दौरान गाडियों के काफिले की रिहर्सल को भी अंजाम दिया गया। समारोह की सुचारु व्यवस्था के लिए विश्वविद्यालय ने प्रतिभागी विद्यार्थियों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड भी जारी किया है। ड्रेस कोड के अनुसार छात्राओं को सफेद सलवार-कमीज या सुनहरी किनारी वाली साड़ी के साथ काले जूते या सैंडल पहनने होंगे। वहीं छात्रों को सफेद फुल स्लीव कुर्ता-पायजामा के साथ काले जूते पहनने होंगे। सभी डिग्री प्राप्तकर्ताओं को हिमाचली टोपी भी पहननी होगी। 14 मार्च को पीजी कॉलेज धर्मशाला कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश (सीयूएचपी) के नौवें दीक्षांत समारोह है। सभी संबंधित विद्यार्थियों और प्रतिभागियों को निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### दौरे को लेकर पैराग्लाइडिंग, एरो स्पोर्ट्स और ड्रोन उड़ाने पर रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के 14 मार्च यानि शनिवार को उपमंडल धर्मशाला में प्रस्तावित दौरे के दृष्टिगत क्षेत्र में वीवीआईपी सुरक्षा को देखते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए उपमंडल कांगड़ा, शाहपुर, धर्मशाला तथा पालमपुर के प्रशासनिक क्षेत्रों में पैराग्लाइडिंग, ड्रोन उड़ाने, हॉट एयर बैलूनिंग सहित सभी प्रकार की एरो-स्पोर्ट्स अथवा हवाई गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन तथा अन्य वीवीआईपी व्यक्तियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एहतियात के तौर पर जारी किया गया है। आदेश के अनुसार निर्धारित अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की हवाई गतिविधि या ड्रोन संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## पालमपुर में किसानों को दिए मशरूम की खेती के टिप्स

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** उद्यान विभाग के मशरूम डेवलपमेंट सेंटर, पालमपुर में आयोजित पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। 9 से 13 मार्च तक चले इस विशेष शिविर में प्रदेश के विभिन्न जिलों कांगड़ा, बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर और ऊना से आए कुल 40 प्रगतिशील किसानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिनमें 33 पुरुष और 7 महिला प्रशिक्षु शामिल रहे। समापन समारोह के अवसर पर परियोजना निदेशक (आत्मा) डॉ. शशि पाल अत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. शशि पाल अत्री ने मशरूम उत्पादन को किसानों की आजीविका के लिए एक बेहतरीन और लाभप्रद विकल्प बताया। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे मशरूम की खेती को केवल स्वरोजगार तक सीमित न रखें, बल्कि इसे एक बड़े उद्यम के रूप में विकसित कर अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा करें। डॉ. अत्री ने विशेष रूप से प्राकृतिक उत्पादन पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया ताकि भविष्य में सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पादों की मांग को पूरा किया जा सके। विशेषज्ञ डॉ. हितेंद्र पटियाल ने किसानों को मशरूम की खेती शुरू करने की बारीकियों, आधुनिक तकनीकों और प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की।

### हैप्पी बर्थडे



नगरी की तमिशा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से शुभकामनाएं।

### हैप्पी बर्थडे



दाड़लाघाट की निहारिका गुप्ता को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से शुभकामनाएं।

### नई जोड़ी



रोपडी के दिव्य ठाकुर और भरनाड के रोहित राणा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से शुभकामनाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने लुथान स्थित निर्माणाधीन सुख आश्रय परिसर का किया निरीक्षण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को कांगड़ा जिले के लुथान में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम सुख आश्रय परिसर का निरीक्षण किया। इसका निर्माण लगभग 92.33 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि इसे निर्धारित समयावधि के भीतर पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इसके दृष्टिगत विभिन्न पहल की जा रही हैं। इस अवसर पर विधायक संजय रतन भी उपस्थित थे।

### कांगड़ा घाटी उत्सव में गड़बड़ की शिकायत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा घाटी उत्सव 2025-26 को लेकर उपायुक्त को लिखित शिकायत प्रपत्र सौंपा गया है। जिसमें शिकायतकर्ता धर्मशाला के स्थानीय निवासी ने उत्सव में विभिन्न गड़बड़ के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने उत्सव के दौरान वित्तिय गड़बड़ी, राजस्व को नुक्सान सहित अन्य मामलों को लेकर सवाल उठाए हैं। अतुल भारद्वाज ने अपनी शिकायत में कहा है कि आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार भी गई गड़बडियां सामने आ रही हैं। उन्होंने इस संदर्भ में पुलिस विभाग में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच पड़ताल करने की मांग रखी है।

### राज्यपाल ने की स्वामी रामस्वरूप से भेंट

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कांगड़ा जिले के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान योल स्थित वेद आश्रम का दौरा किया। उनके आगमन पर जिला प्रशासन द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने



स्वामी रामस्वरूप योगाचार्य से भेंट की और वर्तमान समय में वेदों की शिक्षाओं के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने वैदिक परंपरा के अनुसार हवन-यज्ञ भी किया तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और कल्याण के लिए प्रार्थना की। उन्होंने स्वामी जी द्वारा वेद ज्ञान पर दिए गए प्रवचनों को भी ध्यानपूर्वक सुना और आश्रम के आध्यात्मिक वातावरण की सराहना की। कविंद्र गुप्ता ने स्वामी राम स्वरूप योगाचार्य के समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे देश-विदेश में वेदों के प्रचार-प्रसार के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में संत एवं आध्यात्मिक गुरु वेदों की शाश्वत ज्ञान परंपरा के संरक्षण और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जब समाज तेजी से आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है, तब भारत की प्राचीन आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहना भी उतना ही आवश्यक है।

## शांता कुमार से मिले जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान



शांता कुमार से जयराम ठाकुर ने की मुलकात। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर अपने कांगड़ा प्रवास के दौरान शुक्रवार दोपहर को पालमपुर पहुंचे। यहां उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार के निवास स्थान पर जाकर उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति और विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई।

शांता कुमार के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि शांता का लंबा राजनीतिक अनुभव, उनकी सादगी और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहा है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन से संगठन को मजबूती मिलती है और जनहित के कार्यों को नई दिशा प्राप्त होती है। पालमपुर में प्रवास के उपरांत, जयराम ठाकुर देर शाम धर्मशाला पहुंचे। धर्मशाला पहुंचने पर स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। कांगड़ा का यह दौरा राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जहां जयराम ठाकुर लगातार कार्यकर्ताओं से संवाद कर आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा पर चर्चा कर रहे हैं।

## गगल के बैदी गांव में आभूषण सहित नकदी चोरी, जांच शुरू

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते पुलिस थाना गगल के अंतर्गत गांव बैदी में अज्ञात चोरों ने एक घर के ताले तोड़कर सोने के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी हुई संपत्ति का कुल अनुमानित मूल्य करीब दो लाख 70 हजार रुपए बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गांव बैदी निवासी 63 वर्षीय सत्या देवी अपने निजी काम से घर से बाहर गई हुई थीं। जब वह वापस घर पहुंचीं तो देखा कि घर के दरवाजे के ताले टूटे हुए थे, और अंदर सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। इसके बाद उन्होंने करीब तीन बजकर 41 मिनट पर थाना गगल में दूरभाष के माध्यम से घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस थाना गगल की टीम मौके पर पहुंचीर, और मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान सत्या देवी पत्नी स्वर्गीय रणजीत सिंह निवासी गांव बैदी डाकघर बंडी, तहसील व जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश का ब्यान दर्ज किया गया। उधर, पुलिस विभाग कांगड़ा के एएसपी बीर बहादुर सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर थाना गगल में मामला नंबर 27/26 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## कांगड़ा जिले में 1,21,064 भूमि मालिकों ने एग्रीस्टैक पोर्टल पर करवाई रजिस्ट्री

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** कृषि विभाग द्वारा पिछले कुछ समय से जिले के सभी भूमि मालिकों को एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीकरण करवाने के लिए निरंतर प्रेरित और जागरूक किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक डॉ. कुलदीप धीमान ने बताया कि जिला कांगड़ा में अब तक 1,21,064 भूमि मालिक एग्रीस्टैक पोर्टल पर अपनी रजिस्ट्री करवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि शेष भूमि मालिकों को भी पंजीकरण के लिए सक्रिय रूप से जागरूक किया जा रहा है, ताकि 31 मार्च तक जिले के सभी भूमि मालिक एग्रीस्टैक पोर्टल पर अपना पंजीकरण सुनिश्चित कर सकें। डॉ. धीमान ने बताया कि 12 मार्च 2026 को जिला कांगड़ा के कृषि अधिकारियों द्वारा सभी विकास खंडों में व्यापक स्तर पर 102 जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में लगभग 2000 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल के महत्व तथा इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को यह भी बताया गया कि एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीकरण सभी भूमि मालिकों के लिए आवश्यक है, चाहे वे स्वयं उस भूमि पर खेती करते हों या नहीं।

उन्होंने बताया कि भविष्य में अनेक केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत प्रदेश सरकार को मिलने वाली धनराशि भूमि मालिकों के एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीकरण के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

## तिब्बत समर्थक समूहों का टिप्पा में मंथन

### अखिल भारतीय सम्मेलन में तिब्बतियों के प्रति दोहराई एकजुटता, जताया समर्थन

- धर्मगुरु के पुर्नजन्म को लेकर चीनी दावे किए खारिज
- मंथन में हुई चर्चा को पारित कर यूएनओ को भेजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** बौद्ध नगरी मैक्लोडगंज के टिप्पा में वीरवार व शुक्रवार को तिब्बत समर्थन समूहों का आठवां अखिल भारतीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में देशभर से आए प्रतिनिधियों ने तिब्बती जनता के साथ अपनी एकजुटता दोहराते हुए उनकी स्वतंत्रता और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए समर्थन व्यक्त किया। साथ ही दलाईलामा के पुर्नजन्म को लेकर चीन के दावों को पूरी तरह से खारिज करते हुए तिब्बति परंपराओं के तहत ही आगामी दलाईलामा चुने जाने की विधि को सर्वश्रेष्ठ बताया। उक्त मंथन को सहयोग मंच की ओर से पारित कर यूएनओ, केंद्र सरकार व अंतरराष्ट्रीय सहयोग संगठनों को भेजा जाएगा। जिससे तिब्बत की स्वतंत्रता को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच से चीन पर दबाव बनाया जा सकें।

सम्मेलन में सहयोग ग्रुप के राष्ट्रीय कन्वीनर आरके कीरमे ने कहा कि भारत के लोगों ने वर्ष 1950 से ही तिब्बत के प्रति ऐतिहासिक समर्थन दिया है। वर्ष 1954 में सरदार वल्लभ भाई पटेल, बीआर अंबेडकर और जय प्रकाश नारायण जैसे राष्ट्रीय नेताओं ने तिब्बत के पक्ष में आवाज उठाई थी। इस अवसर पर भारत और तिब्बत के बीच प्राचीन सभ्यतागत, आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक संबंधों का भी उल्लेख किया गया। प्रतिनिधियों ने तिब्बत पर चाईना के लगातार कब्जे और वहां अपनाई जा रही नीतियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उनका कहा कि इन नीतियों से तिब्बत की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, धार्मिक परंपराएं, भाषा और पर्यावरण को खतरा पैदा हो रहा है।

सम्मेलन में तिब्बत में मानवाधिकारों के उल्लंघन की घटनाओं की निंदा की गई। इसमें धार्मिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंध, व्यापक निगरानी व्यवस्था तथा तिब्बती बच्चों के लिए आवासीय विद्यालयों के विस्तार को गंभीर विषय बताया गया। साथ ही दलाईलामा और चीन के बीच संवाद दोबारा शुरू करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि तिब्बत से जुड़े विवाद का शांतिपूर्ण समाधान निकल सके। सम्मेलन ने भारत सरकार से भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर तिब्बत के मुद्दे को उठाने का आग्रह किया।

सम्मेलन में 14वें दलाई लामा द्वारा विश्व शांति, करुणा, अहिंसा और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए कार्यों की सराहना की गई। साथ ही चीन द्वारा दलाईलामा के पुनर्जन्म से जुड़े दावों को अस्वीकार करते हुए पारंपरिक तिब्बती व्यवस्था को बनाए रखने की बात कही गई। प्रतिनिधियों ने 14वें दलाई लामा को इस वर्ष ग्रैमी पुरस्कार मिलने पर बधाई भी दी। यह वर्ष उनके 90वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में करुणा वर्ष के रूप में भी मनाया जा रहा है। सम्मेलन के अंत में यह संकल्प लिया गया कि देशभर में तिब्बत समर्थन समूहों को और सशक्त किया जाएगा।

## आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाकर बीमारियों से बचाव कर सकते लोग : आशीष बुटेल

अनंत ज्ञान



पढ़ियारखर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** आयुष विभाग हिमाचल प्रदेश उपमंडल पालमपुर स्थित नच्छीर बंदला द्वारा ग्राम पंचायत पढ़ियारखर में आयुष ग्राम परियोजना के अंतर्गत स्वस्थ ग्राम-समृद्ध ग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। मुख्यातिथि आशीष बुटेल ने कहा कि आयुष पद्धति भारत की प्राचीन एवं समृद्ध चिकित्सा प्रणाली है जो न केवल रोगों के उपचार में सहायक है बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाकर लोग अनेक बीमारियों से बचाव कर सकते हैं और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है ताकि लोगों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। कार्यक्रम के दौरान आयुष विभाग द्वारा विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। इसमें एंटी नटल एवं पोस्ट नटल देखभाल, गर्भ संस्कार एवं स्वर्ण प्राशन, आयुर्वेद परिचर्चा, योग जागरूकता गतिविधियां, संक्रामक रोगों से बचाव तथा आयुर्वेदिक आहार, घरेलू उपचार एवं औषधीय पेय पदार्थों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य जां शिविर, योग जागरूकता शिविर तथा आयुष मेले का भी आयोजन किया गया। मेले में जड़ी-बूटियों की प्रदर्शनी लगाई गई तथा औषधीय पौधों के महत्व, उपयोग एवं संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। आयुष मेले के दौरान विधायक ने अश्वगंधा का पौधा रोपकर लोगों को घर पर औषधीय पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। मेले में उपस्थित सभी लोगों ने योग क्रियाएं भी की।

## एसीपीएस इंक्रीमेंट लगाने की शक्ति को लेकर टकराव

- जिला शिक्षा उपनिदेशक की आर्थिक शक्तियों पर रस्साकशी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** सुनिश्चित कैरियर प्रगति योजना की इंक्रीमेंट देने का मामला उलझ चुका है। टीजीटी शिक्षकों को इस योजना के तहत इंक्रीमेंट का लाभ देने का मामला वित्त विभाग व शिक्षा विभाग के बीच रस्साकशी में उलझा हुआ है। वित्त विभाग का तर्क है कि उनके नियमों के अनुसार टीजीटी शिक्षकों को एसीपीएस इंक्रीमेंट लगाने की शक्ति स्कूल शिक्षा निदेशक के पास ही है। वहीं डीपीसी करते हुए यह लाभ टीजीटी शिक्षकों को देने के लिए अधिकृत है जबकि शिक्षा विभाग में एसीपीएस लाभ देने के हजारों मामले आने के कारण यह शक्तियां 1 सितंबर 2025 से स्कूल शिक्षा निदेशक ने जिला शिक्षा उपनिदेशकों को अधिकृत कर दी थीं ताकि यह प्रक्रिया जल्दी पूरी हो सके।

शिक्षकों की सर्विस बुक स्कूल से जिला उप निदेशक कार्यालय जाती थी और फिर शिमला भेजकर मामले वापिस आने में लंबा इंतजार लगने से शिक्षक कोर्ट में अवमानना या अनुपालना याचिकाएं दर्ज कर रहे थे। मगर वित्त विभाग के नियमों का हवाला देकर ट्रेजरी अब उन शिक्षकों के इंक्रीमेंट और एरियर बिल वापसी लौटा रही है जिनको एसीपीएस इंक्रीमेंट लाभ शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय ने दिया है व उनके अनुसार यह आपत्तिजनक है क्योंकि वर्ष 1977 और जून 2024 के वित्त विभाग ने निर्देश ट्रेजरी को ऐसे बिल पास करने की अनुमति नहीं देते। ऐसे में राज्य स्कूल शिक्षा निदेशक 4/9/14 के इंक्रीमेंट देने के मामलों में जिला स्तर आर हुए डीपीसी को राज्य स्तर पर अप्रूवल पर लाभार्थियों के नाम की अधिसूचना जारी करें ताकि पात्र शिक्षकों को एक दशक से देय लाभ मिल सकें। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश स्कूल शिक्षा निदेशक और शिक्षामंत्री से उठाई है।

संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि प्रदेश हाईकोर्ट की जजमेंट संजय कुमार बनाम हिमाचल सरकार मामले में उन सभी शिक्षकों को एक इंक्रीमेंट का लाभ मिलना है जिनको वर्ष 2012 में हायर ग्रेड पे लाभ के अनुसार एक इंक्रीमेंट नहीं दी गई और वर्ष 2016 में वेतन आयोग में हायर ग्रेड पे लाभ छीनने के बाद वह इंक्रीमेंट नहीं लौटाई गई । शिक्षा निदेशक ने जिला शिक्षा उप निदेशक कार्यालय को उक्त लाभ देने हेतु अधिकृत कर दिया । जिन मामलों को जिला शिक्षा उप-निदेशक कार्यालयों ने स्वीकृत किया है, उनको इंक्रीमेंट देने में ट्रेजरी आनाकानी कर रही हैं। ट्रेजरी के अनुसार वित्त विभाग द्वारा टीजीटी,प्रवक्ता आदि राज्य कैडर पोस्ट के कर्मचारियों को इंक्रीमेंट लगाने की शक्तियां केवल निदेशक के पास हैं और वित्त विभाग की अनुमति के बिना ये शक्तियां जिला अधिकारियों को सौंपी नहीं जा सकती हैं। इस तरह ये इंक्रीमेंट के लाभ कोर्ट और विभाग के आदेश के बाद भी नहीं मिल रहे हैं और इंक्रीमेंट बिल ट्रेजरी में ही घूम रहे हैं जिससे हर शिक्षक को लाखों का घाटा हो रहा है। पिछले 6 माह से यह लाभ देने में सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट लागू करने पर रोक का फैसला हावी है और जिन शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट के उक्त आदेश से पहले लाभ स्वीकृत हो चुके हैं, उनको ट्रेजरी से निराशा हाथ लगी है। ऐसे में शिक्षा विभाग वित्त विभाग के साथ मिलकर इस मामले का हल निकाले ।

**सहयोग** कड़ोआ में गुरु रविदास मंदिर निर्माण की रखी नींव, कैप्टन संजय ने दिया सवा लाख का सहयोग

## गुरु रविदास के विचार आज भी प्रासंगिक: पराशर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जसवां-प्रागपुर क्षेत्र के कड़ोआ गांव में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के आदर्शों और शिक्षाओं को समर्पित नव मंदिर के निर्माण की पहल श्रद्धा, आस्था और सामाजिक समरसता का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है। कैप्टन संजय पराशर ने गुरू रविदास मंदिर के निर्माण के लिए सवा लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान करते हुए मंदिर निर्माण की नींव रखी।



कड़ोआ में गुरु रविदास मंदिर निर्माण की नींव रखते हुए। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर वातावरण में श्रद्धा और भक्ति की भावना स्पष्ट रूप से झलक रही थी। कार्यक्रम के दौरान कैप्टन संजय पराशर ने संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के जीवन, उनके चिंतन और दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु रविदास महाराज केवल एक संत या आध्यात्मिक गुरु ही नहीं थे, अपितु वह संपूर्ण मानव जाति के पथ-प्रदर्शक थे। उन्होंने अपने जीवन और कर्मों के माध्यम से समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों और रूढ़िवादी परंपराओं को चुनौती दी। उस समय जब समाज जाति-पाति, ऊंच-नीच और भेदभाव की गहरी खाई में बंटा हुआ था, तब गुरु रविदास महाराज ने समानता व प्रेम और मानवता का संदेश देकर लोगों को एकता और समभाव का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास महाराज का चिंतन किसी एक जाति, वर्ग या संप्रदाय तक सीमित नहीं था। उनके विचार संपूर्ण मानव समाज के कल्याण और उत्थान के लिए समर्पित थे। यही कारण है कि आज भी उनके संदेश लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। सदियों बाद भी लोग उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ याद करते हैं और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं।

उन्होंने कहा कि आज लगभग 649 वर्ष बाद भी गुरु रविदास महाराज का स्मरण पूरे देश और दुनिया में किया जा रहा है, जो उनके महान व्यक्तित्व और अमर विचारों की महत्ता को दर्शाता है। कैप्टन पराशर ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जो मनुष्य को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाती है। यदि समाज में शिक्षा का प्रसार होगा, तो लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और भेदभाव की दीवारें स्वत: कमजोर पड़ जाएंगी। उन्होंने युवाओं से भी आह्वान किया कि वे गुरु रविदास महाराज की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएं और समाज को एक बेहतर दिशा देने में अपनी भूमिका निभाएं। पराशर ने कहा कि संत रविदास भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक थे। उन्होंने सत्य, कर्म और वास्तविकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उस दौर में जब समाज में आडंबर, ढोंग और बाहरी दिखावे का बोलबाला था, तब गुरु रविदास महाराज ने सरल और सारगर्भित शब्दों में लोगों को आत्मशुद्धि और सच्चे आचरण का महत्व समझाया। उनके अमर वचन 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी लोगों को यह संदेश देते हैं कि सच्ची पवित्रता बाहरी आडंबरों में नहीं, मन की निर्मलता और सदाचार में निहित होती है। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी गुरु रविदास महाराज की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात कर लें, तो समाज से भेदभाव, घृणा और अन्याय जैसी बुराइयों को समाप्त किया जा सकता है। ऐसा समाज ही सच्चे अर्थों में प्रगतिशील और समरस समाज होगा, जहां हर व्यक्ति को समान सम्मान और अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने भी गुरु रविदास महाराज के आदर्शों पर चलने और समाज में भाईचारे व समानता की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में धर्मसाल महंता पंचायत के पूर्व प्रधान बलवंत सिंह ने कहा कि संजय पराशर सामाजिक सरोकारों को निभाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। इस अवसर पर कड़ोआ गांव से कमल किशोर, अमरजीत सिंह, सुरेश कुमार, जितेंद्र कुमार, विपिन, पुष्पजीत कौर, नीरू देवी, कांता देवी, कौशल्या और वीना देवी भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### गौड़ा में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 15 मार्च को हाउसिंग बोर्ड फीडर में गो स्विच लगाने के कार्य के चलते बसंत रिजॉर्ट्स, हमीर अस्पताल, सिटी अस्पताल, हमीरपुर पब्लिक स्कूल, मोरिंगा मॉल, अपर, मिडल और लोअर गौड़ा, रिलायंस टॉवर, उसयाना, लोहारडा, सीवरेज प्लांट तथा आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से सायं 3 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### धनेटा कॉलेज का वार्षिक समारोह आज

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आज 14 मार्च को आयोजित किया जाएगा जिसमें विधायक भोरंज सुरेश कुमार मुख्य अतिथि होंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद राणा ने बताया कि वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह महाविद्यालय के प्रांगण में भव्यता और उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। यह समारोह विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-पाठ्यक्रमीय प्रतिभा और सर्वांगीण विकास का उत्सव है। उन्होंने बताया कि वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह महाविद्यालय का सामान्य अवसर नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, परिश्रम और प्रतिभा का उत्सव है। यह विद्यार्थियों की मेहनत को सराहने और अभिभावकों व समाज के साथ संस्थान के संबंधों को सुदृढ़ करने का अवसर है।

### ग्रामीणों को आय बढ़ाने के तरीके बताए

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना प्रसंस्करण एवं खाद्य अभियांत्रिकी, खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी, सोलन द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। 12 को ग्राम बीर बगेहड़ा और 13 मार्च को ग्राम बैरी, तहसील सुजानपुर टीहरा में कार्यक्रम हुए। प्रशिक्षण का विषय प्रसंस्करण द्वारा आय वृद्धि और स्वरोजगार की संभावनाएं रहा। सहायक प्राध्यापक अतुल धीमान व ताराचंद ने ग्रामीणों को कृषि-बागवानी उत्पादों के प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन से आय बढ़ाने के तरीके बताए। कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

### बीटेक और एमटेक का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने दिसंबर और जनवरी माह में आयोजित स्नातकोत्तर (पीजी) व स्नातक (यूजी) विषयों के विभिन्न नियमित और री-अपीयर सेमेस्टरों का परीक्षा परिणाम घोषित किया है। तकनीकी विवि ने बीटेक (विभिन्न ब्रांच) के नियमित व री-अपीयर सेमेस्टरों और पीजी विषयों में एम फार्मेसी, एमए, एमएससी योग, एमएससी भौतिक व पर्यावरण विज्ञान, एमटेक (सीएसई, सीई व ईई), एमबीए पर्यटन के नियमित और री-अपीयर सेमेस्टरों का परिणाम जारी किया। तकनीकी विवि के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक अनुपम कुमार ठाकुर ने कहा कि उपरोक्त विषयों का परिणाम परीक्षार्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### संस्था ने जरूरतमंदों को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के आशीर्वाद से संचालित समाजसेवी संस्था 'प्रयास' की दीन हित मंडल लंबलू इकाई ने गरीब और जरूरतमंद लोगों की सहायता की। लंबलू में आयोजित बैठक में संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम ठाकुर की अध्यक्षता में कंबलों का वितरण किया गया। गांव हरनेड, बोहनी और चमनेड के गंभीर रोगियों को आर्थिक मदद प्रदान की गई। झमरेड़ा की कलावती को धर्मशील कार्यक्रम हेतु आर्थिक सहायता दी गई। बड़सर और रज्ज्वार के मरीजों को ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध करवाए गए, जबकि अधरंग रोग से पीड़ित बलबीर सिंह को हाइड्रोलिक बैड प्रदान किया गया। महासचिव डॉ. तिलक राज शर्मा ने बताया कि संस्था भविष्य में भी सेवा कार्य जारी रखेगी।

### एनएच-03 निर्माण कार्य में आई तेजी

**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी।** अटारी से लेह को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे-03 के हमीरपुर-आवाहदेवी सेक्शन पर शेष निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने के लिए एजेंसियों ने काम तेज कर दिया है। बराड़ा के पटनौण चौक में सड़क की वाइडिंग का कार्य शुरू हो गया है। यहां सपनेड़ा की ओर जाने के लिए अप्रोच रोड भी बनाया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर आवाजाही सुविधा मिलेगी। निर्माण कार्य में बाधा न आए इसके लिए क्षेत्र की 33 पेयजल पाइप लाइनों को पहले ही शिफ्ट कर दिया गया है। इसके अलावा सात जंक्शनों को पक्का करने, माइल स्टोन, रोड मार्किंग, साइन बोर्ड और स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य भी जारी है। परियोजना से जुड़े इंजीनियर अंकित सिंह ने बताया कि 31 मार्च तक सभी कार्य पूरे करने का लक्ष्य रखा गया है।

### ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य: राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि इजराइल-अमेरिका-ईरान युद्ध और मध्य-पूर्व तनाव के बीच भारत की कूटनीति ने फिर अपनी मजबूती दिखाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनाई गई संतुलित विदेश नीति ने देश की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित की है। राकेश ठाकुर ने बताया कि रूस और अन्य देशों से तेल और गैस की आपूर्ति जारी है, जिससे पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता पर कोई असर नहीं पड़ा। एलपीजी और एलएनजी गैस की आपूर्ति पर्याप्त है और भंडारण क्षमता मजबूत की गई है। उन्होंने कांग्रेस पर झूठे प्रचार फैलाने का आरोप भी लगाया, जबकि देश की जागरूक जनता स्थिति को भली-भांति समझ रही है।

### दिव्यांग बच्चों और पोषण पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** बाल विकास परियोजना भोरंज के तहत तीन दिवसीय 'पोषण भी पढ़ाई भी' प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। तीसरे दिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग, समावेशन और रेफरल प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में समावेशन के अधिकार, स्क्रीनिंग शेड्यूल, नवचेतना कार्यक्रम के तहत 0-3 वर्ष के बच्चों की स्टिमुलेशन एक्टिविटी और देखभाल पर चर्चा की गई। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के सीखने और विकास के आकलन, असेसमेंट टूल्स, चाइल्ड पोर्टफोलियो और मासिक इसीसीई दिवस की उपयोगिता पर भी प्रशिक्षण दिया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनील कुमार ने कार्यकर्ताओं को जानकारी केंद्रों में लागू करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पोस्ट टेस्ट क्विज और फीडबैक लिया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# चैत्र मास मेलों को लेकर दियोटसिद्ध मंदिर परिसर दुल्हन की तरह सजाया

## आज होगा मेलों का आगाज, गेट नंबर-1 और पांच पर स्थापित किए मेटल डिटेक्टर

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध में 14 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र मास के मेलों को लेकर मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। एडीसी हमीरपुर शनिवार को चैत्र मेलों का विधिवत शुभारंभ करेंगे। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

मंदिर में फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से विशेष सजावट की जा रही है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति के माहौल से सराबोर हो गया है। श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए गेट नंबर पांच से आने वाले यात्रियों के लिए अस्थायी लोहे की सीढ़ियां लगाई गई हैं। पहले यहां बनी सीढ़ियां एडीबी प्रोजेक्ट के तहत चल रहे कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई थीं। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए यह अस्थायी व्यवस्था की गई है। मेले के दौरान सुरक्षा के भी कड़े प्रबंध किए गए हैं।



### मंदिर परिसर को पांच सेक्टरों में बांटा: केशव

**मंदिर** अधिकारी दियोटसिद्ध केशव कुमार ने बताया कि करीब 350 पुलिस व होमगार्ड जवान तैनात रहेंगे। गेट नंबर 1 और 5 पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। इसके अलावा मंदिर परिसर को पांच सेक्टरों में बांटा गया है।

लगभग 350 पुलिस और होमगार्ड के जवान मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में तैनात रहेंगे।

गेट नंबर एक और गेट नंबर पांच पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं, ताकि मंदिर में प्रवेश करने वाले श्रद्धालुओं की जांच की जा सके और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मेला प्रबंधन के लिए प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए तहसीलदार, कानूनगो और नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर ऑफिसर के रूप में तैनात किया गया है। मंदिर परिसर को 5 सेक्टरों में विभाजित किया गया है।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर न्यास की ओर से लंगर की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा विभिन्न धार्मिक संस्थाओं और श्रद्धालुओं द्वारा भी निजी लंगर लगाए जा रहे हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई, रंग-रोगन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पहले ही पूरी कर ली गई हैं, ताकि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# चैत्र माह के पहले दिन बाबा बालकनाथ मंदिर में निभाई जाएगी वर्षों पुरानी परंपरा

अनंत ज्ञान



◆ बाबा बनारसी दास के वंशज चकमोह से पैदल यात्रा कर चढ़ाएंगे झंडा

**एसके ठाकुर, बड़सर।** विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालकनाथ मंदिर में चैत्र माह के प्रथम दिन एक विशेष धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया जाएगा। मंदिर के प्रथम पुजारी बाबा बनारसी दास के वंशज अपने मूल गांव चकमोह से मंदिर तक पैदल यात्रा कर पारंपरिक झंडा चढ़ाएंगे। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र माह के पहले दिन श्रद्धालु चकमोह गांव से झंडा लेकर बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध तक पैदल यात्रा करेंगे। मंदिर पहुंचकर वे बाबा के दरबार में झंडा चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

गौरतलब है कि बाबा बनारसी दास का मूल गांव चकमोह माना जाता है और उनके वंशज आज भी इसी क्षेत्र में निवास करते हैं। वे पीढ़ियों से इस धार्मिक परंपरा को निभाते आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है और श्रद्धालु बड़ी आस्था के साथ इस यात्रा में शामिल होते हैं। इस दौरान भक्त बाबा के जयकारे लगाते हुए मंदिर तक पहुंचते हैं।

### मंदिर के पहले पुजारी थे बाबा बनारसी दास

**मंदिर** इतिहास के अनुसार बाबा बनारसी दास को बाबा बालकनाथ के प्रथम पुजारी के रूप में माना जाता है। उनका मूल गांव चकमोह था। उन्होंने बाबा बालकनाथ की गुफा की सेवा-पूजा और श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक व्यवस्था की शुरुआत की। उनके वंशज आज भी इस परंपरा को निभाते हुए हर वर्ष चैत्र माह के पहले दिन चकमोह से दियोटसिद्ध तक पैदल यात्रा कर झंडा चढ़ाते हैं।

# पूर्व उपप्रधान सुरेंद्र ने ईमानदारी पेश कर लौटाया पैसों से भरा पर्स

अनंत ज्ञान



**भोरंज।** आज के समय में जहां अकसर खोई हुई वस्तु मिलने पर लोग उसे अपने पास रखने का प्रयास करते हैं, वहीं ग्राम पंचायत पपलाह के पूर्व उपप्रधान एवं भोरंज कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। उन्होंने सड़क मार्ग पर मिला पैसों और जरूरी दस्तावेजों से भरा पर्स उसके असली मालिक को वापस कर दिया।

जानकारी के अनुसार सुभाष कुमार पुत्र संजीव कुमार, निवासी गांव कुदड़ा कुठेडा, तहसील सरकाघाट जिला मंडी, किसी शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान भरेड़ी-सरकाघाट सड़क मार्ग पर उनका पर्स कहीं गिरकर गुम हो गया। पर्स में नकदी के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी मौजूद थे, जिसके कारण सुभाष कुमार काफी चिंतित हो गए थे। उधर, जब सुरेंद्र कुमार को सड़क मार्ग पर यह पर्स मिला तो उन्होंने पर्स के अंदर मौजूद दस्तावेजों के आधार पर मालिक की पहचान करने का प्रयास किया। पहचान होने के बाद उन्होंने तुरंत सुभाष कुमार से फोन पर संपर्क किया और उन्हें बताया कि उनका पर्स उन्हें मिल गया है।

इसके बाद सुरेंद्र कुमार ने सुभाष कुमार को भरेड़ी में बुलाकर उनका पर्स, जिसमें नकदी और सभी जरूरी दस्तावेज सुरक्षित थे, उन्हें वापस सौंप दिया। अपना पर्स सुरक्षित वापस मिलने पर सुभाष कुमार ने सुरेंद्र कुमार का आभार व्यक्त करते हुए उनकी ईमानदारी और समाज के प्रति जिम्मेदारी की सराहना की।

## युवा चेंजमेकर कार्यक्रम में 10,000 रजिस्ट्रेशन पूरे लोकप्रियता का प्रमाण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के युवाओं को राजनीति, पॉलिसी और नेतृत्व की अगली पीढ़ी के रूप में तैयार करने के उद्देश्य से शुरू किए गए अपने निजी लीडरशिप फेलोशिप कार्यक्रम युवा चेंजमेकर के प्रदेश भर में 10,000 रजिस्ट्रेशन पूरे होने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने इसे कार्यक्रम की सफलता और लोकप्रियता का प्रमाण बताया। अनुराग ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है और भाजपा व मोदी सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने और भविष्य का नेतृत्व तैयार करने के लिए कृतसंकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने की बात कर चुके हैं। हिमाचल प्रदेश के युवाओं को राजनीति में भागीदारी के लिए प्रेरित करने, सार्वजनिक नीति के प्रति उनकी समझ विकसित करने, नेतृत्व की नई पीढ़ी तैयार करने तथा उनकी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय भागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से 23 जनवरी को युवा चेंज मेकर नामक लीडरशिप फेलोशिप कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी।

# सीएंडवी अध्यापक संघ ने मुख्यमंत्री से की 20 साल सेवा के बाद विशेष वेतन वृद्धि बहाल करने की मांग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राजकीय सीएंडवी अध्यापक संघ हिमाचल प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य मुख्य मार्गदर्शक एवं जिला अध्यक्ष हमीरपुर सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता तथा राज्य महासचिव होशियार सिंह की उपस्थिति में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सेरा विश्राम गृह में सीएंडवी अध्यापकों के 20 साल का सेवाकाल पूरा करने के बाद मिलने वाली विशेष दो वेतन वृद्धियों पर 2022 से लगाई गई रोक को हटाने के लिए मिला। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह सेवा लाभ हमें वर्ष 1999 से लगातार मिलता आ रहा है तथा यह लाभ सीएंडवी अध्यापकों के साथ साथ हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालकों तथा प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को 20 साल का सेवाकाल पूरा होने के पश्चात दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बात को बड़े ध्यान से सुना तथा संगठन के पदाधिकारियों को आश्वसान दिया कि इस विषय पर गंभीर विचार विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर आचार्य अजय कुमार खंड प्रधान नादौन तथा विजय कुमार वरिष्ठ उप प्रधान हमीरपुर और महिला मोर्चा अध्यक्ष मैडम मीनाक्षी शर्मा सहित अन्य अध्यापक भी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को टोपी तथा स्मृति चिन्ह आदि देकर सम्मानित भी किया।

### बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष नितिश भारद्वाज की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू से सेरा विश्राम गृह में मिला और बिजली कर्मचारियों की मांगों से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने ओवरटाइम पे स्कीम (ओपीएस) लागू करने, मंडल और वृत स्तर के कर्मचारियों की पदोन्नति संबंधी फाइलों को शीघ्रता से मंजूरी के लिए भेजने के बजाय कैडर कंट्रोलिंग अथॉरिटी को पदोन्नति आदेश जारी करने की अनुमति देने की मांग की, ताकि पदोन्नति में अनावश्यक देरी न हो और वरिष्ठता प्रभावित न हो। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों की भारी कमी को देखते हुए रिक्त पदों पर नई भर्ती शुरू करने, आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति बनाने, कंप्यूटर ऑपरेटर्स के पदोन्नति नियम बनाने और यूनियन के महाधिवेशन (15 अक्तूबर 2025) में की गई घोषणाओं को लागू करने के लिए निर्देश जारी करने की मांग भी की गई। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### मुख्यमंत्री ने शोक ग्रस्त परिवार को दी सांत्वना

**नादौन।** मुख्यमंत्री सुक्खू शुक्रवार को ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के लुथान गांव में हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन नरदेव सिंह कंवर के घर पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। पिता शक्ति चंद कंवर की मृत्यु से शोकग्रस्त नरदेव कंवर व परिजन को सांत्वना दी और ढांढस बंधाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद बच्चों के साथ संवाद भी किया। इस अवसर पर विधायक संजय रत्न व चेयरमैन कुलदीप पठानिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष, हमीरपुर सुमन भारती भी मौजूद रहे।।

## गैस बुक करवाने के लिए बार-बार न करें मिस्ड कॉल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। सभी गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस सिलिंडर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि वे अपना सिलेंडर बुक करने हेतु गैस एजेंसी द्वारा उपलब्ध करवाए गए मोबाइल नंबर पर बार-बार मिस कॉल न करें। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 20 प्रतिशत वाणिज्यिक गैस सिलिंडरों की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। इसके अतिरिक्त होटल व ढाबा मालिको की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा शीघ्र ही मिट्टी तेल की आपूर्ति भी शुरू की जा रही है तथा जिला में कार्यरत जिन शैक्षणिक संस्थानों में छात्रावास चल रहे हैं, उनकी मांग भी संबंधित तेल कंपनियों को भेज दी गई है और उनकी आपूर्ति भी निर्वाध जारी रखने के लिए विभाग कोशिश कर रहा है। इस संबंध में जिले की सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पर्याप्त स्टॉक बनाए रखें तथा घरेलु, वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करें।

# विधायक सुरेश ने बेहड़बीं जट्टां में सामुदायिक केंद्र का किया शिलान्यास



सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास करते हुए विधायक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार ने अपने प्रवास के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को नजदीक से सुना। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका प्रयास है कि वे अधिक से अधिक समय जनता के बीच बिताएं और उनकी समस्याओं का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया जा सके। 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत उन्होंने मुंडखर और बेहड़बीं जट्टां गांवों का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं उनके सामने रखीं। विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया।

इसके साथ ही उन्होंने बेहड़बीं जट्टां गांव में सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि इस भवन के बनने से गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने कई विवाह समारोहों में भी भाग लेकर नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने इस जनसंपर्क कार्यक्रम की सराहना की।

## पट्टा और लदरौर पेयजल योजना एक साल में होगी तैयार

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के समकरी और चंड़वान गांव में 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक सुरेश कुमार ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि भोरंज क्षेत्र का विकास पूर्व राजस्व मंत्री स्वर्गीय चौधरी धर्म सिंह के कार्यकाल में हुआ था, जबकि भाजपा नेताओं ने केवल वोट लेने का ही काम किया है। यही कारण है कि आज क्षेत्र में कई समस्याएं देखने को मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में आज भी लोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन अब इसे दूर करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पट्टा-लदरौर क्षेत्र के लिए 113 करोड़ रुपये की नई पेयजल योजना बनाई जाएगी। इसके लिए एक महीने के भीतर टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी व एक साल के भीतर योजना तैयार कर ली जाएगी, जिससे पट्टा-बलोखर से लेकर मुंडखर तक लोगों को पानी की सुविधा मिलेगी।

### जमीन से लाइन बिछाने के लिए भरी हामी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** ग्राम पंचायत पनसाई के छोटा बल्ह में नए मकान के लिए बिजली और पानी के कनेक्शन को लेकर विवाद के समाधान हेतु शुक्रवार को जल शक्ति विभाग, बिजली बोर्ड, लोक निर्माण और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने गांववासियों के साथ मध्यस्थता बैठक की। अधिकारियों ने बताया कि वीना देवी के मकान तक पाइप लाइन और विद्युत लाइन बिछाने के लिए जमीन मालिकों के एनओसी आवश्यक हैं। मौके पर कई जमीन मालिकों ने एनओसी देने की हामी भर दी और हस्ताक्षर किए। बैठक में विद्युत उपमंडल धनेटा के सहायक अभियंता सुशील कुमार, कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमार, लोक निर्माण विभाग के धर्म सिंह, जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता अमित कुमार सहित पंचायत प्रधान दिनेश कुमार उपस्थित रहे। सभी आवश्यक एनओसी मिलने के बाद ही बिजली-पानी के कनेक्शन का कार्य शुरू किया जाएगा।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सीखे तरीके

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर 'पोषण भी पढ़ाई भी' का शुक्रवार को सफल समापन हुआ। 11 मार्च से शुरू हुए इस शिविर में लगभग 100 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास की नवीनतम तकनीकों से परिचित कराया गया। समापन दिवस की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज कुमार ने की। प्रशिक्षण में नवचेतना आधारशिला, कुपोषण की पहचान और प्रबंधन, दिव्यांग बच्चों की पहचान व समावेशन, टीएलएम के प्रभावी उपयोग और खेल-खेल में शिक्षा देने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी गई। विभाग ने सभी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

### जल संरक्षण के उपायों को लेकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, जाहू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में नैना इको क्लब द्वारा ऊर्जा और जल संरक्षण विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्य अतिथि स्कूल प्रधानाचार्य देशराज कमल ने विद्यार्थियों और अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते समय में ऊर्जा और जल का संरक्षण हर व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने बच्चों को संरक्षण के उपाय बताए और अपने परिवार तथा ग्रामीणों को जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नैना इको क्लब प्रभारी नीतू वर्मा, प्रवक्ता वीना वर्मा, सुनील दत्त सहित अन्य शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सीएम को दिया स्थापना दिवस समारोह का न्योता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ के 29वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए शिष्टमंडल ने नादौन में उनसे मुलाकात की और निमंत्रण पत्र सौंपा। प्रदेशाध्यक्ष के.सी. गौतम की अगुआई में हुई भेंट में मुख्यमंत्री ने बताया कि विधानसभा सत्र की व्यस्तता के कारण शिमला सचिवालय जाकर ही उनकी पुष्टि हो पाएगी। उन्होंने संघ को यह भी जानकारी दी कि सरकार 65-70 आयु वर्ग के पेंशनरों के पेंशन संशोधन के बकाया एरियर का भुगतान शीघ्र ही कर देगी। शिष्टमंडल में प्रदेश मुख्य संगठन सचिव प्रशोतम दास शर्मा, जिला प्रधान देवराज पटियाल, नादौन खंड प्रधान जगदीश चन्द शर्मा और सलाहकार अवनीश कुमार भी शामिल रहे।

### अब नगर निगम के टाउन हॉल में होंगे चुनाव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर की बैठक उपमंडल अधिकारी हमीरपुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 मार्च को होने वाले चुनाव अब बहुआयामी भवन की जगह नगर निगम, वार्ड नंबर 6 के टाउन हाल में आयोजित किए जाएंगे। अध्यक्ष विजय कुमार पुरी ने बताया कि टाउन हाल में प्रवेश सुबह 10 बजे से 11.55 बजे तक होगा, इसके बाद किसी सदस्य को प्रवेश नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि सदस्य अपने पहचान पत्र के साथ मतदान कर सकते हैं। यदि पहचान पत्र गुम हो गया हो, तो लाइफ मेंबरशिप रसीद या अन्य कोई प्रमाण लेकर आएं, ताकि उन्हें वोटिंग से वंचित न होना पड़े।

### पेंशनरों की देनदारियों का करें प्रावधान: अजमेर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर ने कहा कि 16 मार्च को पेंशनर समाज सभी जिला मुख्यालयों पर धरना देकर उपायुक्तों के माध्यम से ज्ञापन सौंपेगा। उन्होंने बताया कि 30 मार्च को हिमाचल प्रदेश पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति के 18 संगठनों के हजारों पेंशनर अपने परिवारों के साथ विधानसभा का घेराव करेंगे। ठाकुर ने कहा कि अन्य विभागों को 3 प्रतिशत डीए मिल गया है, लेकिन परिवहन पेंशनरों को यह लाभ नहीं मिला है। उन्होंने सरकार से अपील की कि पेंशन और सभी वितीय लाभ समय पर प्रदान किए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि बजट में पेंशनरों की 70 प्रतिशत देनदारियों का प्रावधान किया जाता है, तो 30 मार्च की रैली टाली जा सकती है।

# यूएस ट्रेड डील, एपस्टीन फाइल्स व गैस की कमी पर जवाब दें पीएम: युवा कांग्रेस

अनंत ज्ञान

◆ 16 मार्च को युवा कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** प्रधानमंत्री यू.एस ट्रेड डील, एपस्टीन फाइल्स और एल.पी.जी गैस की कमी के मुद्दे पर देश और देश की जनता से भाग नहीं सकते। प्रधानमंत्री को यूएस ट्रेड डील को रदद करना होगा। यह बात युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ चंदन राणा ने हमीरपुर में प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने केंद्र सरकार पर देश से समझौता करने और 140 करोड़ लोगों के हितों को मुश्किल में डालने का आरोप लगाया। डॉ चंदन राणा ने कहा कि शांतिपूर्वक विरोध-प्रदर्शन एक स्वस्थ लोकतंत्र के स्तम्भ हैं और हर वर्ग का लोकतान्त्रिक अधिकार है।

सत्ता से सवाल पूछना, असहमती और जवाबदेही मांगना किसी भी तरीके से गलत नहीं है, ये लोकतंत्र की ताकत है कमजोरी नहीं। उन्होंने कहा कि एआई सम्मिट के दौरान शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने वाले युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर कड़ी और सख्त धाराएं लगा केंद्र सरकार ने तानाशाही की । अलग अलग राज्यों में उनके संबंधियों और परिवारजनों को लगातार परेशान किया गया। डॉ चंदन राणा ने कहा कि आज देश एल.पी.जी गैस की कमी से त्रस्त है, घरेलू उपयोग के गैस पर रोक लगा दी गई है और व्यावसायिक उपयोग के सिलेंडर मिल नहीं रहे।

अमेरिका के राष्ट्रपति के दबाव में नुकसानदायक भारत-यू.एस ट्रेड डील समझौता करने और एपस्टीन फाइल्स में सीधे तौर पर एक केंद्रीय मंत्री का नाम आने के बावजूद प्रधानमंत्री चुप हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में युवा कांग्रेस का ये विरोध ओर गति पकड़ेगा और 16 मार्च को दिल्ली में सांसद घेराव किया जाएंगा। इस दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अखिलेश चैधरी, वरिष्ठ युवा कांग्रेस रितेश चैहान, जिला उपाध्यक्ष बिश्व शामा, जिला महासचिव रोहित धरोच, विधानसभा उपाध्यक्ष रजत राणा, शहरी अध्यक्ष अनिरुद्ध ठाकुर आदि युवा साथी मौजूद रहे।

**रोष** ग्रामीणों ने की कामाख्या देवी मंदिर के पास दोनों ओर डंगा लगाकर सड़क ऊंची करने की मांग

# कश्मीर सड़क पर ग्रामीणों का 3 घंटे प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

◆ एसडीएम नादौन बोले- सोमवार तक किया जाएगा समस्या का समाधान

**गलोड़।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनने वाली 9 किलोमीटर के करीब पनियाली से कश्मीर सड़क पर शुक्रवार को कश्मीर के वाशिंदों ने तीन घंटे तक सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। इस सड़क पर 7 करोड़ 14 लाख के करीब की राशि खर्च की जा रही है। लोगों का रोष था कि कामाख्या देवी मंदिर के पास सड़क के दोनों ओर डंगा लगाकर सड़क को ऊंचा किया जाए क्योंकि दो गांव कश्मीर व नुग्रां के लोगों की बड़ी गाड़ियां खासकर इंटों के ट्रक इस घुमावदार सड़क की चढ़ाई पर नहीं चढ़ पाते हैं।

लोगों को ट्रैक्टर के माध्यम से ईंटों को उनके घरों तक ले जाना पड़ता है। लोगों का आरोप था कि कश्मीर में लोक निर्माण विभाग ने उनकी जमीनों को बिना उनकी उनकी सहमति से खुदाई कर दी और उन्होंने भी विभाग का सहयोग किया ताकि सडक ठीक बन जाए,



कश्मीर सड़क पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अनंत ज्ञान

मगर अब लोग जहां जायज मांग कर रहे हैं उस बात को लोक निर्माण विभाग के अधिकारी अनसुना कर रहे हैं व बहाने बना रहे हैं। लोगों को गुमराह किया जा रहा है कभी शपथ पत्र की बात कर रहे हैं कभी डीपीआर की बातें उन्हें बताई जा रही है। कश्मीर निवासियों का कहना था कि जब अन्य जगह उन्होंने लोगों की जमीन उखाड़ी तो शपथ पत्र उनसे क्यों नहीं मांगे। इस धरना प्रदर्शन में गांव वासी कैप्टन बलबीर सिंह, सूबेदार धर्म सिंह, ठाकुर रमेश चंद्र, भरत जागीर, निर्मला, पूनम, अमरो, सरोज, पूर्व प्रधान सरला देवी, ध्रुव सिंह राणा, सुभद्रा, हंसराज, फतेह सिंह, चुन्नी लाल, लेखराज, अमर सिंह, तेज सिंह, मनजीत ठाकुर, उम्मेद सिंह व अन्य ने कहा कि यदि प्रशासन या लोक निर्माण विभाग ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया तो इसके लिए विरोध को और तेज किया जाएगा।

लोगों का कहना था कि ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी पत्राचार के माध्यम से अवगत करवाया था मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है इस मामले पर एसडीएम नादौन निशांत शर्मा ने बताया कि लोगों की जायज मांग को सुना जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर सोमवार तक लोगों से मिलकर उनकी समस्या को सुनेंगे ताकि ग्रामीणों को कोई भी समस्या ना आए उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा देखभाल और उनके जीवन को सुगम बनाना होता है। इस मामले पर पूर्व प्रधान सुरजीत कुमार ने बताया कि जहां लोग डंगे की मांग कर रहे हैं वह बिल्कुल जायज है बड़े ट्रक गाड़ियां वहां चढ़ाई पर नहीं चढ़ सकते हैं विभाग लोगों की उचित मांग पर गौर करे।

# पंजाब का व्यक्ति 467 ग्राम चरस के साथ किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



चंबा। जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चंबा पुलिस की विशेष जांच इकाई को शुक्रवार तड़के एक महत्वपूर्ण सफलता मिली। निरीक्षक गगन की अध्यक्षता में पुलिस दल ने सरू क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान पंजाब के एक व्यक्ति को 467 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विशेष जांच इकाई चंबा की टीम तड़के लगभग सुबह 4 बजकर 30 मिनट पर सरू क्षेत्र में नियमित गश्त व नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस दल की नजर एक व्यक्ति पर पड़ी जो वर्षा आश्रय स्थल के पास एक बैग के साथ खड़ा था। पुलिस की गाड़ी को अपनी ओर आते देख वह व्यक्ति घबरा गया और उसके हावभाव संदिग्ध दिखाई दिए। उसकी घबराहट को देखते हुए पुलिस को उस पर शक हुआ। इसके बाद पुलिस दल ने उसे रोककर पूछताछ की और उसके पास मौजूद बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बैग से 467 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वीरेंद्र शर्मा (48 वर्ष) पुत्र केवल शर्मा निवासी कोटली नंगल, गुरदासपुर (पंजाब) के रूप में हुई है। बरामद नशीले पदार्थ को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

पुलिस द्वारा आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह चरस कहां से लेकर आया था व इसे किस स्थान पर पहुंचाने की योजना थी। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस मामले में किसी बड़े नशा तस्करी गिरोह की संलिप्तता तो नहीं है। यह पूरी कार्रवाई निरीक्षक गगन की अध्यक्षता में विशेष जांच इकाई चंबा के पुलिस दल द्वारा अंजाम दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा व ऐसे अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती रहेगी।

# सीएचसी चूड़ी को अल्ट्रासाउंड मशीन की वर्षों बाद मिलेगी सौगात

अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान विशेष

राहुल सहगल, चंबा। चंबा से भरमौर के बीच बसे दूरदराज के क्षेत्रों के हजारों लोगों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चूड़ी में अल्ट्रासाउंड मशीन की स्थापना उम्मीद की एक बड़ी किरण बनकर सामने आई है।

एनएचपीसी चमेरा चरण तीन के सामाजिक दायित्व बजट के तहत इस मशीन की स्वीकृति मिल चुकी है व एनएचपीसी व जिला प्रशासन के बीच समझौता ज्ञापन भी हस्ताक्षरित हो चुका है, अब क्षेत्र के लोग इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस मुद्दे पर अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में चूड़ी धरवाला वार्ड के पूर्व वार्ड सदस्य संजय राजपूत ने कहा कि यह मशीन क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव ला सकती है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, 'मेरी उम्र आज 32 साल हो चुकी है, लेकिन आज तक मैंने सीएचसी चूड़ी में अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं देखी, अब जब यह मशीन स्वीकृत हुई है तो क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही यह सुविधा वास्तव में शुरू होगी। उन्होंने बताया कि सीएचसी चूड़ी खुलने के बाद आज तक यहां अल्ट्रासाउंड मशीन की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है। इसके कारण चंबा से लेकर भरमौर के बीच की लगभग 30 से 35 पंचायतों के करीब 70 से 80 हजार लोगों को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

संजय राजपूत ने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र के मरीजों को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए करीब 40 किलोमीटर दूर चंबा जाना पड़ता है। वहीं, पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज व अस्पताल चंबा में कई बार मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए एक से दो महीने बाद की तारीख मिलती है, ऐसी स्थिति में कई लोगों को मजबूर होकर निजी केंद्रों का रुख करना पड़ता है, जहां लंबी कतारों में घंटों इंतजार करना पड़ता है और आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि यदि यह मशीन सीएचसी चूड़ी में स्थापित हो जाती है, तो इससे हजारों परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर मरीजों को बार-बार दूर जाने की परेशानी से छुटकारा मिलेगा व लोगों को अपने ही क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण जांच सुविधा मिल सकेगी। संजय राजपूत ने जिला प्रशासन व एनएचपीसी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से क्षेत्र के लोगों में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने आग्रह किया कि स्वीकृत अल्ट्रासाउंड मशीन को जल्द सीएचसी चूड़ी में स्थापित करने की प्रक्रिया को तेज किया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को इसका लाभ शीघ्र मिल सके। स्थानीय लोगों का मानना है कि सीएचसी चूड़ी में यह सुविधा शुरू होने से न केवल दूरदराज के गांवों के 70 से 80 हजार लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि चंबा मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड के बढ़ते दबाव को भी काफी हद तक कम किया जा सकेगा। अब पूरे क्षेत्र की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि यह स्वीकृति कब जमीन पर उतरकर वास्तविक राहत में बदलेगी।

# गुरेठ स्कूल लगातार दूसरी बार एसएमसी में प्रथम स्थान पर

अनंत ज्ञान, भरमौर। बीआरसीसी कार्यालय गरोला में उत्कृष्ट प्राथमिक विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए एसएमसी सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रारंभिक शिक्षा खंड अधिकारी गरोला इंदु बाला मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अशोक कुमार तथा श्याम लाल ने उपस्थित एसएमसी सदस्यों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा विद्यालय प्रबंधन में एसएमसी की भूमिका पर प्रकाश डाला। समारोह के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति के चयन की घोषणा की गई। इसमें राजकीय प्राथमिक पाठशाला गुरेठ ने लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय प्राथमिक पाठशाला ओपण ने द्वितीय स्थान तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला सुंकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि द्वारा विजेता विद्यालयों के अध्यापकों व एसएमसी सदस्यों को नकद पुरस्कार तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीपक कुमार, राजेश कुमार, विशाल कुमार, विपिन कुमार, अनीता देवी, दीपा राम तथा गीता देवी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विधायक डॉ. जनक राज ने सलूण गांव के आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास में किया योगदान

अनंत ज्ञान



ओपी शर्मा, भरमौर। भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज ने होली घाटी के सलूण गांव के सात आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए सराहनीय पहल की है। हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा में इस गांव के कई परिवारों का आशियाना बह गया था।

विधायक डॉ. जनक राज के प्रयासों से इन सात परिवारों को उनके घरों के पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक गृह निर्माण सामग्री उपलब्ध करवाई गई है। वहीं, इन परिवारों के लिए लेबर (मजदूरी) का मानदेय पहले ही उनके बैंक खातों में जमा कर दिया गया, ताकि निर्माण कार्य में कोई आर्थिक बाधा न आए। विधायक डॉ. जनक राज ने आपदा के समय मौके पर जाकर प्रभावित परिवारों की स्थिति का जायजा लिया था और तत्काल राहत के रूप में व्यक्तिगत स्तर पर आर्थिक सहायता व आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई थी। सिर्फ तात्कालिक राहत तक सीमित न रहते हुए, उन्होंने प्रभावित परिवारों के नुकसान का संबंधित विभागों से विधिवत आंकलन करवाया और प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए, जिससे सरकारी सहायता की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा सके। इस पहल के चलते प्रभावित परिवारों को पुनर्वास में मदद मिली और उन्हें अपने जीवन को दोबारा शुरू करने का हौसला मिला। स्थानीय लोगों ने विधायक डॉ. जनक राज की इस संवेदनशील और सक्रिय भूमिका की सराहना की है।

उन्होंने बताया कि कठिन समय में इस तरह की निरंतर मदद से प्रभावित परिवारों को न केवल आर्थिक राहत मिली है, बल्कि उन्हें सुरक्षा और आत्मविश्वास भी मिला है। विधायक डॉ. जनक राज ने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों की मदद उनकी प्राथमिकता है और किसी भी जरूरतमंद परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुनर्वास कार्यों में हर स्तर पर सहयोग जारी रहेगा और क्षेत्र के लोगों को आवश्यक समर्थन प्रदान किया जाएगा। इस पहल से यह स्पष्ट हुआ कि स्थानीय नेतृत्व और प्रशासनिक समन्वय के माध्यम से आपदा प्रभावितों को शीघ्र राहत और पुनर्वास उपलब्ध करवाना संभव है।

# दो चरणों में की जाएगी जनगणना प्रक्रिया

अनंत ज्ञान



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मुकेश रेपसवाल। अनंत ज्ञान

चंबा। डीसी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिला चंबा में जनगणना-2027 के प्रथम चरण हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि जनगणना प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की जाएगी।

पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं आवासों से संबंधित जानकारी एकत्रित की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण 12 मई से 10 जून तक आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरा चरण 9 फरवरी से 5 मार्च 2027 तक संचालित होगा। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक गतिविधियों में से एक है। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संचालित की जाएगी। इसके लिए स्मार्टफोन आधारित मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग किया जाएगा। इससे डेटा का संकलन और प्रसंस्करण पहले की तुलना में अधिक तेज और सटीक तरीके से किया जा सकेगा। डीसी ने जिलावासियों से अपील की कि वे जनगणना कार्य में पूरा सहयोग दें और प्रगणकों को सही जानकारी उपलब्ध करवाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक निदेशक अनिल कुमार ने अधिकारियों को जनगणना से संबंधित नियमों, प्रक्रियाओं तथा डेटा संचालन के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जिले में एंयूमरेटर और सुपरवाइजर इस कार्य में तैनात किए जाएंगे, जो घर-घर जाकर निर्धारित प्रपत्र के अनुसार जानकारी एकत्रित करेंगे। डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण सामग्री का गहन अध्ययन करें तथा जनगणना कार्य को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न करें। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया गया तथा जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए समन्वय और बेहतर योजना पर बल दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती, एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज, एसडीएम सलूणी चंद्रवीर सिंह, एसडीएम चुराह राजेश कुमार, एसडीएम भटियात मनीष सोनी, एसडीएम भरमौर विकास शर्मा, सहायक आयुक्त राहुल धीमान, जिला राजस्व अधिकारी डॉ. विक्रमजीत सिंह, वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद राखी कौशल, नोडल अधिकारी कपिल कुमार व विभिन्न तहसीलों के तहसीलदार और उप तहसीलों के नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स का लंबित भुगतानों को लेकर 16 मार्च को चंबा में धरना-प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

◆14 सूत्री मांगों को लेकर सरकार को चेतावनी

चंबा। हिमाचल प्रदेश पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति यूनिट जिला चंबा के बैनर तले जिले के विभिन्न विभागों, निगमों, बोर्डों, विश्वविद्यालयों, शहरी निकायों तथा कॉरपोरेट सेक्टर से जुड़े 18 पेंशनर संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य अपनी लंबित मांगों को लेकर 16 मार्च को जिला मुख्यालय चंबा में सांकेतिक धरना-प्रदर्शन और रैली करेंगे। यह निर्णय 5 मार्च 2026 को सुंदरनगर जिला मंडी में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में लिया गया था।

समिति के पदाधिकारियों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा पेंशनरों के प्रति अपनाए जा रहे उदासीन रवैये को लेकर पेंशनरों में भारी रोष है। पेंशनरों का कहना है कि 1 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों व कर्मचारियों के संशोधित वेतन, ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट, पेंशन कम्यूटेशन राशि तथा लगभग 146 महीनों के महंगाई भत्ते के बकाया भुगतान सहित करीब 10 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्तें अभी तक लंबित हैं। पेंशनर संगठनों का आरोप है कि इन लंबित भुगतानों को लेकर सरकार द्वारा अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। वहीं, 28 नवंबर 2025 को धर्मशाला तपोवन में विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा पेंशनरों से वार्ता के लिए 10 दिनों के भीतर संयुक्त समन्वय समिति गठित करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी न तो समिति का गठन किया गया और न ही कोई वार्ता हुई। इसी मुद्दे को लेकर पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति ने सरकार को पुनः चेताने का निर्णय लिया है। 16 मार्च को चंबा के चौगान नंबर-2 से रैली शुरू होकर मुख्य बाजार का चक्कर लगाते हुए डीसी कार्यालय चंबा पहुंचेगी, जहां पेंशनरों का 14 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधीश के माध्यम से राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

# प्रभावशाली लोगों के दबाव में बनाई जा रही नई पंचायत?

## जय सिंह का डीसी ऑफिस के बाहर हंगामा, बीडीओ पर गंभीर आरोप

अनंत ज्ञान



डीसी कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करते जय सिंह। अनंत ज्ञान

चंबा। ग्राम पंचायत ब्रेही को तोड़कर नई पंचायत गदियाडा बनाने के प्रस्ताव को लेकर शुक्रवार को चंबा में सियासी पारा चढ़ गया।

भाजपा नेता जय सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शुक्रवार को डीसी ऑफिस के बाहर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ तीखी नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान जय सिंह ने बीडीओ मैहला पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नई पंचायत गदियाडा का गठन कुछ प्रभावशाली लोगों के दबाव में कराया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि बीडीओ मैहला द्वारा 17 नवंबर 2024 को भेजा गया प्रस्ताव पूरी तरह गलत और भ्रामक है। जय सिंह ने कहा कि जिस ग्राम सभा का हवाला देकर नई पंचायत का प्रस्ताव भेजा गया है, उस बैठक में ऐसा कोई प्रस्ताव पास ही नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि कागजों में फर्जी तरीके से प्रस्ताव दिखाकर सरकार को गुमराह किया गया है। धरने में शामिल ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने इस मामले में अपनी आपत्तियां दर्ज करवाई हैं, लेकिन उनकी आवाज को नजरअंदाज किया जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए और बीडीओ मैहला के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। जय सिंह ने कहा कि अगर ग्राम सभा में प्रस्ताव पास नहीं हुआ, तो फिर नई पंचायत बनाने की प्रक्रिया किस आधार पर शुरू की गई? उन्होंने आरोप लगाया कि चंबा में अफसरशाही हावी होती जा रही है और प्रभावशाली लोगों के फोन पर फैसले हो रहे हैं, जबकि गरीब और आम लोग अपने हक के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को खुद मौके पर आकर सच्चाई देखनी चाहिए। ग्रामीणों ने भी मांग की कि डीसी मौके पर आकर स्थिति का जायजा लें और जो फैसला वे मौके पर करेंगे, वही उन्हें मंजूर होगा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि अगर उनकी आवाज दबाने की कोशिश हुई तो वे बड़े स्तर पर संघर्ष करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# चंबा में एलपीजी, पेट्रोल व डीजल का पर्याप्त भंडारण

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चंबा जिले में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी), पेट्रोल व डीजल का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है तथा आम जनता को किसी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराहट में अनावश्यक गैस बुकिंग करने से बचें। जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले चंबा ए अधिकारी कर्ण ठाकुर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वर्तमान समय में जिले में केवल व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पर कुछ प्रभाव पड़ा है। हालांकि निजी एवं सरकारी अस्पतालों तथा शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, ताकि आवश्यक सेवाएं प्रभावित न हों। प्रशासन ने बताया कि जिले में घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है और इसके लिए पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। लोगों से अपील की गई है कि वे धैर्य बनाए रखें और अफवाहों के कारण अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर बुक न करें। जिला नियंत्रक ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सभी निरीक्षकों को निर्देश जारी किए हैं कि वे प्रतिदिन स्थिति की समीक्षा करें और आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखें। जिला सूचना एवं लोक संपर्क अधिकारी को भी निर्देशित किया गया है कि इस प्रेस विज्ञप्ति को जनहित में समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाया जाए, ताकि आम जनता तक सही जानकारी पहुंच सके।

## राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में एंटरप्रेन्योरशिप अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित

# विद्यार्थियों को उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी



उद्यमिता के पहलुओं के बारे में जानकारी देते एनएसआईसी टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर मंडी के प्रबंधक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

पधर, कविता। राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में एनएसआईसी टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर मंडी के सहयोग से एकदिवसीय एंटरप्रेन्योरशिप अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल नौकरी तक सीमित न रहकर स्वयं का व्यवसाय शुरू करने तथा रोजगार तलाशने के बजाय रोजगार प्रदान करने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में एनएसआईसी के मुख्य प्रबंधक लोकेश भाटिया ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में नए बिजनेस आइडिया विकसित करना, मार्केट और तकनीकी कौशल को मजबूत बनाना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) मंडी के आर्थिक अन्वेषक दिलीप भारद्वाज ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा युवाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, वित्तीय सहायता, सब्सिडी तथा स्टार्ट-अप से जुड़ी पहलों की जानकारी साझा की। विशेषज्ञों ने अपने संबोधन में कहा कि तकनीकी कौशल और नवाचार सफल उद्यमिता की मजबूत नींव हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने विचारों को विकसित कर आत्मनिर्भर बनने और समाज में रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. निशा वैद्य ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं और उनके कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

# चौहार और छोटा भंगाल घाटी में पर्यटन की अपार संभावनाएं

अनंत ज्ञान

रूपी ठाकुर, बरोट। जिला मंडी की चौहार घाटी और छोटा भंगाल घाटी प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर होने के बावजूद पर्यटन के क्षेत्र में अभी पूरी तरह विकसित नहीं हो पाई हैं।

हर वर्ष इन घाटियों की मनमोहक वादियों को देखने के लिए सैकड़ों विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर सहित विभिन्न राज्यों से भी पर्यटक यहां आते हैं। इन दोनों घाटियों में फूलाधार, झटिंगरी, नालडेहरा, टिक्कन, थल्टूखोड़, रूलिंग नाला तथा छोटा भंगाल घाटी के पनिहारटू, पलाचक, राजगुंधा, कुक्कड़ गुंधा, घोड़ लेटनू, डमाण, बड़ा ग्रां, लोलर, लोहारड़ी और पुरानी हेचरी जैसे स्थल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनते जा रहे हैं। ऊहल नदी के किनारे बसा प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर बरोट क्षेत्र भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहां मत्स्य फार्म, पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के तीन कृत्रिम जलाशय, कृत्रिम फव्वारा, ऊहल और लंबाडग नदियां तथा राजाओं के समय का बना काष्ठनुमा रेस्ट हाउस प्रमुख आकर्षण हैं, जो वर्तमान में लोक निर्माण विभाग के अधीन है। इसके अलावा अंग्रेजों के समय बनाया गया रोपवे भी यहां का प्रमुख आकर्षण है। बरोट और आसपास के क्षेत्रों में वन विभाग, मत्स्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, आईपीएच विभाग तथा पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के रेस्ट हाउस मौजूद हैं। इसके साथ ही कई निजी होटल, होम-स्टे और रेस्टोरेंट पर्यटकों की सुविधा के लिए संचालित किए जा रहे हैं, जिन्हें सरकारी मान्यता प्राप्त है। पर्यटकों की सुविधा के लिए मुल्थान व टिक्कन स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखाओं में एटीएम भी स्थापित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पर्यटन के लिहाज से इन घाटियों को अभी पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं। कई गांव आज भी सड़क सुविधा से वंचित हैं, जिससे लोगों को सामान पीठ पर उठाकर कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है।

# विधानसभा अध्यक्ष का प्रवास कार्यक्रम जारी

अनंत ज्ञान, चंबा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 14 से 16 मार्च तक चंबा प्रवास पर रहेंगे।



विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया 14 मार्च को दोपहर 12:30 बजे ग्राम पंचायत मलुंदा के जाजड़ी से भटूंई संपर्क सड़क मार्ग का शिलान्यास करेंगे इसके पश्चात वह डलहौजी में होटल माउंट व्यू में निजी कार्यक्रम में शामिल होंगे व उनका रात्रि ठहराव डलहौजी में ही रहेगा। 15 मार्च को विधानसभा अध्यक्ष स्थानीय कार्यक्रमों में उपस्थित होंगे व 16 मार्च को दोपहर दो बजे सिहुंता से शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

# 15 मार्च को चंबा में एफएलएनएटी परीक्षा

अनंत ज्ञान, चंबा। उल्लास कार्यक्रम के तहत 15 मार्च 2026 को चंबा जिले में एफएलएनएटी (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी असेसमेंट टेस्ट) परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में जिले के 15 ब्लॉकों से लगभग 2000 वयस्क शिक्षार्थी भाग लेंगे और अपनी बुनियादी साक्षरता तथा गणना क्षमता का मूल्यांकन करवाएंगे। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था, पर्यवेक्षकों की तैनाती तथा अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। एफएलएनएटी परीक्षा का मुख्य उद्देश्य वयस्क शिक्षार्थियों की पढ़ने-लिखने और गणित की बुनियादी समझ का आकलन करना है, ताकि उन्हें आगे की शिक्षा से जोड़ने के लिए उचित मार्गदर्शन और सहयोग दिया जा सके।

# काम नहीं मिला तो भड़के मनरेगा श्रमिक, बालीचौकी बीडीओ ऑफिस का घेराव

अनंत ज्ञान



33 दिन बाद भी न मिला रोजगार, भत्ते की मांग को लेकर श्रमिकों ने जताया रोष। अनंत ज्ञान

◆अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर उठे सवाल, जल्द काम न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी

बालीचौकी। मनरेगा श्रमिक संगठन और हिमाचल किसान सभा के बैनर तले शुक्रवार को श्रमिकों ने विकासखंड कार्यालय बालीचौकी का घेराव कर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि नियमानुसार आवेदन करने के बावजूद उन्हें समय पर काम नहीं दिया गया, जिससे मजदूरों को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत थाटा के श्रमिकों ने 10 फरवरी को मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए आवेदन दिया था। नियमानुसार निर्धारित अवधि के भीतर रोजगार उपलब्ध करवाया जाना चाहिए था, लेकिन 33 दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें काम नहीं मिला। इससे नाराज होकर श्रमिक संगठन और किसान सभा के साथ लोगों ने विकासखंड कार्यालय पहुंचकर अपनी नाराजगी जाहिर की। दोपहर करीब 2:30 बजे बड़ी संख्या में श्रमिक कार्यालय परिसर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए प्रशासन से जल्द रोजगार उपलब्ध करवाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा ही मजदूरों की आय का मुख्य साधन है, इसलिए काम में देरी से परिवारों पर सीधा असर पड़ता है। इस दौरान करीब 3 बजे तक कार्यालय में अकाउंटेंट को छोड़कर कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था, जिससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब आम लोग अपनी समस्याओं को लेकर कार्यालय पहुंचते हैं, तो जिम्मेदार अधिकारियों का उपस्थित रहना आवश्यक है। मौके पर मौजूद अकाउंटेंट ने प्रदर्शनकारियों को बताया कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों से फोन पर बातचीत की गई है और जल्द ही काम उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। हालांकि, श्रमिकों ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया, तो आने वाले समय में वे अनिश्चितकालीन रूप से बीडीओ कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे।

प्रदर्शन में हिमाचल किसान सभा के राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र राणा, मनरेगा श्रमिक संगठन के अध्यक्ष इंदर सिंह, नौजवान सभा अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सहित कई श्रमिक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत पंजीकृत श्रमिकों को काम मांगने के बाद निर्धारित समय सीमा में रोजगार उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। यदि तय अवधि में काम उपलब्ध नहीं कराया जाता तो श्रमिकों को बेरोजगारी भत्ता देने का नियम है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना और मजदूरों की आजीविका को सहारा देना है।

**व अदालत नायव तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता, श्रेणी-॥ भवारना जिला कांगडा (हि.प्र.)**

मुक्दमा न0 812516/2026
किस्म मुक्दमा -नाम दरुस्ती
तारीख पेशी 12-03-2026
श्रीमति सुषमा पुत्री श्री चुनी लाल निवासी महाल डरोह उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि.प्र.

**बनाम आम जनता**

**विषयः- नाम दरुस्ती करने बारे।**

प्रार्थी श्रीमति सुषमा पुत्री श्री चुनी लाल निवासी महाल डरोह उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय स्वघोषणा पत्र द्वारा सूचित किया है कि उसका असल नाम सुषमा कुमारी है। उनके अन्य अभिलेख में भी इसी नाम से प्रविष्टी दर्ज है। जबकि महाल डरोह खास पटवार वृत डरोह के राजस्व अभिलेख में प्रार्थी का नाम सुषमा पुत्री चुनी लाल दर्ज है। जोकि गलत है। अतः प्रार्थी महाल गदियाडा पटवार वृत डरोह के राजस्व रिकार्ड में अपना नाम की दरुस्ती (सुषमा उपनाम सुषमा कुमारी) करना चाहती है।
अतः इस ईश्तयार/मुस्त्री मुन्यादी चस्पानगी के माध्यम से आम जानता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त व्यक्ति के नाम की दरुस्ती बारे किसी को कोई उज्र/एतराज हो तो वह दिनांक 17/4/2026 को आसलतन व वकालतन इस कार्यालय में हाजिर होकर उज्ज पेश कर सकता है। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा तरफा कार्यावाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 12.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी भवारना**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितिय श्रेणी एवमं नायव तहसीलदार पामलपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

किस्म मुकदमा- तकसीम
मुकदमा न.- 94/2024
तारीख पेशी- 18.03.2026

**पंजाव सिंह वनाम नरिन्द्र कुमार आदि**

**समन बनामः-** 1 नरिन्द्र कुमार पुत्र व2 नीलम कुमारी 3 सुनीता देवी 4 मन्जू देवी पुत्रियां आत्मा राम 5 लालू 6 संजय कुमार पुत्र दानो देवी 8 कमला देवी पुत्री धर्मा 10 संजय कुमार पुत्र व 11 कुमारी विन्ता 12 कुमारी पिन्की 13 सुमना देवी विध्वा जैसी राम पुत्र धर्मा 14 सन्नी कपूर पुत्र प्यार चन्द 15 साहिल पुत्र व 16 कुमारी शिवानंजली पुत्री व 17 सकिना विध्वा सन्तोश कुमार 18 नटवर पुत्र व 19 सावित्री देवी पुत्री व 20 रतनी उपनाम रतो देवी विध्वा जगदीश चन्द 21 रोहित पुत्र व 22 डोलमा विध्वा टेक चन्द 23 दिना नाथ पुत्री पोपी 24 सीमा देवी पत्नी नरिन्द्र कुमार पुत्र आतमा राम निवासी महाल भड़ूं तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ।

**विषयः-** भूमि तकसीम खाता न. 79 मिन खतौनी न. 110 मिन, खसरा किता 20 रकवा तादादी 02-75-79 हैक्ट स्थित महाल भड़ूं, पटवार वृत विन्द्रावन तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. जमाबन्दी वर्ष 2022-23
उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये परन्तू साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब इश्तहार द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 18.03.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। आज दिनांक 13/03/2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

**ईशावास्यमिदं** सर्व यत्किञ्च जगत्यां जगत -भगवन इस जग के कण कण में विद्यमान है!

-संतवाणी

## संपादकीय

# पंजाब-हिमाचल में तनातनी

पंजाब और हिमाचल प्रदेश के रिश्तों को अक्सर बड़े और छोटे भाई के रूप में देखा जाता है। यह तुलना केवल भौगोलिक निकटता तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों की गहराई को भी दर्शाती है। दोनों राज्यों के लोगों के बीच वर्षों से आत्मीयता, सहयोग और परस्पर निर्भरता का रिश्ता रहा है, लेकिन समय-समय पर कुछ ऐसे मुद्दे सामने आ जाते हैं, जिनके कारण इन संबंधों में खटास की स्थिति बन जाती है। इन दिनों भी कुछ ऐसा ही माहौल देखने को मिल रहा है, जब हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा बाहरी राज्यों के वाहनों पर एंट्री टोल टैक्स बढ़ाने के निर्णय के बाद पंजाब में नाराजगी की चर्चा तेज हो गई है।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने 1 अप्रैल 2026 से बाहरी राज्यों के वाहनों के लिए एंट्री टोल टैक्स में उल्लेखनीय वृद्धि की है। इसके तहत छोटी निजी कारों, जीपों और वैन को राज्य में प्रवेश के लिए पहले जहां 70 रुपए देने पड़ते थे, वहीं अब यह शुल्क बढ़ाकर 170 रुपए कर दिया गया है। यह व्यवस्था राज्य के 55 एंट्री बैरियरों पर लागू की जा रही है और इसके साथ फास्टैग प्रणाली को भी अनिवार्य बनाया जा रहा है। सरकार का तर्क है कि इससे यातायात प्रबंधन बेहतर होगा और राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी बनाया जा सकेगा।


हालांकि इस फैसले का सबसे अधिक असर उन लोगों पर पड़ने वाला है जो पड़ोसी राज्य पंजाब से बार-बार हिमाचल आते-जाते हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले व्यापारी, छोटे कारोबारी, पर्यटक और आम नागरिक अक्सर कामकाज, व्यापार या पर्यटन के सिलसिले में हिमाचल की यात्रा करते रहते हैं। ऐसे में हर बार राज्य में प्रवेश करते समय अधिक शुल्क देना उनके लिए असुविधाजनक और महंगा साबित हो सकता है। यही कारण है कि पंजाब में इस मुद्दे को लेकर असंतोष की आवाजें उठने लगी हैं। इस बीच पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने विधानसभा में यह बयान दिया कि पंजाब सरकार भी हिमाचल प्रदेश में पंजीकृत वाहनों पर एंट्री टैक्स लगाने की संभावनाओं पर विचार कर रही है। उनका कहना था कि यदि हिमाचल सरकार बाहरी राज्यों के लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही है तो पंजाब भी अपने हितों की रक्षा के लिए कदम उठा सकता है। यहां तक तो यह बात सामान्य राजनीतिक प्रतिक्रिया के रूप में समझी जा सकती है, क्योंकि अक्सर राज्यों के बीच ऐसे आर्थिक निर्णयों पर प्रतिक्रिया देखने को मिलती है, लेकिन विवाद तब और गहरा गया जब पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने हिमाचल प्रदेश सरकार की आर्थिक स्थिति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य की वित्तीय हालत ठीक नहीं है और सरकार वेतन तथा पेंशन देने में भी कठिनाइयों का सामना कर रही है।

इस बयान ने हिमाचल प्रदेश की राजनीति में हलचल पैदा कर दी। हिमाचल सरकार ने इसे न केवल अनुचित बल्कि अनावश्यक टिप्पणी बताया और इसका कड़ा जवाब भी दिया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पंजाब को हिमाचल को नसीहत देने के बजाय अपने राज्य की वित्तीय स्थिति पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि पंजाब पर भी भारी कर्ज का बोझ है। इस प्रकार एक प्रशासनिक निर्णय से शुरू हुआ मुद्दा धीरे-धीरे राजनीतिक बयानबाजी का रूप लेता नजर आने लगा। ऐसे हालात में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर इस तनातनी से हासिल क्या होगा। वास्तविकता यह है कि यदि दोनों राज्यों के बीच जवाबी कदम उठाने की होड़ लगती है तो इसका सबसे अधिक नुकसान आम लोगों को ही उठाना पड़ेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिक, व्यापारी, छोटे व्यवसायी और पर्यटक ही ऐसे निर्णयों का सीधा प्रभाव झेलेंगे। उनके लिए यात्रा महंगी हो जाएगी और व्यापारिक गतिविधियों पर भी असर पड़ेगा।पंजाब और हिमाचल के संबंध केवल प्रशासनिक या राजनीतिक नहीं हैं। दोनों राज्यों के बीच गहरे सामाजिक और आर्थिक रिश्ते हैं। हिमाचल के हजारों लोग रोजगार और व्यापार के अवसरों के लिए पंजाब जाते हैं, वहीं पंजाब के लोग बड़ी संख्या में हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने, पर्यटन करने और देवी-देवताओं के दर्शनों के लिए यहां आते हैं। इस प्रकार दोनों राज्यों की अर्थव्यवस्था और समाज एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। अतीत में भी कुछ ऐसे अवसर आए हैं जब दोनों राज्यों के बीच तनाव की स्थिति बनी, लेकिन अंतत: बातचीत और समझदारी से समाधान निकल आया था। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती


### विश्व के महान वैज्ञानिक



अल्बर्ट आइंस्टाइन
जन्म : 14 मार्च, 1879
मृत्यु : 18 अप्रैल, 1955

**अल्बर्ट आइंस्टाइन** विश्व के महान वैज्ञानिक और सैद्धांतिक भौतिकविदों में से एक थे। वे सापेक्षता के सिद्धांत और प्रसिद्ध द्रव्यमान-ऊर्जा समीकरण $E = mc^2$ के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं। प्रकाश-विद्युत प्रभाव की खोज के लिए उन्हें वर्ष 1921 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ। उनके कार्यों ने आधुनिक भौतिकी के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया।

अल्बर्ट आइंस्टाइन का जन्म जर्मनी के वुर्टेमबर्ग राज्य के उल्म नगर में एक यहूदी परिवार में हुआ था। उनके पिता हर्मन आइंस्टाइन एक इंजीनियर और व्यापारी थे तथा उनकी माता पौलीन आइंस्टाइन गृहिणी थीं। बचपन में आइंस्टाइन को बोलने में कुछ कठिनाई होती थी, फिर भी वे पढ़ाई में बहुत मेधावी थे। उनकी मातृभाषा जर्मन थी, बाद में उन्होंने इतालवी और अंग्रेजी भाषाएं भी सीखीं। बाल्यकाल से ही उन्हें यांत्रिक वस्तुएं बनाने और गणित के प्रश्न हल करने में रुचि थी। दस वर्ष की आयु में मैक्स तल्मूड नामक एक यहूदी विद्यार्थी ने उन्हें विज्ञान की कई महत्वपूर्ण पुस्तकों से परिचित कराया। इससे उनके भीतर वैज्ञानिक जिज्ञासा और अधिक बढ़ गई। आइंस्टाइन ने विशेष तथा सामान्य सापेक्षता सिद्धांत के अलावा ब्राउनियन गति, सांख्यिकीय यांत्रिकी, विकिरण सिद्धांत और एकीकृत क्षेत्र सिद्धांत जैसे अनेक विषयों पर महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने पचास से अधिक शोध-पत्र और कई पुस्तकें लिखीं। वर्ष 1999 में एक प्रसिद्ध पत्रिका ने उन्हें 'शताब्दी पुरुष' घोषित किया। ■



कविता

## पेपरों का बुखार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भीम सिंह, बसेड़ू, राजपूत, महादेव
जिला मंडी, ( हि.प्र. ) मो. 98161-29019

**पपरों** का मौसम आया है, बुखार फिर छाया है।
सिर चढ़कर बोल रहे हैं पेपर, हर दिल घबराया है।
गर हो जाए कोई पेपर लीक, बन जाए वह खबर बार-बार।
ऐसे में तो पेपर को भी आ जाता है जैसे तेज बुखार।
हालत होती अजीब सी, दिल में घबराहट छाई।
आफत बन जाता यह मौसम, जो पढ़ाई से रहे पराई।
जो नहीं पढ़ते सारा साल, ढूंढें छोटे-छोटे सहारे।
गाइड और वन डे बुक्स से करते पास होने के इशारे।
स्वयं को धोखे में रखकर तिकड़म रोज लड़ाते हैं।
पास-फेल होने की इस उलझन में सच से नजर चुराते हैं।
कभी-कभी अव्वल भी आ जाएं, पेपर में नंबर पाकर।
मगर ज्ञान की कसौटी में अक्सर रह जाते हैं हारकर।
नकल से भविष्य अंधकारमय होता है, यह जुर्म की राह दिखाती है।
कच्ची नींव पर बनी इमारत की तरह यह जल्दी ही ढह जाती है।
नकल की आदत राष्ट्र की उन्नति के मार्ग में बड़ी बाधा बन जाती है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# अंतरराष्ट्रीय हालात और एलपीजी संकट : हकीकत बनाम अफवाह




विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, बद्दी, सोलन, मोबाइल 9418233028/8221050880

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज के समय में एलपीजी (रसोई गैस) हर घर की आवश्यक जरूरत बन चुकी है। भारत में करोड़ों परिवार खाना बनाने के लिए एलपीजी पर निर्भर हैं, लेकिन हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण एलपीजी की आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ी है। कई स्थानों पर गैस सिलेंडर की कमी, लंबी कतारें और होटलों-रेस्तरां में गैस की समस्या जैसी खबरें सामने आई हैं।

ऐसे में यह समझना जरूरी है कि वास्तव में एलपीजी की कमी क्यों दिखाई दे रही है और इसका अंतरराष्ट्रीय हालात से क्या संबंध है। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि भारत अपनी एलपीजी की जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है। देश में जितनी गैस का उत्पादन होता है वह कुल मांग का केवल एक हिस्सा ही पूरा कर पाता है। आंकड़ों के अनुसार भारत की कुल एलपीजी मांग का लगभग 60-65 प्रतिशत हिस्सा आयात से पूरा किया जाता है। इसका अधिकांश भाग पश्चिम एशिया या खाड़ी देशों से आता है। इसलिए जब भी इन क्षेत्रों में राजनीतिक या सैन्य तनाव बढ़ता है, तो उसका सीधा प्रभाव भारत की गैस आपूर्ति पर पड़ता है। हाल ही में पश्चिम एशिया में बढ़े संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित किया है। इस क्षेत्र में ईरान, अमेरिका और इसराइल के बीच तनाव बढ़ने से तेल और गैस की आपूर्ति करने वाले समुद्री मार्गों पर जोखिम बढ़ गया है। विशेष रूप से 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' नामक समुद्री मार्ग बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि दुनिया के बड़े हिस्से का तेल और एलपीजी इसी रास्ते से होकर गुजरता है। यदि इस मार्ग पर युद्ध, प्रतिबंध या सुरक्षा संकट पैदा होता है तो जहाजों की आवाजाही प्रभावित होती है और ऊर्जा आपूर्ति में बाधा आ सकती है। भारत के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश में आने वाली एलपीजी का बहुत बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। यदि जहाजों की आवाजाही धीमी हो जाए या बीमा और सुरक्षा जोखिम बढ़ जाएं, तो गैस की खेपें समय पर नहीं पहुंच पातीं। इससे बाजार में अस्थायी कमी दिखाई देने लगती है। विशेषज्ञों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय तनाव के कारण कई बार जहाजों की आवाजाही रुक जाती है या देर से होती है, जिससे एलपीजी की आपूर्ति शृंखला प्रभावित होती है। हाल की खबरों के अनुसार, वैश्विक संघर्ष और समुद्री मार्गों में व्यवधान के कारण भारत को अपने गैस



आयात के स्रोतों में बदलाव करना पड़ा है। सरकार अब अमेरिका, नॉर्वे और अन्य देशों से एलपीजी आयात बढ़ाने की कोशिश कर रही है ताकि खाड़ी देशों पर निर्भरता कम की जा सके। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत सरकार संभावित संकट से निपटने के लिए वैकल्पिक आपूर्ति स्रोत खोज रही है।

अंतरराष्ट्रीय हालात का असर केवल घरेलू गैस आपूर्ति पर ही नहीं बल्कि कीमतों पर भी पड़ता है। जब वैश्विक बाजार में गैस की कीमतें बढ़ती हैं या आपूर्ति बाधित होती है, तो सरकार को भी कीमतों में बदलाव करना पड़ता है। हाल के समय में घरेलू और व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि भी देखी गई है, जिसका कारण अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान बताया गया है। हालांकि यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि भारत में वास्तविक रूप से पूरी तरह गैस समाप्त हो जाने की स्थिति नहीं है। कई बार कमी का मुख्य कारण वितरण व्यवस्था और प्राथमिकता निर्धारण होता है। जब अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति पर दबाव बढ़ता है, तो सरकार घरेलू उपयोग को प्राथमिकता देती है और व्यावसायिक क्षेत्रों-जैसे होटल, रेस्तरां और उद्योग को सीमित गैस दी जाती है। इसी कारण कई शहरों में होटल और छोटे व्यवसाय गैस की कमी से अधिक प्रभावित हुए हैं। एलपीजी संकट को लेकर कई विशेषज्ञों का मानना है कि इसका एक प्रमुख कारण बढ़ती मांग है। पिछले कुछ वर्षों में सरकारी योजनाओं के तहत करोड़ों परिवारों को नए गैस कनेक्शन दिए गए हैं। इससे देश में एलपीजी की खपत तेजी से बढ़ी है। जब मांग अचानक बढ़ती है और अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति में थोड़ी भी बाधा आती है, तो बाजार में कमी महसूस होने लगती है।

इसके अलावा संकट के समय लोगों में घबराहट भी स्थिति को और गंभीर बना देती है। जब यह खबर फैलती है कि गैस की कमी हो सकती है, तो लोग जरूरत से ज्यादा सिलेंडर खरीदने लगते हैं। इस कारण बाजार में कृत्रिम कमी पैदा हो जाती है। कई देशों में देखा गया है कि वास्तविक कमी से अधिक 'पैनिक बाइंग' के कारण आपूर्ति प्रभावित होती है।

भारत सरकार का कहना है कि देश में फिलहाल एलपीजी का पर्याप्त भंडार मौजूद है और आपूर्ति को बनाए रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही सरकार विभिन्न देशों के साथ समझौते कर ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित बनाने की दिशा में काम कर रही है।

यह स्थिति यह भी बताती है कि किसी भी देश के लिए ऊर्जा सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए भारत को सौर ऊर्जा, बायोगैस और अन्य वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देकर भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कभी भी फोन कॉल इग्नोर न करें, मिस्ड कॉल का भी जवाब दें



नरेंद भारती
स्वतंत्र लेखक, मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वर्तमान परिदृश्य में अक्सर देखा गया है कि कुछ लोग फोन कॉल इग्नोर करते हैं, फोन व्यस्त कर देते हैं। अगर व्यस्त हैं तो संदेश भेज दो, मगर कुछ लोग फोन उठाते ही नहीं हैं। मिस्ड कॉल का जबाब देना मुनासिब नहीं समझते हैं।

कुछ लोग मोबाइल पर इतने व्यस्त रहते हैं कि हर समय उनके कान पर ही मोबाइल देखा जा सकता है। ऐसे ही कुछ अजनबी नंबरों से परहेज करते हैं। अजनबी नंबरों को वह ब्लॉक कर देते हैं, ब्लैकलिस्ट में डाल देते हैं। ये आदतें बहुत ही घातक सिद्ध होती हैं। यह प्रलय की आहट है। अनावश्यक लगातार व्यस्त रहना उचित नहीं है।

आधुनिक समाज में समय समय पर ऐसी घटनाएं व दर्दनाक हादसे घटित हुए हैं कि लोगों के मोबाइल व लैंड लाइन फोन न सुनने के कारण कुछ लोग जीवन गंवा बैठे। कुछ ऐसे हादसे हो गए कि लोग आज ताउम्र पछताते हैं। गत वर्ष एक घटना घटित हुई कि गांव में एक महिला को सुबह चार बजे दिल का दौरा पड़ा। घर के लोगों ने पड़ोस में एक गाड़ी वाले को फोन किया, मगर उसने नहीं उठाया। महिला की तबीयत बिगड़ गई तो घर वाले उसे पीठ पर डॉक्टर के पास ले जाने लगे, मगर रास्ते में ही उस महिला के प्राण पखेरू उड़ गए। काश! उस पड़ोसी ने मोबाइल सुन लिया होता, तो उस महिला को बचाया जा सकता था। ऐसे ही एक बार एक परिवार कहीं शादी में जा रहा था कि सुनसान व खाई वाले रास्ते में एक्सीडेंट हो गया। गाड़ी खाई में नीचे गिर गई, घर के सब सदस्य बेहोश हो गए, केवल एक नाबालिग 15 साल का युवक ही होश में था, वह भी खून से लथपथ था। घायलावस्था में उसने रिश्तेदारों को फोन किया, मगर किसी ने भी रिसीव नहीं किया। बच्चे ने सबको मैसेज कर दिया कि फलां जगह पर कार हादसा हुआ है, रात का समय था। सुनसान व वीरान जगह पर



कोई आवाजाही भी नहीं थी, नतीजन सुबह तक सब सदस्य मौत की नींद सो चुके थे। बाद में सब एक दूसरे को कोसने लगे कि फोन क्यों नहीं सुना। एक छोटी सी गलती के कारण पूरा परिवार अकाल ही मौत की नींद सो गया। अगर रिश्तेदारों ने समय पर फोन सुन लिया होता तो लोग बच सकते थे। ऐसे में मिस्ड कॉल को भी अनदेखा न करें। कई बार हादसा होने के कारण अनजान नंबरों से भी कॉल आती है। एक बार रात को एक मकान में आग लग गई। घर के लोगों ने पड़ोसियों को आवाजें लगाई, फोन किए, मगर पड़ोसी गहरी नींद में थे। बदहवास घर के लोगों ने भीषण आग को काफी बुझाने का प्रयास किया, मगर सब कुछ राख हो गया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक सारा सामान धू-धू कर जल गया था। एक समय था कि लोगों के घरों में केवल लैंडलाइन फोन हुआ करते थे। घंटी बजती थी तो घर का कोई न कोई व्यक्ति तुरंत उठा लेता था, लेकिन आज लगभग हर व्यक्ति के पास अपना-अपना मोबाइल फोन है। एक ही घर में कई मोबाइल होने के बावजूद लोग अक्सर फोन उठाने में लापरवाही करते हैं। आज सस्ता या लगभग मुफ्त इंटरनेट मिलने के कारण लोग मोबाइल में व्यस्त रहते हैं, लेकिन जब किसी का फोन आता है तो उसे साइलेंट या वाइब्रेशन पर रखकर अनदेखा कर देते हैं। कई लोग तो अनजान नंबरों को तुरंत ब्लॉक भी कर देते हैं।

यह आदत कई बार बहुत खतरनाक साबित हो सकती है। कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं जब समय पर फोन न उठाने के कारण मदद नहीं मिल पाई और लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। उदाहरण के तौर पर एक गांव में सुबह चार बजे एक महिला को दिल का दौरा पड़ा। पड़ोसी को फोन किया गया, लेकिन उसने कॉल नहीं उठाई। समय पर गाड़ी न मिलने के कारण रास्ते में ही महिला की मृत्यु हो गई। इसलिए हमें चाहिए कि किसी भी फोन कॉल को अनदेखा न करें। यदि कॉल नहीं उठा पाएं तो बाद में मिस्ड कॉल का जवाब अवश्य दें। यह छोटी-सी सावधानी किसी की अनमोल जान बचा सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# चैत्र के महीने का नाम नहीं लेते हैं हिमाचल के लाखों लोग



करतार ठाकुर
फार्मासिस्ट, ओबड़ी (चंबा)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

तीन-चार महीने की कड़ी सर्दी झेलने के बाद हिमाचलवासी चैत्र महीने का स्वागत खुले दिल और पूरे जोश के साथ करते हैं। चैत्र अर्थात् मार्च माह के उत्तरार्ध में हिमाचल के लगभग सभी पहाड़ी क्षेत्रों में गर्मी महसूस होने लगती है और हिमाचल के लोग प्रसन्न हो उठते हैं, परंतु एक मान्यता व परंपरा के अनुसार हिमाचल के कुछ क्षेत्रों, विशेषकर जिला चंबा में लोग अपने मुख से 'चैत्र' माह का नाम नहीं लेते हैं। ये परंपरा सैकड़ों वर्षों से चली आ रही है।

चैत्र महीने का नाम सबसे पहले 'ढोलरु वाले' गाकर सुनाते हैं। ढोलक बजाकर गाने वाले ये एक वर्ग विशेष के लोग होते हैं। कहते हैं, राजा ने इन लोगों को ये विशेषाधिकार दिया था। चैत्र महीने की सक्रांति को ये 'ढोलरु वाले' अपने ढोलक बजाकर 'चैत्र' का नाम सुरीले, मधुर, कर्णप्रिय स्वर में गाकर सुनाना आरंभ करते हैं और लगभग पूरे एक सप्ताह तक गांव-गांव और शहर में जाकर लोगों को 'चैत्र' महीने का नाम सुनाते हैं। ये लोग दो - तीन से लेकर चार-पांच लोगों की टोली बनाकर चलते हैं।

इनमें पुरुष व स्त्री दोनों हो सकते हैं। ढोलरु वालों के गीत सुनकर मन प्रसन्न हो उठता है और सहज ही ये अहसास होता है कि अब बसंत और गर्मियों का सुहाना मौसम आ चुका है। इनका गीत सुनने के बाद लोग स्वयं अपने मुख से भी 'चैत्र' का सस्वर उच्चारण कर चहक उठते हैं कि सताने वाली सर्दी अब जा चुकी है और सुंदर, सुहावना, सुखद 'चैत्र' व मधुमास आ चुके हैं।

ढोलरु वाले मुख्यत: तीन गीत गाते/सुनाते हैं। सबसे पहले 'चैत्र का नाम' गीत गाते हैं। लोगों की फरमाइश पर 'धोबन' और 'कंढी' शीर्षक गीत भी



सुनाते हैं। 'चैत्र का नाम' गीत को एक प्रकार का भजन व ईश्वर-वंदना ही माना जाता है। इसे सुनाते हुए सबसे पहले भग्वान नारायण का नाम गाते हैं कि उसी ईश्वर ने इस सृष्टि की रचना की। उसके बाद माता - पिता का उल्लेख आता है कि उन्हीं के कारण हम परमात्मा की बनाई इस सुंदर सृष्टि को देख सके।

तत्पश्चात् गुरु का नाम लेकर कहते हैं कि उसी गुरु ने हमें ज्ञान सिखाया और जीवन का प्रकाश दिया। आगे की पंक्तियों में हियूंद (हेमंत ऋतु) को अलविदा कहकर बसदी-बहारां ( बसंत व ग्रीष्म ) का स्वागत करते हुए चैत्र माह का गुणगान करते हैं।

अपने सुरीले, मनभावन स्वर में ढोलरु वाले चैत्र माह में आई बसंत-बहार का व्याख्यान करते हुए गाते हैं कि किस प्रकार इस मोहित कर देने वाले मौसम में मनुष्यों के साथ-साथ पशु-पक्षी और पेड़-पौधे भी प्रसन्नता, उल्लास, उमंग के साथ झूम उठते हैं। इसी गीत में ये भी गाया जाता है कि चैत्र माह धर्म और पुण्य कमाने का मौसम है, और लोगों को दान-दक्षिणा कर धर्म व पुण्य कमाना चाहिए ; क्योंकि खुद का खाया-पिया और इकट्ठा किया तो यहीं रह जाएगा, और दान किया ही युगों-युगों तक मनुष्य के साथ जाएगा। इसीलिए, सभी लोग इन ढोल रुवालों को अन्न- अनाज, पुराने व नए वस्त्र, पैसे और अन्य वस्तुएं दान में देते हैं।

'धोबन' और 'कंढी' गीत सुनना भी लगभग सभी लोग पसंद करते हैं। 'धोबन' गीत में पुराने समय की एक धोबिन की सच्ची कहानी सुनाई जाती है। 'कंढी' शीर्षक गीत में एक बहन की अपने भाईयों के लिए प्रेम और त्याग की कहानी आती है। हिमाचल की कड़ाके की ठंड व सर्दी से ठिठुरने की चिंता लोगों की खत्म हो जाती है और ढोलरु वालों से ये तीनों मनभावन, हृदयस्पर्शी गीत सुनकर लोग बसंत की ही भांति खिल उठते हैं 'चैत्र' का नाम उच्चारण कर उसका स्वागत करते हुए बहुत प्रसन्न और आनंदित भी होते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आकाशवाणी का डिजिटल रूपांतरण : फेसबुक लाइव पर भरोसेमंद खबरें



मनीष कुमार
स्वतंत्र लेखक, जयसिंहपुर
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत में रेडियो प्रसारण की यात्रा लगभग एक शताब्दी पूर्व प्रारंभ हुई थी, जो कालांतर में 'आकाशवाणी' के रूप में एक संगठित और सशक्त माध्यम बनकर उभरी। शुरुआती दौर में सीमित संसाधनों और गिने-चुने केंद्रों से शुरू हुआ यह सफर आज देश के कोने-कोने तक विस्तृत हो चुका है।

रेडियो से शुरू हुई यह यात्रा अब डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया तक पहुंच चुकी है, जो इस माध्यम की निरंतर प्रगति और जीवंतता को दर्शाती है। वर्तमान में आकाशवाणी केवल एक पारंपरिक रेडियो सेवा न रहकर डिजिटल क्रांति का ध्वजवाहक बन गई है।

इसी क्रम में, फेसबुक लाइव के माध्यम से समाचारों का सीधा प्रसारण करना एक युगांतरकारी और दूरदर्शी निर्णय है। यह पहल न केवल आधुनिक तकनीक को अपनाने का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि सूचना को आम जनता तक अधिक सरल, सटीक और तीव्र तरीके से पहुंचाने का एक गंभीर प्रयास भी है।

आज के डिजिटल युग में, जहां युवा पीढ़ी, छात्रों और कामकाजी वर्ग का अधिकांश समय स्मार्टफोन पर व्यतीत होता है, वहां फेसबुक लाइव जैसा मंच उन्हें कहीं भी और कभी भी प्रामाणिक समाचारों से जोड़ने की सुविधा प्रदान करता है।

एक समय था जब रेडियो की आवाज केवल लकड़ी के बक्सों (रेडियो सेट) तक सीमित थी, लेकिन आज मोबाइल फोन और डेटा की सुलभता ने समाचार उपभोग के तौर-तरीकों को पूरी तरह बदल दिया है।

बदलती जीवनशैली और तकनीकी विकास के कारण जब पारंपरिक रेडियो के श्रोताओं की संख्या में गिरावट की आशंका जताई जा रही थी, तब आकाशवाणी ने स्वयं को समय के सांचे में ढालकर नई संजीवनी प्राप्त की।

सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक, अपुष्ट और 'फेक न्यूज' के दौर



में आकाशवाणी का डिजिटल पदार्पण एक 'सत्यता की कसौटी' के समान है, जहां एक ओर इंटरनेट पर सूचनाओं की अधिकता ने विश्वसनीयता का संकट पैदा किया है, वहीं दूसरी ओर आकाशवाणी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान की फेसबुक पर मौजूदगी जनता के लिए राहत की बात है।

इससे लोगों को प्रमाणिक और निष्पक्ष जानकारी सीधे सरकारी प्रसारण सेवा से मिल पा रही है, जो किसी भी लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। आकाशवाणी के इस डिजिटल विस्तार का सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों को मिल रहा है। आज लगभग हर हाथ में स्मार्टफोन और इंटरनेट की पहुंच है, जिससे सुदूर अंचलों में बैठा व्यक्ति भी अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाओं की जानकारी वास्तविक समय में प्राप्त कर सकता है।

फेसबुक लाइव के माध्यम से अब श्रोता केवल 'मूक दर्शक' नहीं रहे, बल्कि वे अपनी प्रतिक्रियाओं और संवाद के माध्यम से इस प्रक्रिया का हिस्सा भी बन रहे हैं।

रेडियो से डिजिटल माध्यम तक का यह क्रमिक विकास न केवल तकनीकी प्रगति का संकेत है, बल्कि जनसंचार के क्षेत्र में एक सकारात्मक और क्रांतिकारी बदलाव भी है। इसके साथ ही आकाशवाणी ने न्यूज ऑन एआईआर और आकाशवाणी केंद्रों के विभिन्न यूट्यूब चैनल भी बनाए हैं।

निस्संदेह, आकाशवाणी द्वारा सामाजिक संचार मंचों पर लाइव समाचार प्रसारण शुरू करना सूचना के लोकतंत्रीकरण की दिशा में एक स्वागतयोग्य कदम है, जो भविष्य में एक सशक्त, जागरूक और सूचित समाज के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# किसानों को आधुनिक तकनीक और फसल विविधीकरण अपनाने की सलाह

अनंत ज्ञान



कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के अंतर्गत निर्मित बयासर टू नापक (प्रवाह सिंचाई योजना का हस्तांतरण कार्यक्रम बयासर गांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योजना को औपचारिक रूप से स्थानीय कृषक विकास संघ को सौंपना तथा किसानों को इसके संचालन और रखरखाव के लिए सशक्त बनाना था। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डा. सुनील चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सुनील चौहान ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में खेती के लिए पानी की उपलब्धता लंबे समय से एक बड़ी चुनौती रही है, लेकिन इस प्रकार की सिंचाई योजनाएं किसानों के लिए नए अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के माध्यम से सरकार केवल सिंचाई ढांचा विकसित नहीं कर रही है, बल्कि किसानों को आधुनिक तकनीकों, बेहतर बाजार व्यवस्था और आय बढ़ाने के नए विकल्पों से भी जोड़ रही है। उन्होंने किसानों को आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में उत्पादित सब्जियों और अन्य कृषि उत्पादों के संरक्षण के लिए कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने की दिशा में भी प्रयास किए जाने चाहिए। इससे किसान अपनी उपज को सुरक्षित रख सकेंगे और उचित समय पर बेहतर कीमत मिलने पर बाजार में बेच पाएंगे। डॉ. चौहान ने सुझाव दिया कि स्थानीय स्तर पर रिटेल आउटलेट अथवा किसान बिक्री केंद्र स्थापित किए जाएं, जहां किसान अपने स्थानीय और पारंपरिक उत्पादों को 'स्वदेशी उत्पाद' के रूप में सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा सकें। कुल्लू जैसे पर्यटन क्षेत्र में ऐसे उत्पाद पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं, जिससे किसानों को उचित मूल्य मिलेगा और स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलेगी। उन्होंने किसानों से यह भी आग्रह किया कि कृषक विकास संघ को सक्रिय बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। संघ की नियमित बैठकें आयोजित कर किसान आपसी विचार-विमर्श के माध्यम से क्षेत्र के विकास के लिए नई योजनाएं बना सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से सिंचाई योजना का बेहतर प्रबंधन, उत्पादों की मार्केटिंग तथा खेती से जुड़े अन्य कार्य अधिक प्रभावी ढंग से किए जा सकते हैं। उन्होंने अंत में किसानों से आह्वान किया कि वे इस सिंचाई योजना का पूर्ण लाभ उठाते हुए फसल विविधीकरण, आधुनिक खेती और सामूहिक विपणन को अपनाएं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो और क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके। इस सिंचाई योजना के निर्माण पर लगभग 86.02 लाख रुपये का अनुमानित बजट निर्धारित किया गया था, जिसमें से करीब 82.77 लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं। योजना के अंतर्गत कुल 47.81 हेक्टेयर सकल कमांड क्षेत्र आता है, जबकि 34.80 हेक्टेयर क्षेत्र को सुनिश्चित सिंचाई सुविधा प्रदान की गई है।

## जिला में गैस सिलेंडर पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले, शिव राम ने जानकारी दी कि कि भारत के लिए पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति कर रहे देशों के मध्य चल रहे युद्ध के चलते जनता में शंका है कि लोगों को गैस सिलेंडर की उपलब्धता नहीं हो पाएगी अर्थात लोगों को गैस सिलेंडर प्राप्त नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि जिले में गैस सिलेंडर व पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति प्राप्त हो रही है तथा स्टॉक उपलब्ध है। जिला कुल्लू में वर्तमान में 13 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जिनमें कि 5891 सिलेंडर का स्टाक उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जिले में पैट्रोल 3,39,668 लीटर व डीजल 4,58,846 लीटर का स्टाक उपलब्ध है, जो कि जिले की खपत के अनुसार पर्याप्त है तथा जिले में गैस सिलेंडर व पैट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है, जिसके बाधित होने की कोई संभावना नहीं है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा गैस सिलेंडरों की जमाखोरी व काला बाजारी को रोकने के लिए 25 दिनों की inter booking सुविधा शुरू की गई है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को मांग अनुसार गैस सिलेंडरों की आपूर्ति हो सके। इसके अतिरिक्त गैस सिलेंडरों की जमाखोरी व कालाबाजारी को रोकने के लिए विभाग द्वारा भी अभियान चलाया जा रहा है तथा व्यापारिक संस्थानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग किए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अतः विभाग जनता से अपील करता है कि वह संयम बनाये रखे, घबराएं नहीं, विभाग उपभोक्ताओं को मांग अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आनी में एंटी हेलनेट लगाने का कार्य शुरू बागवान ओलावृष्टि से फसल बचाने में जुटे

अनंत ज्ञान



**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** आनी क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में सेब के पौधों में फूल आने की शुरुआत होते ही बागवानों ने बगीचों में एंटी हेलनेट (जालियां) लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। सेब बहुल जाबन, दलाश और टकरासी क्षेत्रों के सेब के बगीचों में इन दिनों बागवान पौधों पर जालियां लगाने में जुटे हुए हैं। विकट भौगोलिक परिस्थितियों के कारण हर वर्ष ओलावृष्टि से सेब की फसल को भारी नुकसान झेलना पड़ता है। कई बार करोड़ों रुपए की फसल खराब हो जाती है और बागवानों की सालभर की मेहनत पर पानी फिर जाता है।

ओलावृष्टि के कारण सेब दागदार हो जाता है, जिससे फल मंडियों में भी इसके उचित दाम नहीं मिल पाते। इसी को देखते हुए अब बागवान एंटी हेलनेट लगाने की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं। अनुमान है कि इस महीने के अंत तक अधिकांश सेब के बगीचों में फूल आना शुरू हो जाएगा। बागवान लाल सिंह, सुरेश कुमार, राकेश शर्मा, पूर्ण चंद आदि ने बताया कि इस वर्ष सेब के पौधों में फूल आने की प्रक्रिया सामान्य से पहले शुरू हो गई है। यदि मौसम अनुकूल रहा, तो अच्छी फसल की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि से सेब और अन्य फलों को दागी होने से बचाने के लिए एंटी हेलनेट बेहद जरूरी हो गया है, अब बड़े बागवानों के साथ-साथ मध्यम वर्गीय बागवान भी अपने बगीचों में एंटी हेलनेट लगाने लगे हैं। इस बार में बागवानी विभाग आनी के विषयवाद विशेषज्ञ बलबीर चौहान ने बताया कि सामान्य तौर पर सेब के पौधों में फूल आने के बाद एंटी हेलनेट लगाना उपयुक्त माना जाता है, लेकिन आनी और निरमंड क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों से समय पूर्व ही फरवरी के अंत या मार्च में ही ओलावृष्टि होने लगी है, ऐसे में इन दिनों एंटी हेलनेट लगाना भी उचित माना जा सकता है।

## शहीद बालकृष्ण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीबीएसई के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो कुल्लू।** जिला मुख्यालय में स्थित शहीद बालकृष्ण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का चयन सीबीएसई के तहत हुआ है। ऐसे में अब आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विद्यार्थी इस विद्यालय में सीबीएसई पाठ्यक्रम से पढ़ाई कर सकेंगे। शिक्षा निदेशालय की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। बता दें कि इससे पहले 18 फरवरी 2026 शिक्षा निदेशालय ने जो अधिसूचना जारी की थी, उसमें 11 मार्च 2026 को आंशिक बदलाव किया गया है। बदलाव के अनुसार अब शहीद बालकृष्ण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को सीबीएसई की मान्यता प्रदान की गई है और पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर में अब हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के साथ संबंधन (एफिलेशन) किया गया है। हालांकि, शिक्षा निदेशालय द्वारा 18 फरवरी 2026 को जारी की गई अधिसूचना इसके बिल्कुल विपरीत थी। पहले सुल्तानपुर विद्यालय को सीबीएसई और ढालपुर को एचपी बोर्ड में शामिल किया गया था, लेकिन अब नई अधिसूचना में इसमें बदलाव किया है। इन दोनों विद्यालयों की छात्र एवं कन्या विद्यालय की मान्यता रद्द कर दी गई है और अब इनमें सह-शिक्षा के अनुसार छात्र और छात्रा विद्यार्थी अपनी स्वेच्छा से इनमें प्रवेश लेकर पढ़ाई कर सकते हैं। इस संबंध में उच्च शिक्षा उपनिदेशक कुल्लू देश राज डोगरा ने कहा कि ढालपुर विद्यालय में सह-शिक्षा के तहत सीबीएसई और सुल्तानपुर में विद्यार्थी प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम में पढ़ाई कर सकेंगे।

## मनाली में 2 आंगनबाड़ी पालना व कैच केंद्रों में भरे जाएंगे क्रैच वर्कर व क्रैच हैल्पर के पद

अनंत ज्ञान

◆ चयन के लिए कुल 25 अंक निर्धारित किए

**मनाली।** कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी कटराईं खुविंदर ठाकुर ने कहा कि मिशन शक्ति पालना योजना के अंतर्गत नगर निकाय मनाली में 2 आंगनबाड़ी पालना व कैच केंद्रों में क्रैच वर्कर और क्रैच हेल्पर के रिक्त पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इन पदों के लिए केवल वही महिला उम्मीदवार पात्र होंगी, जो संबंधित केंद्र के फीडर एरिया (संग्रहण क्षेत्र) की स्थायी निवासी हो व जिनका नाम आंगनबाड़ी सर्वेक्षण रजिस्टर तथा परिवार नकल में दर्ज हो। शैक्षणिक योग्यता के तहत कैच वर्कर के लिए 12वीं (10+2) और कैच हैल्पर के लिए 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदन के समय प्रार्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए और परिवार की वार्षिक आय 50,000 रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इच्छुक पात्र महिला उम्मीदवार सादे कागज पर अपना आवेदन, सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों (शैक्षणिक, आयु, आय, अनुभव, परिवार नकल आदि) की प्रतियों सहित 2 अप्रैल 2026 सायं 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कटराईं के कार्यालय में जमा करवा सकती हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर साक्षात्कार 8 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे उपमंडलाधिकारी कुल्लू के कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे। चयन के लिए कुल 25 अंक निर्धारित किए गए हैं, जिसमें शैक्षणिक योग्यता, उच्च शिक्षा, प्रासंगिक अनुभव, और विशेष श्रेणियों (जैसे विधवा, अनाथ, तलाकशुदा, या केवल दो लड़कियों वाले परिवार) के लिए अतिरिक्त अंकों का प्रावधान है।

## मनाली में बंद हो या सीमित हो टैक्सी परमिट : राजा

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी में टैक्सियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए हिमाआंचल टैक्सी यूनियन ने परमिट बंद करने या राशनकार्ड के आधार पर एक या दो वाहनों के परमिट देने की ही मांग की है।

शुक्रवार को विधायक भुवनेश्वर गौड़ को अपना मांगपत्र सौंपने के बाद यूनियन के प्रधान राजा ठाकुर, महासचिव अमित चंकी, उपाध्यक्ष किरण ने पत्रकार वार्ता में कहा कि उन्होंने विधायक से मांग की है कि टैक्सी परमिट मनाली के लिए या तो बंद किए जाएं या फिर सिमित किए जाए। उन्होंने कहा कि मनाली में टैक्सी की संख्या 6000 का आंकड़ा पार कर गई है, ऐसे में काम लगातार कम होता जा रहा है। लिहाजा सरकार को मनाली में परमिट सिमित कर राशन कार्ड के आधार पर एक या दो टैक्सी ही मान्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने विधायक से यह भी मांग की है कि रोहतांग दर्रा को जल्द पर्यटकों के लिए भल किया जाए। इसके लिए विधायक सीमा सड़क संगठन के साथ मामला उठाए। उन्होंने कहा कि विधायक ने उनकी मांगो को ध्यानपूर्वक सुना और मामला सरकार के समक्ष रखने का आश्वासन दिया।

## वासुकी झील फटी, तो पार्वती घाटी पर बढ़ेगा खतरा

अनंत ज्ञान

◆ कसोल में ग्लोफ जोखिम न्यूनीकरण पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में मौसम के बदलाव के चलते ग्लेशियर तेजी से पिघलना शुरू हो गए हैं। ग्लेशियर के पिघलने से बनी हिमनद झीलों के टूटने से पानी में भी अचानक वृद्धि हो सकती है। अचानक वृद्धि के चलते नदी-नालों में भी बाढ़ आने का खतरा पैदा हो सकता है।

हिमाचल प्रदेश में ग्लेशियरों के पिघलने से बनने वाली हिमनदीय झीलें भविष्य में गंभीर खतरा पैदा कर सकती हैं। ऐसी ही एक हिमनद झील कुल्लू जिला की मणिकर्ण घाटी के सोसण क्षेत्र में स्थित वासुकी झील है जो समुद्र तल से लगभग 4500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और यह संवेदनशील हिमनदीय झील है। झील के संभावित खतरे को देखते हुए यहां अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, क्योंकि इसके फटने की स्थिति में पार्वती नदी में अचानक बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो सकता है, अब अगर अर्ली सिस्टम लगता है, तो गर्मियों में अगर ग्लेशियर पिघल कर झील का पानी अनियंत्रित होता है, तो इसके बारे में तुरंत प्रशासन को जानकारी मिल जाएगी। मनाली के बाद दूसरे दिन शुक्रवार को प्रदेश आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं तैयारी कार्यक्रम के अंतर्गत ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (ग्लोफ) जोखिम न्यूनीकरण व आपदा तैयारी विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला कसोल में आयोजित की गई।

कार्यशाला का आयोजन हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि अतिरिक्त सचिव (राजस्व) आपदा प्रबंधन व प्रोग्राम निदेशक निशांत ठाकुर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे ग्लेशियल झीलों की संख्या व आकार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे संभावित खतरों से निपटने के लिए वैज्ञानिक निगरानी, अर्ली वार्निंग सिस्टम तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि फ्लोफ संवेदनशील क्षेत्रों में गांव व पंचायत स्तर पर छोटे-छोटे समूह गठित किए जाएं, ताकि आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई कर नुकसान को कम किया जा सके। कार्यशाला में अधिशाषी अभियंता इंजी. अनिल कुमार जसवाल, डॉ. भानु प्रताप (वैज्ञानिक 'डी', एनसीपीओआर), डॉ. एसएस रंधावा (सेवानिवृत्त प्रिंसिपल साइंटिफिक ऑफिसर), डॉ. रितेश कुमार और राकेश कुमार सहित विशेषज्ञों ने ग्लोफ जोखिम, निगरानी तंत्र और आपदा तैयारी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, वन मित्र, आपदा मित्र, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 16 मार्च को कुल्लू में पेंशनर्स की रैली व धरना प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** प्रदेश पेंशनर्ज संयुक्त संघर्ष समिति के निर्णय के अनुसार जिला कुल्लू के समस्त पेंशनर्स की रैली और धरना-प्रदर्शन 16 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में समिति के संयोजक आईडी शर्मा और प्रचार सचिव माधव कैलाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले भर के पेंशनर अपनी मांगों को लेकर एकजुट होकर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी पेंशनर 16 मार्च को सुबह 11 बजे पुराने स्टेट बैंक के पास एकत्र होंगे। इसके बाद यहां से रैली निकाली जाएगी, जो कुल्लू बस अड्डा से होते हुए प्रदर्शनी मैदान तक पहुंचेगी। प्रदर्शनी मैदान में पेंशनर्स की जनसभा आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न वक्ता पेंशनरों से जुड़े मुद्दों और मांगों को प्रमुखता से उठाएंगे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस दौरान उपायुक्त (डीसी) कुल्लू के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा जाएगा। इसमें पेंशनरों की लंबित मांगों व समस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से पेंशनर्स की विभिन्न मांगें सरकार के समक्ष रखी जा रही हैं, लेकिन अभी तक उनका संतोषजनक समाधान नहीं हो पाया है। समिति के संयोजक आईडी शर्मा और प्रचार सचिव माधव कैलाश शर्मा ने जिला कुल्लू के सभी पेंशनरों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में 16 मार्च को रैली और धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर इसे सफल बनाएं, ताकि पेंशनरों की आवाज सरकार तक मजबूती से पहुंच सके।

### वार्षिक पारितोषिक वितरण कार्यक्रम आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें शैक्षिक, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस व अन्य गतिविधियों में अव्वल स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने बताया कि वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में पनारसा कॉलेज की प्राचार्या डॉ. उरसेम लता बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी।

## एनसीसी कैडेट्स ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई

अनंत ज्ञान



**आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी, हरिपुर में एनसीसी इकाई द्वारा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कैडेट्स ने अंतिम वर्ष के कैडेट्स के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का सम्मान करना और उनके महाविद्यालय जीवन के यादगार पलों को साझा करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अंतिम वर्ष के कैडेट्स ने महाविद्यालय की शैक्षणिक तथा सामाजिक गतिविधियों में सराहनीय योगदान दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए समाज और क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, संगीत और मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनका उपस्थित विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर जतिन को मिस्टर फेयरवेल और प्रिया को मिस फेयरवेल चुना गया।कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अशोक भारद्वाज के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रेरित और मार्गदर्शन प्रदान किया।इस अवसर पर बी.ए. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए महाविद्यालय में बिताए पलों को यादगार बताया। समारोह का समापन आपसी शुभकामनाओं और उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

## मनाली में 13 .50 करोड़ से बनेगा बिजली उपकेंद्र

अनंत ज्ञान



मनाली में 13.50 करोड़ से बनने वाले बिजली उपकेंद्र का भूमि पूजन करते हुए मनाली के विधायक व उनके साथ अन्य। अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** पर्यटन नगरी व आसपास के गांवों में सर्दियों में अब लो वोल्टेज की समस्या नहीं रहेगी। शहर के आईबैक्स चौक में अत्याधुनिक 33/11 केवी जीआईएस बिजली उपकेंद्र' बनाया जा रहा है।

13.50 करोड़ की लागत से बनने वाले बिजली उपकेंद्र का शुक्रवार को विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने भूमि पूजन किया। इस केंद्र के बनने से मनाली के पर्यटन कारोबारियों को राहत मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि मनाली के विकास के इतिहास में आज एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। विश्वप्रसिद्ध पर्यटन नगरी को बिजली की समस्या से हमेशा के लिए मुक्ति दिलाने व आधुनिकता की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प के साथ यह उप-केंद्र केवल ईंट व पत्थरों का ढांचा नहीं है, बल्कि यह मनाली की जनता और यहां के पर्यटन कारोबार की धड़कन बनेगा, जो कड़ाके की ठंड व भारी बर्फबारी में भी निर्बाध बिजली सुनिश्चित करेगा। आधुनिक जीआईएस लिए तकनीक से लैस यह बिजली घर आने वाले दशकों तक मनाली की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा और इससे लो-वोल्टेज की पुरानी समस्या का जड़ से अंत हो जाएगा। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ते इस नए सफर के लिए सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सरकार मनाली के विकास केलिए कृत संकल्प है। मनाली में बाईपास सड़क मई महीने तक वाहन योग्य बना ली जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को बिजली उपकेंद्र नवंबर महीने तक तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा में कुछ नेता लोगों का दर्द जानने की बजाय प्रचार में जुटे रहे। उनके आगे पीछे कैमरे वाले रहते थे। केंद्र सरकार ने सेभी का आयात शुल्क खत्म कर हिमाचल के बागवानों को दर्द दिया है। इससे सेब मंदियों में हमारे सेब को उचित दाम नहीं मिल पाएंगे। इस अवसर पर एसडीएम रमन कुमार शर्मा, डीएसपी केडी शर्मा, बिजली बोर्ड के अधिशासी अभियंता पूर्ण चंद ठाकुर, एसडीओ दर्शन कालिया, आदर्श गोयल समेत बोर्ड के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कुल्लू जिले में बढ़ी इंडक्शन की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के असर के चलते जहां देश सहित प्रदेश व कुल्लू जिला में एलपीजी सिलिंडर की किल्लत होने लगी है। वहीं, अब इंडक्शन की मांग बढ़ गई है। कुल्लू शहर में विक्रेताओं के पास इंडक्शन के ऑर्डर धड़ाधड़ आ रहे हैं। इससे पहले इंडक्शन के आर्डर व्रिकेताओं के पास काफी कम थे, अब लगातार इंडक्शन की मांग बढ़ रही है। ऐसे में व्रिकेताओं ने थोक में सामान मंगवाना शुरू कर दिया है। पश्चिम एशिया में तनाव कम समाप्त होगा। इसको लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है, ऐसे में बिना सिलिंडर के कैसे खाना बना पाएंगे, इसके लिए लोग पहले ही विकल्प तलाश रहे हैं। इंडक्शन पर खाना बनाने आदि के लिए सिर्फ बिजली का होना जरूरी है। कुल्लू में इलेक्ट्रानिक्स सामान के एक विक्रेता के अनुसार इंडक्शन की मांग बढ़ गई है। लगातार ग्राहक दुकान में इंडक्शन खरीदने के लिए आ रहे हैं। वहीं, कुल्लू में एक निजी कंपनी के विक्रेता गौरव ने कहा कि ग्राहकों की मांग बढ़ गई है। यह सिलसिला फिलहाल जारी रहने का अनुमान है।

**संघर्ष** किसानों, बागवानों और आम जनता के हितों के लिए 24 मार्च को दिल्ली में प्रदर्शन का आह्वान

# केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग। अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** सीपीआई (एम) राज्य कमेटी द्वारा जनता के ज्वलंत मुद्दों को लेकर 8 मार्च से पूरे हिमाचल प्रदेश में चलाया जा रहा जत्था अभियान शुक्रवार को कुल्लू जिले के पतलीकूहल पहुंचा।

इस अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लोगों के संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया जा रहा है। प्रदेश भर में इस अभियान के तहत जगह-जगह जनसभाओं और नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। पतलीकूहल में आयोजित जनसभा को सीपीआई (एम) राज्य कमेटी के सचिवालय सदस्य व ठियोग के पूर्व विधायक राकेश सिंघा, राज्य सचिवालय सदस्य प्रेम गौतम, राज्य कमेटी सदस्य चंद्र कांता, जिला कमेटी सदस्य राजेश ठाकुर, चमन लाल, ममता नेगी, अनिल कुमार, नील चंद, भूप सिंह तथा कुल्लू लोकल कमेटी के सचिव गोविंद भंडारी ने संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राकेश सिंघा और प्रेम गौतम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हिमाचल प्रदेश के लिए मिलने वाली आरडीजी को समाप्त कर प्रदेश के अधिकारों और अस्तित्व पर हमला कर रही है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी राज्य होने के कारण हिमाचल की आर्थिक संरचना विशेष परिस्थितियों पर आधारित है, ऐसे में आरडीजी को खत्म करना प्रदेश के विकास और वित्तीय संतुलन के लिए घातक साबित हो सकता है।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए बने 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार श्रम कोड लागू किए जा रहे हैं, जिससे मजदूरों के अधिकार कमजोर होंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मनरेगा कानून को कमजोर करने के प्रयास से ग्रामीण भारत के लोगों को रोजगार से वंचित करने व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की साजिश की जा रही है। नेताओं ने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका, न्यूजीलैंड और यूरोपियन यूनियन के देशों के साथ किए जा रहे व्यापारिक समझौतों की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से देश के किसानों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा और हिमाचल प्रदेश की करीब 5500 करोड़ रुपए की सेब आधारित अर्थव्यवस्था भी संकट में पड़ सकती है। धरने के दौरान पूर्व विधायक राकेश सिंघा ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा अमेरिका के साथ किया जा रहा व्यापार समझौता किसानों और बागवानों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यदि विदेशी कृषि और फल उत्पाद बड़े पैमाने पर भारतीय बाजार में आए, तो स्थानीय किसान और बागवान आर्थिक रूप से बर्बाद हो सकते हैं। वक्ताओं ने बिजली संशोधन विधेयक 2025 के माध्यम से स्मार्ट मीटर के जरिए बिजली क्षेत्र के निजीकरण की कोशिशों का भी विरोध किया। साथ ही प्रदेश के गरीब किसानों व भूमिहीनों को समर्थन मूल्य देने, शहरों में भूमिहीनों को दो विस्वा तथा गांवों में तीन विस्वा जमीन मकान बनाने के लिए देने की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा आपदा प्रभावितों, फोरलेन प्रभावितों व परियोजना प्रभावितों को उचित मुआवजा देने की मांग भी की गई। वक्ताओं ने रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर भी केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि इससे आम जनता पर भारी आर्थिक बोझ पड़ा है। सीपीआई (एम) नेताओं ने बताया कि 24 मार्च को दिल्ली में केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आयोजित प्रदर्शन में हिमाचल प्रदेश से हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे।

# आयुषी सूद ने महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रगति के लिए प्रेरित किया

अनंत ज्ञान



एसएफएस के सदस्य कुल्लू में झुग्गी झोंपड़ी में लोगों को जागरूक करते हुए। अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** एसएफएस कुल्लू इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर कुल्लू में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में आयुषी सूद (पूर्व एसएफएस प्रांत संयोजिका) उपस्थित रहे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई के अध्यक्ष ऋतिक कार्तिक द्वारा सभी छात्र साथियों का स्वागत किया गया। जिला एसएफएस संयोजिका राधिका द्वारा एसएफएस की जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि एसएफएस सेवा का एक मार्ग है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इस आयाम कार्य गतिविधि को सेवा क्षेत्र में कार्य करने के लिए स्थापित किया गया है। मुख्य वक्ता आयुषी सूद ने कहा कि उन्होंने स्वयं एसएफएस के माध्यम से कार्य किया है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि महिला दिवस पर महिलाओं का प्रोत्साहन करना हमारा कार्य नहीं, बल्कि उनको यह ज्ञात करवाना है कि महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे होना है। आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं।

कुल्लू इकाई सह- सचिव सुभाष ठाकुर ने धन्यवाद भाषण में कहा कि आज समय ही सबसे बलबान है। आप सभी ने हमें अपना समय दिया, तो सबका धन्यवाद। इसी के साथ ऋतुमति अभियान के तहत बस्ती क्षेत्र में ऋतुस्त्राव के बारे में जानकारी दी गई और पैड वितरण किए गए। शारीरिक स्वछता की महत्वपूर्ण जानकारी चिकित्सा अधिकारी निशा द्वारा दी गई। एसएफएस कुल्लू इकाई का कहना है कि जब होगा महिला का सम्मान, तभी बनेगा देश महान।

## चाड़ना स्कूल में सामूहिक नकल के आरोप, बोर्ड को भेजी शिकायत

# प्रधानाचार्य ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला के उपमंडल संगड़ाह के अंतर्गत आने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चाड़ना में बोर्ड परीक्षाओं के दौरान सामूहिक नकल करवाने के आरोप सामने आए हैं। मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव को लिखित शिकायत भेजी है। वीर सिंह और ज्ञान सिंह नामक स्थानीय निवासियों द्वारा भेजे गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि विद्यालय में चल रही जमा दो की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान परीक्षा नियमों की अनदेखी की जा रही है। शिकायत में प्रधानाचार्य और परीक्षा संयोजक पर भी बोर्ड के नियमों की अवहेलना करने के आरोप लगाए गए हैं।

शिकायतकर्ताओं ने यह भी कहा है कि पिछले वर्ष विद्यालय का 10वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम शून्य प्रतिशत रहा था। इसके अलावा परीक्षा कक्ष में क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को बैठाने, एक पेपर के दौरान लंबे समय तक बिजली गुल रहने पर वैकल्पिक व्यवस्था न करने और प्रधानाचार्य के पति के निजी स्कूल के छात्रों को यहां परीक्षा दिलवाकर नकल करवाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं।

वहीं, विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य मैना कुमारी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि निजी स्वार्थ के चलते केवल दो लोगों द्वारा यह निराधार आरोप लगाए गए हैं और विद्यालय में परीक्षाएं शिक्षा बोर्ड के नियमों के अनुसार ही संचालित की जा रही हैं। उधर, शिक्षा बोर्ड के संबंधित अनुभाग अधिकारी ने फोन पर हुई बातचीत में बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चाड़ना के संबंध में ईमेल के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई है, जिसकी जांच की जाएगी।

## उच्च न्यायालय की क्लर्क भर्ती में सिद्धि शर्मा का चयन, राजगढ़ क्षेत्र का बढ़ाया मान

अनंत ज्ञान



सिद्धि शर्मा

**राजगढ।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय की क्लर्क भर्ती परीक्षा में राजगढ़ क्षेत्र की होनहार बेटी सिद्धि शर्मा का चयन हुआ है। सिद्धि शर्मा शाया चबरोन निवासी माता पुष्पा देवी एवं पिता शमशेर सिंह (पूर्व सैनिक) की बेटी हैं और उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। सिद्धि शर्मा की इस सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे राजगढ़ क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए सिद्धि शर्मा और उनके परिवार को बधाई दी है। माता पिता का कहना है कि सिद्धि शर्मा की मेहनत और लगन अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उनकी सफलता से यह साबित होता है कि यदि दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत की जाए तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# 79 साल बाद भी सड़क से दूर ग्राम पंचायत के नेरी कोटली-सनोहत गांव

अनंत ज्ञान



प्रधान मुख्य अरण्यपाल से मिलने पहुंचे ग्रामीण। अनंत ज्ञान

**नाहन।** उपमंडल राजगढ़ की ग्राम पंचायत नेरी कोटली के अंतर्गत आने वाले कोटली, सनोहत और ड्रेना गांव आज भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। आजादी के करीब 79 वर्ष बीत जाने के बाद भी इन गांवों तक सड़क नहीं पहुंच पाई है, जिससे ग्रामीणों को रोजमर्रा के जीवन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शिमला पहुंच वन बल प्रमुख से लगाई सड़क स्वीकृति की गुहार लगाई। गांवों तक सड़क नहीं पहुंचने से ग्रामीणों को रोजमर्रा के जीवन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वन विभाग से स्वीकृति की मांगइसी समस्या को लेकर ग्राम पंचायत नेरी कोटली के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल राज कुमार ठाकुर के नेतृत्व में शिमला पहुंचा और प्रधान मुख्य अरण्यपाल (वन बल प्रमुख) एवं नोडल अधिकारी (एफसीए) हिमाचल प्रदेश डॉ. संजय सूद से मुलाकात कर सड़क निर्माण के लिए आवश्यक स्वीकृति देने की मांग उठाई।

## न्यूज ब्रीफ


### पूर्व सैनिक संघ कंडाघाट का चौथा स्थापना समारोह

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** पर्व सैनिक संघ ब्लॉक इकाई कंडाघाट का चौथा स्थापना दिवस समारोह रविवार 15 मार्च को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष नायक देव प्रकाश ने दी। उन्होंने बताया कि कंडाघाट के समीप चायल रोड स्थित कोटला में यह समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में ब्लॉक के सभी सदस्य, वीर नारियां और जिला इकाई के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में देश के लिए कुर्बान होने वाले शहीदों को याद किया जाएगा, संघ की इकाई के चार सालों में किए कार्य की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। पूर्व सैनिकों, शहीद हुए सैनिकों की वीर नारियों और सैनिकों के परिवारों की समस्याओं और उन्हें मिलने वाली सरकारी सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। समारोह में सैन्य सेवा काल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों और वीर नारियों को सम्मान दिया जाएगा।

### हाईवे पर हुए दो हादसों में आधा दर्जन लोग घायल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नेशनल हाईवे देहरादून- चंडीगढ़ पर कालाअम्ब- माजरा में सड़क हादसे, आधा दर्जन लोग हुए घायल,एफआईआर दर्ज इन मामलों के संज्ञान में आने के बाद आरोपी चालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि हाइवे पर पान की तरफ आ रही गाड़ी नं0 यूपी न 16 बीयू 0399 बड़ी तेज रफ्तारी में नाहन की तरफ आ रही गाड़ी के चालक सचिन चौधरी निवासी तेलियो नगला तहसील अनुप शहर जिला बुलदं शहर यूपी ने एक मोटरसाईकिल को गलत दिशा में जाकर सामने से टक्कर मार दी।एसपी ने बताया कि टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति लेखराज पुत्र शिव राम निवासी सैंज तहसील सगड़ाह जिला सिरमौर, संजीव पुत्र दुर्गा सिंह शिवपुर तह. पांवटा साहिब जिला सिरमौर और आयुश पुत्र लेखराज निवासी सैंज तहसील संगड़ाह जिला सिरमौर इस हादसे में घायल हो गए।

### उद्योग मंत्री के विकास की खुली पोलः रावत



**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के विकास की पोल खोलते हुए उनसे सवाल करते हुए पूछा है कि आखिर आप अपने प्रवास के दौरान कौन सी जन समस्याएं सुनते हैं। रावत ने बताया कि राजकीय उच्च पाठशाला लोजा एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला हकाईना के पास विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को बिठाने के लिए अपना भवन तक नहीं है। जिसके कारण इन विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे खुले आसमान के नीचे अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। जबकि राजकीय उच्च पाठशाला लोजा में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 80 है तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला हकाईना में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 40 है। लेकिन इसके उपरांत भी इस पाठशाला का भवन बहुत ही जर्जर हालत में है जिसका निरीक्षण उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा जिला सिरमौर भी पिछले दिनों स्वयं कर चुके हैं। रावत ने कहा कि यदि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी होती है तो उसके लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार जिम्मेदार होगी। भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने बताया कि उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान अपने प्रवास कार्यक्रम सिर्फ टीए टीए लेने के लिए करते हैं जनता की समस्याएं सुनने के लिए नहीं जनता अभी भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है।

### अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी पुष्पा राणा को मिले सम्मानजनक पद : सामाजिक संगठन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सिरमौर की प्रतिभाशाली बेटी और अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी पुष्पा राणा को अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अजय ठाकुर की तर्ज पर सम्मानजनक उच्च पद देने की मांग तेज हो गई है। स्थानीय जनता सहित सिरमौर के सामाजिक युवा संगठन अन्तर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सम्मानजनक नौकरी देने की मांग की है। सामाजिक युवा संगठन सिरमौर के अध्यक्ष हेमराज राणा की अगुवाई में जिलाधीश सिरमौर के माध्यम से मुख्यमंत्री और उद्योग मंत्री को मांग पत्र सौंपा। सामाजिक युवा संगठन का मानना है कि अजय ठाकुर की तर्ज पर पुष्पा राणा को भी डीएसपी पद जैसे सम्मानजनक और उच्च पद देने की अनुशंसा करें ताकि भविष्य में बेटियां खेल प्रतिभाओं के दम पर विभिन्न पदों में नियुक्त होने पर आत्मनिर्भर बनती रहे। वहीं दूसरी ओर संगठन ने शिलाई के विधायक एवं हिमाचल सरकार में उद्योग एवं संसदीय कार्य मंत्री ठाकुर हर्षवर्धन चौहान से भी पत्र के माध्यम से निवेदन किया है कि उनके विधानसभा क्षेत्र के मिल्ला गांव की होनहार बेटी को उच्च पद देने के लिए मुख्यमंत्री के माध्यम से पद सर्जन करने की अनुशंसा करने की मांग की है।

### लेनदेन विवाद में लाखों का धोखा, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के औद्योगिक क्षेत्र पुरुवाला में एक कंपनी से जुड़े वित्तीय लेनदेन को लेकर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहित कुमार, जो यमुना बेवरेजेज नारीवाला पांवटा साहिब में लेखाकार हैं, ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया गया कि एमएस केएम इंजीनियरिंग सलूशन नामक कंपनी, जिसके मालिक कवेश मल्होत्रा निवासी गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) हैं, उनकी कंपनी को मशीनरी, स्पेयर पार्ट्स और कच्चा माल सप्लाई करती थी। शिकायत के अनुसार कंपनी द्वारा कुल 4,33,81,569 रुपये का भुगतान किया गया, जबकि सप्लाई लगभग 3,66,93,114 रुपये की दी गई। इस प्रकार लगभग 66,88,455 रुपये की राशि शेष रह गई।

### संगड़ाह नगर पंचायत वार्ड परिसीमन की अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि नगर पंचायत संगड़ाह के वार्डों का परिसीमन वर्ष-2026 में होने वाले नगर पालिका/नगर पंचायत के सामान्य निर्वाचन के लिए जन साधारण से कोई आक्षेप व सुझाव प्राप्त नहीं हुए है। उपायुक्त ने बताया कि हिमाचल प्रदेश नगर पालिका निर्वाचन (वार्डों का पुनर्गठन एवं आरक्षण) नियम 2015 के नियम 9(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वर्ष 2026 में होने वाले शहरी निकायों के निर्वाचन के लिए नगर पंचायत सगडांह के समस्त सात वार्डों के परिसीमन हेतू अतिंम प्राकाशन की अधिसूचना जारी कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि संगडाह नगर पंचायत के वार्डों की अतिंम प्रकाशन की अधिसूचना एसडीएम कार्यालय संगड़ाह में निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।

### परवाणू में बंदर पकड़ने के लिए शहरी विकास विभाग ने प्रधान सचिव को लिखा पत्र

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** नगर परिषद परवाणू में बंदरों को पकड़ने और उन्हें राज्य से बाहर भेजने के टेंडर को लेकर उठे विवाद की जांच के लिए निदेशक शहरी विकास विभाग ने प्रधान सचिव शहरी विकास वभाग को पत्र लिखकर इस मामले की जांच किसी स्वतंत्र अधिकारी से करवाने की सिफारिश की है। प्रधान सचिव को लिखे पत्र की प्रति मिलने के बाद शिकायतकर्ता समाजसेवी सतीश बेरी ने बताया की विभागीय पत्र के अनुसार उपायुक्त सोलन से प्राप्त स्रोत सूचना रिपोर्ट के आधार पर पहले इस मामले की जांच नगर निगम सोलन के सहायक अभियंता को सौंपी गई थी। इस दौरान शिकायतकर्ता समाजसेवी सतीश बेरी ने आपत्ति जताते हुए कहा कि मामले में नगर परिषद को वित्तीय नुकसान की आशंका है, इसलिए जांच तकनीकी अधिकारी की बजाय वित्त अधिकारी से करवाई जानी चाहिए। इसके बाद विभाग ने जांच का जिम्मा उपमंडल अधिकारी (नागरिक) नालागढ़ को सौंप दिया। लेकिन नालागढ़ से भेजी गई रिपोर्ट में बताया गया कि नगर परिषद परवाणू उपमंडल कसौली के अधिकार क्षेत्र में आता है। साथ ही उस समय नगर परिषद परमाणु के कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी वर्तमान उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कसौली के पास था।

# कंडाघाट के गांव कुफ्टू में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आयोजित

## आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निवारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताः डॉ. शांडिल

अनंत ज्ञान



गांव कुफ्टू में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल शांडिल। अनंत ज्ञान

**प्रेम कुमार, कंडाघाट।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निवारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में समय-समय पर आयोजित किए जा रहे सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

डॉ. शांडिल आज सोलन ज़िला के कण्डाघाट उपमण्डल की दूरदराज ग्राम पंचायत जधाणा के गांव कुफ्टू में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मन्त्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का उनके घर-द्वार पर त्वरित समाधान करना एवं उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीणों की समस्याओं का घर-द्वार पर समाधान होने से लोगों के धन और समय की बचत सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन होना आवश्यक है ताकि ग्रामीण स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान हो सके। प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में बहुत तेजी से सुधार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में रोबोटिक सर्जरी आरम्भ करने के साथ-साथ आधुनिक एम.आर.आई जैसे उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं ताकि लोगों को बेहतर निदान एवं चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

प्रदेश के अन्य प्रमुख अस्पतालों में भी रोबोटिक सर्जरी सुविधा शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के कमज़ोर वर्गों के कल्याण के लिए योजनाबद्ध कार्य कर रही है। मुख्यमन्त्री सुखाश्रय जैसी योजना जहां बेसहारा बच्चों के भविष्य को संवारने का माध्यम बन रही है वहीं राजीव गांधी स्टार्ट अप योजना के माध्यम से बेरोज़गार युवाओं को रोज़गार एवं स्वारोजगार प्रदान करने की दिशा में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर लोगों का आह्वान किया कि नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहें तथा समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें।

डॉ. शांडिल ने विद्युत बोर्ड, जल शक्ति, लोक निर्माण, राजस्व विभाग व अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें सुनीं तथा सम्बन्धित अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर हिमईरा की फूड वैन को झंडी दिखाकर रवाना भी किया। उन्होंने कहा कि यह वैन महिला स्वयं सहायता समूहों की आय वृद्धि का साधन बनेगी। उपमंडलाधिकारी कंडाघाट गोपाल चंद शर्मा ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का घर-द्वार पर शीघ्र समाधान करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत आज कण्डाघाट उपमण्डल की सभी ग्राम पंचायतों के लोगों की समस्याएं सुनी गई। इस अवसर पर 54 शिकायतें व मांगें प्राप्त हुई। इनमें से अधिकतर का मौके पर निपटारा किया गया तथा शेष मांगों को सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किया गया। स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य द्वारा इस अवसर पर द्वारा प्रदर्शनियां भी लगाई गई। इस अवसर पर सभी विभागों के गणमान्य व्यक्ति भी शमिल रहे।

## ओमैक्स सोसायटी वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव का बिगुल, टीम लक्की के साथ जुटे वोटर



चुनाव के चलते कैंपेन करती टीम लक्की व समर्थक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान


**ओम शर्मा, बीबीएन।** ओमैक्स पार्कवुड्स रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव आगामी 15 मार्च को होने जा रहा है। चुनाव को लेकर उम्मीदवारों ने सोसाइटी के विकास और निवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अपना एजेंडा जारी किया है। उम्मीदवारों ने कहा कि चुनाव में विजय प्राप्त करने के बाद सोसाइटी के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जायेंगे।

ओमैक्स के चुनाव में जसविंदर सिंह (लकी) अध्यक्ष पद, संज़ीव शर्मा उपाध्यक्ष पद, देवेंद्र चौधरी महासचिव पद और अंशुमन उप्पल कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार हैं। उम्मीदवारों द्वारा जारी एजेंडे के अनुसार ओमैक्स से हैंडओवर प्राप्त होने के तुरंत बाद सबसे पहले सोसाइटी के स्विमिंग पूल और जिम को शुरू कराया जाएगा, ताकि सभी निवासी इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें। प्रधान पद के प्रत्याशी जसविंदर सिंह लक्की ने बताया के इस के अलावा सोसाइटी के सीनियर सिटीजन के लिए बैठने की उचित व्यवस्था की जाएगी और उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलिंग, लाइटिंग व अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उम्मीदवारों ने बताया कि हाइड्रेंट सिस्टम की नियमित मॉक ड्रिल कराई जाएगी, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से प्रभावी रूप से निपटा जा सके। साथ ही पार्कों की सजावट, हरियाली और नियमित रखरखाव के लिए स्थायी माली की व्यवस्था की जाएगी। महासचिव पद के प्रत्याशी देवेंद्र चौधरी ने बताया कि सोसाइटी की सभी लिफ्टों की समय-समय पर सर्विसिंग और मेंटेनेंस सुनिश्चित की जाएगी।

- **स्विमिंग पूल, जिम, सुरक्षा व्यवस्था, पार्क सौंदर्यीकरण व सीनियर सिटीज़न सुविधाओं को दी जाएगी प्राथमिकता**

## धर्मपुर से 2 लाख के जेवर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



चोरी का आरोपी पुलिस की हिरासत में।

**सोलन।** धर्मपुर निवासी करण कुमार ने पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई कि 5 फरवरी 2026 को वह अपनी ड्यूटी पर चले गए थे तथा उनके परिवार के सदस्य सत्संग में गए हुए थे। जब दिन के समय उनके परिवार के सदस्य घर वापस आए तो उन्होंने देखा कि घर का मुख्य गेट खुला हुआ था तथा घर का मुख्य दरवाजा भी खुला हुआ था और उसका ताला गायब था। घर के अंदर जांच करने पर पाया गया कि अलमारी का ताला टूटा हुआ था तथा उसमें रखे सोने व चांदी के जेवरात गायब थे। जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 4 फरवरी को दिन के समय चोरी कर लिए गए। चोरी हुए सोने व चांदी के जेवरातों की अनुमानित कीमत लगभग 2,00,000/- रुपये है। उक्त शिकायत के आधार पर पुलिस थाना धर्मपुर में मामला दर्ज कर जांच प्रारम्भ की गई। मामले की जांच के दौरान पुलिस थाना धर्मपुर की टीम द्वारा चोरी हुए जेवरातों तथा आरोपी की तलाश शुरू की गई। तलाश के दौरान पुलिस थाना धर्मपुर की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि पुलिस थाना ठियोग में एक व्यक्ति को निवारक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है तथा जांच के दौरान यह पाया गया कि उक्त व्यक्ति पूर्व में भी विभिन्न आपराधिक गतिविधियों/चोरी की वारदातों में संलिप्त रहा है। इस सूचना पर पुलिस थाना धर्मपुर की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना ठियोग, जिला शिमला पहुंचकर उक्त व्यक्ति से गहन पूछताछ की गई।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने 4 फरवरी को धर्मपुर क्षेत्र में एक चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। 12 मार्च को पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपी मोहमद शरीफ पुत्र मोहमद गुलजार निवासी गांव कोटी चडीयार, डाकघर सुरजन चिलोग, तहसील बनी, जिला कठुआ (जम्मू-कश्मीर), उम्र 55 वर्ष को पुलिस थाना ठियोग, जिला शिमला से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि उक्त आरोपी चोरी करने का आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के थानों में कुल 12 मामले दर्ज पाए गए हैं। इनमें पुलिस थाना सदर सोलन में 01, पुलिस थाना अर्की में 2, जिला चंबा के पुलिस थाना चुवाड़ी में 1, जिला हमीरपुर के पुलिस थाना सदर व सुजानपुर में 2, जिला मंडी के पुलिस थाना सुंदरनगर, मंडी सदर व सरकाघाट में 4 तथा जिला शिमला के पुलिस थाना ठियोग में 2 मामले दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त आरोपी के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की भी पड़ताल की जा रही है।

## सोलन में व्यवसायिक सिलेंडर की मांग की जा रही पूरी : एसडीएम

अनंत ज्ञान



**सोलन।** एसडीएम सोलन पूनम बंसल ने घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की कोई किल्लत नहीं है जबकि व्यवसायिक सिलेंडर की मांग को पूरा किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर मिट्टी तेल का स्टॉक भी उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और घरेलू जरूरतों के लिए गैस सिलेंडरों के लिए किसी प्रकार का असामयिक या कृत्रिम मांग न बनाएं। डॉ. बंसल ने बताया कि जिले में सभी घरेलू गैस वितरक और स्टॉकिस्ट पूरी तरह से आपूर्ति की स्थिति बनाए हुए हैं और आम जनता को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग अनावश्यक रूप से मांग बढ़ाकर अफरा-तफरी या भ्रम फैलाएंगे, उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत की जाएगी। एसडीएम ने यह भी कहा कि नागरिकों को आवश्यकता से अधिक गैस सिलेंडर खरीदने या जमा करने से बचना चाहिए। इस तरह की गतिविधियां न केवल अन्य उपभोक्ताओं को प्रभावित करती हैं, बल्कि कानून के तहत भी अवैध मानी जाती हैं। उन्होंने सभी वितरकों और स्टॉकिस्टों को निर्देश दिए हैं कि वे किसी भी प्रकार की कृत्रिम मांग या अफवाह को बढ़ावा न दें और समय पर सही जानकारी प्रदान करें। उन्होंने जनता से अपील की कि यदि किसी भी स्थान पर गैस सिलेंडरों की कमी या अवैध बिक्री की शिकायत सामने आती है, तो तुरंत जिला प्रशासन या नज़दीकी पुलिस थाने को सूचित करें। प्रशासन की टीम नियमित रूप से निगरानी कर रही है और किसी भी अनुचित गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि जिले में घरेलू गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है और जरूरतमंद नागरिकों को हर संभव सुविधा प्रदान की जा रही है।

### होटल में दबिश देकर पुलिस ने पांच युवकों से बरामद किया 21.18 ग्राम चिट्टा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला पुलिस की एसआईयू टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर सोलन बाईपास स्थित एक होटल में दबिश दी गई। दबिश के दौरान होटल के एक कमरे में ठहरे 5 युवकों, जिनमें 4 युवक हरियाणा के और 1 युवक सोलन का निवासी पाए गया। जिनके कब्जे से 21.18 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद किया गया। मौके पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पुलिस थाना सदर सोलन में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मामला पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार सभी पांचों आरोपियों न्यायालय में पेश करके 03 दिन का पुलिस हिरासत रिमांड हासिल करके गहनता से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। मामले में आगामी जांच जारी है।

### 14 मार्च को ग्राम सेर में लगेगा आयुष किसान मेला

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** उपमंडल के अंतर्गत ग्राम सेर (पंचायत सेर जगास) में कल यानी 14 मार्च (शनिवार) को आयुष किसान मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के आयुष मिशन के तहत आयोजित किया जा रहा है। मेले का उद्देश्य आम लोगों को आयुर्वेद और योग के प्रति जागरूक करना तथा ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है।उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका सूद ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में अनुभवी आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा, जहां स्वास्थ्य परामर्श दिया जाएगा। इसके साथ ही मधुमेह और हिमोग्लोबिन की नि:शुल्क जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम के दौरान योग विशेषज्ञों द्वारा योग शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न योगासनों और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा।

**समारोह** सोलन कॉलेज के पारितोषित समारोह में 800 से अधिक विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. महावीर सिंह ने नवाजे विद्यार्थी

अनंत ज्ञान

- **विद्यार्थियों को ईमानदारी, कड़ी मेहनत से जीवन में उच्च मुकाम हासिल करने का संदेश दिया**
- **विद्यार्थियों ने पारंपरिक 'नाटी' नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया**



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महावीर सिंह मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के दौरान। अनंत ज्ञान

**सोलन।** डिग्री कॉलेज सोलन ने सत्र 2025-26 का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महावीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

इस समारोह में महाविद्यालय के अकादमिक, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, रेंजर-रोवर, ईको क्लब, रोड सेफ्टी क्लब, योगा क्लब हिमाचल प्रदेश युवा महोत्सव तथा अन्य विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 800 मेधावी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर महावीर सिंह ने कहा कि पुरस्कार प्राप्त करने की एक अलग ही अनुभूति होती है और यह विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि आने वाला समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम तकनीक का युग है, इसलिए विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ इन आधुनिक क्षेत्रों में भी सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी, कड़ी मेहनत और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाकर जीवन में उच्च मुकाम हासिल करने का संदेश दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में मोबाइल एक आवश्यकता बन चुका है, लेकिन हमें उसका सही उपयोग करना चाहिए और उसके गुलाम नहीं बनना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नैनो टेक्नोलॉजी तथा अन्य उभरते वैज्ञानिक क्षेत्रों में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने मुख्य अतिथि का औपचारिक स्वागत किया तथा महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अपने संबोधन में उन्होंने महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों, उपलब्धियों तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम की शुरुआत संगीत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। समारोह के अंत में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पारंपरिक 'नाटी' नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय कंडाघाट के प्राचार्य प्रोफेसर मदन मनकोटिया, राजकीय महाविद्यालय सुबाथू के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कश्यप, सेवानिवृत्त भूगोल विभाग की प्रोफेसर डॉ. अर्चना गुप्ता, पीटीए अध्यक्ष ओमप्रकाश कश्यप, ओएसए उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह, सीएससीए कार्यकारिणी के सदस्य, महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# स्पोर्ट्स विंडो

## गोवा जुलाई माह में करेगा अगली अल्टीमेट टेबल टेनिस की मेजबानी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** गोवा जुलाई में श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में फ्रेंचाइजी आधारित अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के सातवें सत्र की मेजबानी करेगा। लीग के आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में 11 स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित की जाने वाली यूटीटी 2017 में लांच हुई थी और आयोजकों ने एक बयान में कहा, 'अल्टीमेट टेबल टेनिस भारत के टेबल टेनिस तंत्र का अहम हिस्सा बन गई है। इससे पिछले कुछ वर्षों में प्रत्येक स्तर पर खेल बेहतर हुआ है।' यूटीटी के सह प्रवर्तक विटा दानी ने कहा, 'इस लीग ने भारतीय खिलाड़ियों के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी की है, उन्हें ज्यादा पहचान मिली है। हमारा मकसद एक ऐसी विश्व स्तरीय लीग बनाना है जो युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करे, प्रशंसकों को इस खेल से जोड़े और लंबे समय तक खेल के विकास में मदद करे।' खिलाड़ियों की नीलामी और सातवें सत्र के पूरे कार्यक्रम की घोषणा आगामी हफ्तों में की जाएगी।

## एआईएफएफ के पूर्व महासचिव कुशल दास का 65 वर्ष की उम्र में निधन

**एजेंसी नई दिल्ली।** अनुभवी प्रशासक और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के पूर्व महासचिव कुशल दास का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 65 वर्ष के थे। दास ने भारत में 2017 फीफा अंडर-17 विश्व कप के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने 2022 में स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा देने से पहले 12 वर्षों तक एआईएफएफ के महासचिव पद पर कार्य किया। फुटबॉल प्रशासन से 2010 में जुड़ने से पहले दास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन समूह (आईएमजी) इंडिया में मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने दिल्ली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। यह जानकारी शाजी प्रभाकरन ने दी। प्रभाकरन भी अनुभवी फुटबॉल प्रशासक हैं, जिन्होंने आई-लीग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनंदो धर के कुछ समय तक कार्यवाहक महासचिव के रूप में कार्य करने के बाद 2022 में एआईएफएफ के पूर्णकालिक महासचिव के रूप में दास का स्थान लिया था।

## न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पीएसएल में कोचिंग के लिए ओरम और रोंची को दी छुट्टी

**एजेंसी, वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड परुष टीम के सहायक कोच जैकब ओरम और ल्यूक रोंची को पाकिस्तान सुपर लीग की इस्लामाबाद युनाइटेड टीम की कोचिंग का कार्यभार संभालने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने छुट्टी दे दी है । इस टीम के लिये 2017 से 2021 तक खेलने वाले रोंची मुख्य कोच होंगे जबकि ओरम उनके सहायकों में से होंगे। पीएसएल 26 मार्च से अप्रैल अंत तक चलेगा। इस दौरान ये दोनों दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला और अप्रैल में बांग्लादेश दौरे के लिये उपलब्ध नहीं होंगे । न्यूजीलैंड के परफॉर्मेंस मैनेजर माइक सैंडल ने कहा ,' ल्यूक और जैक के लिये यह कोचिंग अनुभव लेने का अच्छा मौका है । हमारे खिलाड़ियों की ही तरह कोचों की भी भारी मांग है और हमें लगता है कि इस अनुभव से उन्हें ही नहीं न्यूजीलैंड क्रिकेट को भी भविष्य में फायदा होगा।'

### एना मार्कोविक का दिलकश अंदाज

**क्रोएशिया** की एना मारिया मार्कोविक को अक्सर दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला फुटबॉलर के रूप में जाना जाता है। वह क्रोएशिया की एक पेशेवर फुटबॉलर हैं और सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरों के लिए जानी जाती हैं। एना के 10 लाख से ज्यादा है फ्लोअर्स हैं।



# पाकिस्तानी स्पिनर अबरार को खरीदकर विवादों में घिरी सनराइजर्स लीड्स

## सोशल मीडिया पर फ्रेंचाइजी और ऑनर की हो रही आलोचना, एक्स पर खाता निलंबित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सनराइजर्स लीड्स का आधिकारिक एक्स खाता वीरवार को कुछ ही घंटों में निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई उस समय हुई जब फ्रेंचाइजी ने द हंड्रेड 2026 की नीलामी में पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को अपनी टीम में शामिल किया। अबरार अहमद इस प्रतियोगिता में किसी भारतीय स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी द्वारा चुने जाने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बन गए हैं।

हालांकि इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर कई प्रशंसकों ने टीम के मालिक और फ्रेंचाइजी की आलोचना करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी। नीलामी में अबरार अहमद को 1 लाख 90 हजार पाउंड (करीब 2.3 करोड़ रुपये) में खरीदा गया था। इसके कुछ ही समय बाद सनराइजर्स लीड्स का आधिकारिक एक्स खाता निलंबित हो गया। मंच की ओर से निलंबन का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है, लेकिन खाते पर जाने पर संदेश दिखाई देता है कि यह खाता नियमों के उल्लंघन के कारण निलंबित कर दिया गया है। इस बीच सन टीवी नेटवर्क ने हाल ही में द हंड्रेड की फ्रेंचाइजी, जो पहले नार्दर्न सुपरचार्जेस के नाम से जानी जाती थी, में हिस्सेदारी खरीदी है। कंपनी ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड से 49 प्रतिशत और यार्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब से से 51 प्रतिशत हिस्सेदारी लेकर लगभग 10 करोड़ पाउंड में टीम का अधिग्रहण किया। नीलामी से पहले यह चर्चा थी कि आईपीएल फ्रेंचाइजी से जुड़ी टीमें पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर बोली लगाने से बचेंगी, और नीलामी की शुरुआती प्रक्रिया भी इसी ओर इशारा कर रही थी। हालांकि बाद में अबरार अहमद को खरीदकर यह स्थिति बदल गई।



गौरतलब है कि पाकिस्तानी खिलाड़ी 2009 के बाद से इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं खेले हैं और दुनियाभर की टी-20 लीगों में निवेश करने वाले आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिक आम तौर पर पाकिस्तान के खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने से बचते रहे हैं। नीलामी में पाकिस्तान के एक और खिलाड़ी उस्मान तारिक को बर्मिंघम फोनिक्स ने 1 लाख 40 हजार पाउंड में खरीदा। वहीं सैम अयूब, हारिस रऊफ और शादाब खान जैसे कई खिलाड़ी बिना बिके रह गए। सनराइजर्स लीड्स की टीम की कप्तानी हैरी ब्रूक कर रहे हैं, जबकि कोच की जिम्मेदारी डेनियल विटोरी के पास है। नीलामी के शुरुआती चरण में टीम ने दक्षिण अफ्रीका के रयान रिकेल्टन, इंग्लैंड के जैक क्रॉली, मैट पॉट्स और डैन लॉरेंस को भी टीम में शामिल किया। टीम में पहले से ब्रायडन कार्स, मिशेल मार्श और नाथन एलिस जैसे खिलाड़ी मौजूद हैं। (अनंत ज्ञान)

# पोल वॉल्ट में आर्मंड डुप्लांटिस ने 15वीं बार तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

**एजेंसी, उप्साला**

स्वीडन के स्टार पोल वॉल्टर आर्मंड डुप्लांटिस ने वीरवार को एक बार फिर इतिहास रचते हुए पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड 15वीं बार तोड़ दिया। उन्होंने उप्साला में आयोजित प्रतियोगिता में 6.31 मीटर की शानदार छलांग लगाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। 26 वर्षीय डुप्लांटिस ने यह ऊंचाई अपने पहले ही प्रयास में पार कर ली। इससे पहले उन्होंने 5.65 मीटर, 5.90 मीटर और 6.08 मीटर की ऊंचाई भी पहले प्रयास में ही पार की।




उन्होंने बार को सीधे 23 सेंटीमीटर बढ़ाकर विश्व रिकॉर्ड ऊंचाई 6.31 मीटर कर दिया और पहली ही कोशिश में इसे पार कर लिया। डुप्लांटिस 2020 में 6.17 मीटर की छलांग लगाने के बाद से ही इस रिकॉर्ड के मालिक बने हुए हैं और लगातार इसे बेहतर करते आ रहे हैं। यह दूसरी बार है जब उन्होंने स्वीडन की धरती पर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले उन्होंने जून 2025 में स्टॉकहोम में 6.28 मीटर की छलांग लगाई थी। रिकॉर्ड बनाने के बाद डुप्लांटिस ने दर्शकों से कहा कि अपने देश में यह उपलब्धि हासिल करना उनके लिए बेहद खास है। उन्होंने कहा कि वह अपने लिए, अपने परिवार के लिए और स्वीडन के लोगों के लिए कूदते हैं। प्रतियोगिता में नॉर्वे के सोंद्रे गुट्टोरम्सेन 6.00 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं ग्रीस के इमैनुएल करालिस 6.00 मीटर की ऊंचाई पार करने में तीनों प्रयासों में असफल रहे। अब डुप्लांटिस के पास मार्च के अंत में पोलैंड के तोरुन में होने वाली वर्ल्ड इनडोर चैंपियनशिप में अपने इस नए विश्व रिकॉर्ड को और बेहतर करने का मौका होगा।

# भारतीय शटलर मन्नेपल्ली ने स्विस ओपन के दूसरे दौर में बनाई जगह

**एजेंसी, बासेल**

भारतीय युवा शटलर थारुन मन्नेपल्ली ने जापान के अपने प्रतिद्वंदी केंटा निशिमोटो के निर्णायक सेट में रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं, किरण जॉर्ज को स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में हांगकांग के जेसन गुणावन से हारकर बाहर हो गए। जॉर्ज ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन 70 मिनट तक चले राउंड 16 मैच में 18-21, 21-16, 16-21 से हार गए।



भारत के हरिहरन अम्साकारुनन और एम आर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार गई। उन्हें चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई ने 32 मिनट में 17-21, 11-21 से हराया। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी का मुकाबला आज रात प्री क्वार्टर फाइनल मैच में जापान के हिरोकी ओकामुरा और क्योहेई यामाशिता की जोड़ी से होगा। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज मन्नेपल्ली बुधवार की रात खेले गए इस मैच में तब 16-21 21-16 7-2 से आगे चल रहे थे, जब पांचवीं वरीयता प्राप्त निशिमोटो ने कंधे में दर्द के कारण मैच से हटने का फैसला किया। पिछले साल मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले 24 वर्षीय मन्नेपल्ली का अगला मुकाबला मलेशिया के जस्टिन होह से होगा। इस बीच महिला एकल में मालविका बंसोड़ थाईलैंड की विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग से एकतरफा मुकाबले में 11-21, 15-21 से हार गईं। थाईलैंड की खिलाड़ी के खिलाफ यह उनकी चौथी हार है। (अनंत ज्ञान)

# इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में पहुंचे ज्वेरेव

## फ्रांस के आर्थर फिल्स को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम चार में बनाई जगह

**एजेंसी, मैक्सिको सिटी**

जर्मनी के टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने वीरवार को इंडियन वेल्स मास्टर्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार सेमीफाइनल में जगह बना ली। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में आर्थर फिल्स को 6-2, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ ज्वेरेव एटीपीमास्टर्स-1000 के सभी नौ टूर्नामेंट में सेमीफाइनल खेलने वाले सिर्फ पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच, रोजर फेडरर और एंडी मरे यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।



इस उपलब्धि के साथ ज्वेरेव 'बिग फोर' यानी रोजर फेडरर, राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच और एंडी मरे के चुनिंदा खिलाड़ी क्लब में शामिल हो गए हैं। ज्वेरेव ने कहा, 'इतिहास में ऐसा करने वाले सिर्फ पांच खिलाड़ियों में शामिल होना मेरे लिए बहुत खास है। यह ऐसी उपलब्धि है जिस पर मुझे गर्व है।' ज्वेरेव अब तक नौ में से पांच मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट जीत चुके हैं। हालांकि, वह अभी तक कोई ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीत पाए हैं, जबकि तीन बार फाइनल तक पहुंच चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### महिला वर्ग : सेमीफाइनल में पहुंची स्वितोलिना

**यूक्रेन** की स्टार टेनिस खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-4 से हराकर इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं विश्व नंबर एक आर्यना साबालेंका भी क्वार्टर फाइनल जीतकर अंतिम चार में पहुंच गई। मैच की शुरुआत में स्वियातेक लय में नहीं दिखीं और उन्होंने पांच डबल फॉल्ट किए। इसका फायदा उठाते हुए स्वितोलिना ने तीन बार सर्विस ब्रेक करते हुए मात्र 38 मिनट में पहला सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में स्वियातेक ने शानदार वापसी की और मुकाबले को निर्णायक सेट तक पहुंचाया। हालांकि तीसरे सेट में स्वितोलिना ने एकमात्र सर्विस ब्रेक हासिल कर बढ़त बना ली और आत्मविश्वास के साथ मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली।



# इस बार आईपीएल में नए प्लेयर्स के साथ कुछ नया करने की करेंगे कोशिश: पंत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की तैयारी शुरू कर दी है। टीम के नए खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कप्तान पंत ने कहा कि सभी को एक-दूसरे से सीखते हुए इस सीजन के लिए कुछ नया बनाने की कोशिश करनी चाहिए। एलएसजी की ओर से साझा किए गए एक वीडियो में पंत ने नए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि टीम में पिछले साल के कई खिलाड़ी मौजूद हैं, जबकि कुछ नए चेहरे भी जुड़े हैं। ऐसे में सभी को आपस में बेहतर तालमेल बनाकर आगे बढ़ना होगा।



पंत ने कहा, 'हम सबको यहां मौजूद हर खिलाड़ी से जितना संभव हो उतना सीखने की कोशिश करनी चाहिए। अगर हम क्रिकेट के बारे में बातचीत नहीं करेंगे तो सुधार भी नहीं कर पाएंगे। इस सीजन के लिए हमें मिलकर कुछ बेहतर बनाने की कोशिश करनी होगी।' पिछले दिसंबर में हुए मिनी ऑक्शन में लखनऊ ने कई नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया। इनमें श्रीलंका के स्टार ऑलराउंडर वानिन्दु हसरंगा, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नार्ट्जे, मुकुल चौधरी, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी और ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश शामिल हैं। इसके अलावा टीम ने ट्रेड के जरिए अर्जुन तेंदुलकर और भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भी अपने साथ जोड़ा है। पंत की अगुवाई में पिछले सीजन में लखनऊ का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। टीम ने लीग चरण में केवल छह मैच जीते और अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। हालांकि आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पंत ने नाबाद 118 रन की शानदार पारी खेली थी, लेकिन टीम को इसका फायदा नहीं मिल सका। पंत ने कहा कि किसी भी सीजन की शुरुआत में टीम का लक्ष्य जीतना होता है, लेकिन खिलाड़ियों के लिए यह भी जरूरी है कि वे अपने व्यक्तिगत और टीम के लक्ष्यों को लेकर स्पष्ट रहें।

उन्होंने बताया कि अभी यह प्री-सीजन कैंप जैसा है, क्योंकि बाकी खिलाड़ी 15-16 मार्च के आसपास टीम से जुड़ेंगे। आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स अपने अभियान की शुरुआत 1 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने घरेलू मैदान अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में करेगी। इसके बाद टीम 5 अप्रैल को हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबला खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

### युवराज सिंह से पावर हिटिंग की ट्रेनिंग ले रहे हैं ऋषभ पंत

**पिछले** आईपीएल सीजन में फ्लॉप रहने पर ऋषभ पंत अब युवराज सिंह से पावर हिटिंग की ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्होंने वीरवार को अपने इंस्टाग्राम में एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें पंत मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में युवराज की निगरानी में बड़े-बड़े शॉर्ट खेलने की प्रैक्टिस कर रहे हैं। इस वीडियो में युवराज सिंह उनकी तकनीक को ध्यान से देख रहे हैं। इतना ही नहीं, वे उन्हें बल्लेबाजी से जुड़े सुझाव भी देते नजर आ रहे हैं। पंत के लिए आईपीएल का पिछला सीजन काफी खराब रहा था। वे एक शतकीय पारी के बावजूद महज 269 रन ही बना सके थे। इस ट्रेनिंग सेशन में पंत ने ओपन स्टांस लिया यानी कि वे बाएं हाथ के गेंदबाजों के खिलाफ थोड़े खुले पैरों के साथ बैटिंग करते दिखे। क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस बदलाव से उन्हें ऑफ-साइड में बड़े शॉट खेलने और बेहतर एंगल कवर करने में मदद मिलेगी। पंत चोट से वापसी कर रहे हैं। वे 11 जनवरी को भारत-न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से ठीक पहले चोटिल हो गए थे। ट्रेनिंग सेशन के दौरान थ्रोडाउनर की बॉल पंत की दाहिनी पसलियों पर लगी थी। वे इस सीरीज से बाहर हो गए थे। उन्होंने पिछला इंटरनेशनल मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में 22 से 26 नवंबर 2025 को खेला था।

# अब नेट्स शेयर नहीं कर सकेंगी आईपीएल टीमें

**एजेंसी, मुंबई।** बीसीसीआई ने आईपीएल टीमों के प्रैक्टिस सेशन को लेकर नई गाइडलाइन जारी की हैं। इसके अनुसार कोई भी टीम उस नेट या पिच पर प्रैक्टिस नहीं कर सकेगी, जिस पर दूसरी टीम पहले अभ्यास कर चुकी हो। हर टीम को अभ्यास के लिए अलग और नए नेट उपलब्ध कराए जाएंगे। अगर दो टीमें अलग-अलग समय पर अभ्यास करती हैं तो भी पहली टीम के इस्तेमाल किए नेट दूसरी टीम को नहीं दिए जाएंगे। अगर कोई टीम जल्दी अभ्यास खत्म कर देती है, इस स्थिति में भी दूसरी टीम उसकी रेंज-हिटिंग पिच का उपयोग नहीं कर पाएगी। इस बार आईपीएल की शुरुआत 28 मार्च से होगी। पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेला जाएगा। बीसीसीआई ने दो दिन पहले 11 मार्च को आईपीएल-2026 का शेड्यूल जारी किया है। (अनंत ज्ञान)

# ईरान की टीम को फुटबॉल विश्व कप खेलने नहीं आना चाहिए अमेरिका : ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान की फुटबॉल टीम को आगामी फुटबॉल विश्व कप 2026 में हिस्सा नहीं लेना चाहिए, क्योंकि इससे खिलाड़ियों के 'जीवन और सुरक्षा' को खतरा हो सकता है। ट्रंप की यह टिप्पणी उस बयान के दो दिन बाद आई है, जब उन्होंने विश्व फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो से कहा था कि ईरान की टीम का इस प्रतियोगिता में स्वागत किया जाएगा।



ट्रंप ने अपने सामाजिक मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन उनका मानना है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए उनका वहां आना उचित नहीं होगा। दरअसल 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमलों के बाद शुरू हुए युद्ध के कारण ईरान की इस वर्ष होने वाले पुरुष फुटबॉल विश्व कप में भागीदारी पर अनिश्चितता पैदा हो गई है। यह प्रतियोगिता कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित की जाएगी। विश्व फुटबॉल महासंघ के प्रमुख जियानी इन्फैन्टिनो ने इस सप्ताह बताया कि व्हाइट हाउस में ट्रंप के साथ हुई बैठक के दौरान ईरान की मौजूदा स्थिति पर भी चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने दोहराया कि ईरान की टीम का अमेरिका में होने वाली इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए स्वागत है। इन्फैन्टिनो ने पिछले दिसंबर में विश्व फुटबॉल महासंघ का शांति पुरस्कार शुरू किया था और इसका पहला सम्मान ट्रंप को दिया गया था। मध्य पूर्व में जारी युद्ध को लेकर फुटबॉल प्रशासन के प्रमुख की यह पहली सार्वजनिक टिप्पणी मानी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
'अनंत ज्ञान' की प्रति प्राप्त करने
समाचार, विज्ञापन, शुभकामना संदेश
एवं निविदा प्रकाशित करने के लिए संपर्क करें।
"अनंत ज्ञान - आपकी आवाज, आपका समाचार पत्र"
शिमला - सत्यदेव भारद्वाज, ब्यूरो चीफ, मो. 70181-60595
धर्मशाला - राजेश कुमार, जिला प्रभारी, मो. 98164-48474
सोलन - मोहन चौहान, जिला प्रभारी, मो. 94181-57519
मंडी - अनिल शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 94189-80288
हमीरपुर - विक्रम ढटवालिया, ब्यूरो चीफ, मो. 94180-03422
बिलासपुर - अरुण डोगरा, जिला प्रभारी, मो. 90159-09310
चंबा - राहुल सहगल, वरिष्ठ संवाददाता, मो. 78278-66759
ऊना - राजेश शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 98163-96500
कुल्लू एवं लाहौल/स्पीति - कमलेश वर्मा, जिला प्रभारी, मो. 86298-97600
पठानकोट - अशोक ठाकुर, विशेष संवाददाता, मो. 94184-85666
चंडीगढ़/मोहाली - गुरनाम सागर, स्टाफ रिपोर्टर, मो. 99153-26615
Head Office:- Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H. P.)- 176047
Contact: 01892-299098, 98168-75517
Email: anantgyaanmedia@gmail.com

**डेफ क्रिकेट** — प्रतियोगिता के दूसरे दिन मैदान पर पूरे रंग में नजर आया क्रिकेट का रोमांच

# क्रिकेट चैंपियनशिप में नॉर्थ और वेस्ट जोन ने जमाई धाक

**एजेंसी, इंदौर**

इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) की 7वीं वन डे नेशनल जोनल क्रिकेट चैंपियनशिप में दूसरे दिन शुक्रवार को मैदान पर रोमांच अपने पूरे रंग में नजर आया। द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को अपना बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सहयोग से आयोजित इस चैंपियनशिप में कैंपस के चार मैदानों पर दिनभर मुकाबले खेले गए, जहां खिलाड़ियों का जोश और प्रतिभा साफ झलकती रही। दूसरे दिन के मुकाबलों में नॉर्थ जोन और वेस्ट जोन की टीमों ने अपने उम्दा प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। दोनों टीमों ने शानदार जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी और मजबूत कर ली और बढ़ चले हैं अपने हुनर का दमखम दिखाने।



पहले मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ईस्ट जोन की टीम, नॉर्थ जोन की कसी हुई गेंदबाजी के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सकी और 36.4 ओवर में 128 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में नॉर्थ जोन ने तेज शुरुआत की और सिर्फ 17.3 ओवर में 4 विकेट खोकर 129 रन बना लिए। इस तरह टीम ने 6 विकेट से जीत दर्ज कर ली। इस मुकाबले में हिलाल वानी ने शानदार ऑलराउंड खेल दिखाया। उन्होंने पहले गेंदबाजी में 7 ओवर में 17 रन देकर 2 विकेट लिए और फिर बल्लेबाजी में 34 गेंदों पर नाबाद 54 रन की तेज पारी खेली, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल रहे। इसी प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दिन के दूसरे मुकाबले में सेंट्रल जोन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 31.3 ओवर में 141 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य को मात देने उतरी वेस्ट जोन की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और सिर्फ 16 ओवर में 1 विकेट खोकर मैच अपने नाम कर लिया और टीम ने यह मुकाबला 9 विकेट से जीत लिया। इस मैच में विराज कोलते ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने गेंदबाजी में 35 रन देकर 4 विकेट लिए और फिर बल्लेबाजी में 47 गेंदों पर नाबाद 75 रन* की दमदार पारी खेली, जिसमें दस चौके और तीन छक्के शामिल रहे। इस शानदार खेल के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

डेफ इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और एशियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त यह चैंपियनशिप अब और दिलचस्प होती जा रही है। कल के मुकाबलों में टीमें जीत की रफ्तार बनाए रखने और खिताब की दौड़ में आगे बढ़ने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। (अनंत ज्ञान)

# प्लेयर्स चैंपियनशिप में साहित थिगाला संयुक्त शीर्ष पर



**एजेंसी, पोंटे वेद्रा।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थिगाला प्लेयर्स चैंपियनशिप के पहले दिन पांच अंडर 67 स्कोर करके संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। थिगाला के साथ मावेरिक मैकनीली, ली हॉजेस, सेप स्ट्राका और आस्टिन स्मूदरमैन पहले स्थान पर हैं। भारतीय मूल के अन्य खिलाड़ियों में अर्नाल्ड पामेर आमंत्रण टूर्नामेंट के विजेता अक्षय भाटिया संयुक्त 30वें, सुदर्शन येल्लामाराजू और आरोन राय संयुक्त 69वें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)